सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

यह प्रतिवेदन संसद में प्रस्तुत करने के लिए डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित है।

डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित:
राघवेन्द्र सिंह, निदेशक (आई.एस)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) और मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) के कार्यचालन पर निष्पादन लेखापरीक्षा

संघ सरकार

(राजस्व विभाग – अप्रत्यक्ष कर – सीमाशुल्क)

2022 की संख्या 19

भारत के

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

का प्रतिवेदन

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) और
मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) के कार्यचालन
पर निष्पादन लेखापरीक्षा

संघ सरकार

(राजस्व विभाग - अप्रत्यक्ष कर - सीमा शुल्क)

2022 की संख्या 19

लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर दिनांक .....को प्रस्तुत किया गया

विषय सूची

क्र. सं.	विषय	पृष्ठ
1	प्राक्कथन	i
2	कार्यकारी सार	iii
3	शब्दावली	xv
4	अध्याय I : भारत में सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस और मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र: एक विहंगावलोकन	1
5	अध्याय II : लेखापरीक्षा उद्देश्य, मानदंड और कार्यप्रणाली	17
6	अध्याय III : सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस	21
7	अध्याय IV : मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र	63
8	अनुलग्नक	87

प्राक्कथन

यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रतिवेदन में 'सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) और मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) के कार्यचालन' पर निष्पादन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

इस प्रतिवेदन में उन दृष्टांतों का उल्लेख किया गया है जो अगस्त 2020 से दिसंबर 2020 की अवधि के दौरान नमूना लेखापरीक्षा करते समय ध्यान में आए थे और जिनमें अप्रैल 2015 से मार्च 2020 की अवधि के संव्यवहारों को शामिल किया गया है।

यह लेखापरीक्षा, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की गई है।

लेखापरीक्षा, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय और वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा इसकी क्षेत्रीय संरचनाओं से लेखापरीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर प्राप्त हुए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।

कार्यकारी सार

निष्पादन लेखापरीक्षा के बारे में

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) और मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) के कार्यचालन पर निष्पादन लेखापरीक्षा (क) वेयरहाउसिंग विनियम, 2016 में राजस्व के हित को हानि पहुंचाए बिना सरलीकरण एवं स्व-निकासी तंत्र में सुधार करने के लिए किए गए परिवर्तनों की प्रभावशीलता का निर्धारण करने के लिए, और सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अंतर्गत सीबीडब्ल्यू के संबंध में समय-समय पर जारी किए गए नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों आदि की पर्याप्तता का भी निर्धारण करने के लिए की गई थी; तथा (ख) यह निर्धारण करने के लिए कि क्या एफटीडब्ल्यूजेड की स्थापना और परिचालन एफटीडब्ल्यूजेड की नीति के उद्देश्यों के साथ विधिवत रूप से संरेखित है और क्या आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, निगरानी एवं समन्वय तंत्र पर्याप्त है तथा ये राजस्व हानि के जोखिम को कम करने के लिए निर्मित किए गए हैं।

सीबीडब्ल्यू आयातकों को सीमा शुल्क के तत्काल भुगतान के बिना और इस प्रकार कार्यशील पूंजी को अवरूद्ध किए बिना आयातित माल को संचयित करने में सक्षम बनाता है। नए वेयरहाउसिंग विनियम 2016 के लागू होने के बाद सीबीडब्ल्यू में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। नई उदारीकृत व्यवस्था के अंतर्गत, वेयरहाउसिंग स्टेशन की संकल्पना को हटा दिया गया है। इससे, किसी भी स्थान पर सीबीडब्ल्यू की स्थापना में मदद् मिली है, यदि लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित हो तो पब्लिक और प्राइवेट वेयरहाउस अब ज्यादा समय तक सीमा शुल्क अधिकारियों के प्रत्यक्ष नियंत्रण में न रहकर, अभिलेख आधारित नियंत्रण में अंतरित हो रहे हैं। इस निष्पादन लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, 24 आयुक्तालयों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत 219[1] वेयरहाउसों को, 1,035[2] वेयरहाउसों में से विस्तृत लेखापरीक्षा के लिए चुना गया था।

[1] पब्लिक वेयरहाउस- 55, प्राइवेट वेयरहाउस- 64 और स्पेशल वेयरहाउस-100

[2] पब्लिक वेयरहाउस- 512, प्राइवेट वेयरहाउस- 343 और स्पेशल वेयरहाउस-180

एफटीडब्ल्यूजेड सेज़ की विशेष श्रेणियां हैं जिनमें व्यापार और वेयरहाउसिंग तथा उनसे संबंधित अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। एफटीडब्ल्यूजेड नीति, विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2004-2009 के एक भाग के रूप में भारत की सामरिक भौगोलिक अवस्थिति और लागत व कौशल अंतरपणन का लाभ उठाने के लिए सेज़ अधिनियम 2005 और सेज़ नियम 2006 द्वारा शासित है। एफटीडब्ल्यूजेड का उद्देश्य मुक्त मुद्रा में व्यापार संव्यवहारों करने की स्वतंत्रता के साथ वस्तुओं और सेवाओं के आयात और निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापार से संबंधित अवसरंचना का निर्माण करना है। कुल सात एफटीडब्ल्यूजेड अधिसूचित किए गए थे और इनमें से केवल चार एफटीडब्ल्यूजेड परिचालन में हैं। इसके अलावा, एफटीडब्ल्यूजेड को पांच औपचारिक अनुमोदन और पांच को सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन प्रदान किए गए हैं। इस निष्पादन लेखापरीक्षा के अंतर्गत, सात राज्यों में फैले हुए सात एफटीडब्ल्यूजेड डेवलपर्स के एफटीडब्ल्यूजेड की 222 इकाइयों में से, एफटीडब्ल्यूजेड की 44 इकाइयों के साथ के एक प्रतिनिधि नमूने का चयन विस्तृत लेखापरीक्षा के लिए किया गया था। लेखापरीक्षा में वेयरहाउस/ एफटीडब्ल्यूजेड के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया और वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के लिए सीमा शुल्क कार्यालयों, विकास आयुक्तों के कार्यालय और निर्दिष्ट अधिकारी के पास अनुरक्षित प्रासंगिक अभिलेख की जांच की गई।

दिसंबर 2021 में जारी की गई ड्राफ्ट लेखापरीक्षा प्रतिवेदन पर राजस्व विभाग (मार्च/अप्रैल 2022) और वाणिज्य विभाग (मार्च/अप्रैल 2022) से प्राप्त प्रतिक्रियाओं पर विचार किया गया है और इस प्रतिवेदन में उचित रूप से शामिल किया गया है।

प्रतिवेदन की संरचना

इस प्रतिवेदन को चार अध्यायों में विभाजित किया गया है। अध्याय 1 सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस और मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र का एक विहंगावलोकन प्रस्तुत करता है। अध्याय 2 इस निष्पादन लेखापरीक्षा के संचालन के लिए उपयोग किए जाने वाले लेखापरीक्षा उद्देश्यों, कार्य-क्षेत्र, नमूना, लेखापरीक्षा मानदंड और लेखापरीक्षा की कार्यप्रणाली को दर्शाता है। अध्याय 3 और 4 में

क्रमशः सीबीडब्ल्यू और एफटीडब्ल्यूजेड से संबंधित लेखापरीक्षा जांच परिणाम, निष्कर्षों और सिफारिशों को शामिल किया गया हैं।

इस प्रतिवेदन में उप-पैरा सहित 49 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां और नौ सिफारिशें शामिल हैं। 41 अभ्युक्तियों के उत्तर प्राप्त हुए थे जिनमें से 26 को पूर्ण रूप से/आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है तथा 15 को स्वीकार नहीं किया गया है। आठ लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के संबंध में कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। इसी प्रकार, नौ सिफारिशों में से पांच को स्वीकार कर लिया गया था और शेष चार सिफारिशों के संबंध में उत्तर प्रतीक्षित है।

लेखापरीक्षा परिणामों का सार

अध्याय 3: सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस

वेयरहाउस के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण को भौतिक नियंत्रण से अभिलेख आधारित नियंत्रण में अन्तरित कर दिया गया हैं। नमूना सीबीडब्ल्यू के संबंध में लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि वेयरहाउस रक्षक के डिजिटल हस्ताक्षरों का उपयोग करके मासिक रिटर्न की ऑनलाइन फाइलिंग द्वारा डिजिटलीकरण अब तक प्राप्त नहीं हुआ है; अधिकांश नमूना चयनित सीबीडब्ल्यू में, अभिलेखों को निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक प्रारूपों में नहीं रखा गया था। वेयरहाउस से निकासी किए गए माल का उद्देश्य जैसे-घरेलू खपत/अन्य वेयरहाउस में जमा/निर्यात/बिक्री/नष्ट करना आदि का आकलन नहीं किया जा सकता। इसलिए, क्या लाइसेंसधारक ने शुल्क और ब्याज का सही भुगतान किया हैं, और क्या लाइसेंसधारक ने बांड और बैंक गारंटी की सही राशि जमा की, इसका विभाग द्वारा सही आकलन नहीं किया जा सकता। यदि लाइसेंसधारक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से विस्तृत अभिलेखों का रख-रखाव नहीं किया जाता है, तो मासिक रिटर्न के मिलान तथा निगरानी की प्रक्रिया एक बहुत ही कठिन कार्य होगा।

(पैरा 3.2.1)

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि विभाग पूर्ण रूप से प्रत्येक अनुबद्ध वेयरहाउस द्वारा प्रस्तुत की गई मासिक तकनीकी प्रतिवेदनों और मासिक रिटर्न पर ही निर्भर था; मासिक रिपोर्टें स्वचालित नहीं हैं। वेयरहाउस द्वारा अनुरक्षित

आईटी प्रणालियों और आईसीईएस, जो सीमा शुल्क की मुख्य आईटी प्रणाली है, के बीच डेटा के संरचित और निर्बाध प्रवाह की कमी थी। इसके अलावा, वेयरहाउसों के लिए फॉर्म ए और बी में डेटा का रख रखान आवश्यक था जो आईसीईएस के साथ एकीकृत नहीं थे। जबकि आईसीईएस में घरेलू खपत के लिए माल की एक्स-बॉन्डिंग का अंकन किया जाता है, तो अन्य संव्यवहारों जैसे कि वेयरहाउस वाले माल का फिर से निर्यात, सेज़ में स्थानांतरण और एक अनुबद्ध वेयरहाउस से दूसरे अनुबद्ध वेयरहाउस में स्थानांतरण को आईसीईएस में दर्ज नहीं किया जाता था। सेज़ को कवर करने वाली सेज़ ऑनलाइन आईटी प्रणाली को (एनएसडीएल द्वारा प्रबंधित) आईसीईएस के साथ एकीकृत नहीं किया गया था।

(पैरा 3.2.2)

प्राप्तियों के मासिक रिटर्न, भंडारण, परिचालन और वेयरहाउस से माल की निकासी (फार्म ए) के लिए निर्धारित किए गए फॉर्म में कमी थी क्योंकि निकासी के विवरण, एक्स-बांड विवरणों को दर्ज नहीं करते है।

(पैरा 3.2.3)

मासिक रिटर्न प्रस्तुत न करने/प्रस्तुत करने में विलंब से वेयरहाउस की निगरानी पर गंभीर चिंता उत्पन्न होती हैं क्योंकि वेयरहाउस पर विभाग का नियंत्रण भौतिक नियंत्रण से अभिलेख आधारित नियंत्रण में अंतरित हो गया है। विभाग को माल निकासी का विवरण, निकासी तारिख सहित निकासी उद्देश्य (घरेलू खपत/अन्य वेयरहाउस में जमा/निर्यात/बिक्री/नष्ट करना आदि), निकासी संख्या, मुल्य, शुल्क, ब्याज, शेष संख्या आदि की जानकारी नहीं होगी। वेयरहाउस में संचयित माल का विवरण, मुल्य, शुल्क तथा संख्या सहित, की जानकारी नहीं होगी। इसके अलावा, मौजूद प्रणाली अलर्ट को तत्काल सृजित नहीं करेगा यदि ट्रिपल ड्युटी बांड और बैंक गारंटी वेयरहाउस में, आयतित माल के शुल्क कवर नहीं होते हैं।

(पैरा 3.2.4)

पूर्ववर्ती सत्यापन के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया नहीं थी और विभिन्न सीमा शुल्क आयुक्तालयों द्वारा विभिन्न प्रक्रियाओं का पालन किया गया था; इसके अलावा, लाइसेंस के लिए आवेदन के भाग IV में भरा जाने वाला अपेक्षित विवरण नमूना-जांच किए गए 36 वेयरहाउसों के संबंध में पूर्ण नहीं था।

(पैरा 3.3.1 और 3.3.2)

नमूना-जांच किए गए 219 सीबीडब्ल्यू में से, 30 के लाइसेंस जारी करने में 30 दिनों की निर्धारित समय सीमा से 7 दिनों से 440 दिनों तक का विलंब हुआ। यह विलंब सरकार की "व्यापार सुगमता की नीति" को प्रभावित करता हैं।

(पैरा 3.3.4)

सामान्य बांड में सीमा शुल्क की कम कटौती/कटौती न किए जाने और लाइसेंसों में निर्धारित अनुमेय सीमाओं से अधिक माल रखने के दृष्टांत पाए गए थे। अतिरिक्त स्टॉक, बीमा कवरेज द्वारा कवर नहीं किया जाएगा और विभाग आग, दुर्घटना और अन्य आपदाओं की स्थिति में सीमा शुल्क की हानि के लिए उत्तरदायी होगा।

(पैरा 3.4.1 और 3.4.2)

14 वेयरहाउसों में मर्चेंट ओवरटाइम (एमओटी) प्रभारों का कम/अनियमित भुगतान किया गया था, और 10 वेयरहाउसों में, सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभार, लागत वसूली प्रभार के आधार पर उद्ग्रहीत करने के बजाय एमओटी आधार पर गलत तरीके से उद्ग्रहीत गए थे, जिससे ₹ 10.29 करोड़ के सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की कम वसूली हुई थी।

(पैरा 3.4.3 और 3.4.4)

129 वेयरहाउसों में, लाइसेंसधारक बोर्ड के उस विनियम का पालन करने में विफल रहे, जिसमें संचयित किए जाने के लिए प्रस्तावित शुल्क देय माल पर, लगाए गए शुल्क की राशि के बराबर राशि के लिए पूर्ण जोखिम बीमा पॉलिसी निर्धारित की गई है; इससे वेयरहाउस में किसी भी आपदा की स्थिति में वेयरहाउस के माल पर सीमा शुल्क की हानि होने का जोखिम होता है। 129 मामलों में से, 56 मामलों में बीमा कवर एक समय या एक अवधि के लिए ₹ 1,015.71 करोड़ कम था। 73 वेयरहाउस लाइसेंस मामलों मे, ऐसा सांख्यिक नहीं किया जा सका क्योंकि संचयन के लिए प्रस्तावित माल पर शुल्क के अभिलेख (लाइसेंस के अनुसार) उपलब्ध नहीं थें।

(पैरा 3.5.3)

विभाग द्वारा वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के दौरान सीबीडब्ल्यू की नियमित लेखापरीक्षा और निरीक्षण नहीं किया गया था।

(पैरा 3.5.8)

अध्याय 4: मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड)

एफटीडब्ल्यूजेड विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2004-2009 के रूप में शुरू की गई, सेज़ की एक विशेष श्रेणी है। 14 वर्ष बाद भी, मार्च 2020 तक केवल सात एफटीडब्ल्यूजेड को ही अधिसूचित किया गया है। सात अधिसूचित एफटीडब्ल्यूजेड में से केवल चार ही परिचालन में हैं। यह देखा गया कि सेज़ अधिनियम, 2005 और सेज़ नियमावली, 2006 में एफटीडब्ल्यूजेड के संबंध में कोई अलग दिशा-निर्देश/नीतियां या कोई विशिष्ट नियम निहित नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, विभाग ने यह निर्धारित करने के लिए इस योजना का कोई मूल्यांकन/समीक्षा नहीं की है कि क्यों पर्याप्त प्राइवेट कंपनियां इस योजना में रुचि नहीं दिखा रही हैं, और तदनुसार, यदि आवश्यक हो, तो डेवलपर्स को आकर्षित करके अधिक एफटीडब्ल्यूजेड स्थापित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत परिवर्तन क्यों नहीं किए गए है।

(पैरा 4.2 और 4.3)

सरकार ने जुलाई 2010 में अनुदेश जारी किए थे, जिसमें एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों को घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों की ओर से माल रखने की अनुमति दी गई थी। तथापि, सेज़ नियमावली, 2006 में कोई संशोधन नहीं किया गया था जिसमें अभी भी यह निर्धारित किया गया है कि एक एफटीडब्ल्यूजेड इकाई केवल एक विदेशी आपूर्तिकर्ता से संबंधित माल ही रख सकती है।

(पैरा 4.5)

लेखापरीक्षा ने गलत टैरिफ मूल्य अपनाने के कारण घरेलू निकासी पर शुल्क के कम उद्ग्रहण; अन्य बर्हिगमन (जैसे रॉयल्टी भुगतान, कारबार सहायता शुल्क, तकनीकी सेवा शुल्क और विदेशी यात्रा व्यय) पर विचार न करने के कारण एनएफई की गलत गणना; शुल्क वापसी की अनियमित मंजूरी के दृष्टांत जहां

एफटीडब्ल्यूजेड इकाई के विदेशी मुद्रा खाते से भुगतान नहीं किया गया था, के दृष्टांतो को देखा गया।

(पैरा 4.6, 4.8 और 4.9)

निर्यात/निवेश/रोजगार/एनएफई के अनुमानित लक्ष्यों की वास्तविक उपलब्धियों से तुलना करने पर डेवलेपर्स और इकाइयों के प्रदर्शन में कमी देखी गई। विभाग को एफटीडब्ल्यूजेड के प्रदर्शन की निगरानी के भाग के रूप में ऐसी कमियों के कारणों का विश्लेषण करने और इसमें सुधार करने के लिए संभावित कदम उठाने की आवश्यकता है।

(पैरा 4.10)

सेज़ नियमावली, 2006 के नियम 79 में सेज़ और सेज़ में इकाइयों में सभी प्राधिकृत परिचालनों और संबंधित संव्यवहारों की सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा लेखापरीक्षा किए जाने का प्रावधान किया गया है। अहमदाबाद, बंगलुरू, हैदराबाद और मुम्बई में स्थित डीसी कार्यालयों द्वारा ऐसी कोई लेखापरीक्षा नहीं की गई थी।

(पैरा 4.11)

एपीआर की समीक्षा करने पर एपीआर फाइल करने में विफलता, एपीआर प्रस्तुत करने में विलंब, अप्रमाणित एपीआर की स्वीकृति और विभिन्न एनएफई को दर्शाते हुए संशोधित एपीआर प्रस्तुत करने के दृष्टांतों का पता चला, हालांकि संशोधित एपीआर फाइल करने के लिए मौजूदा नियम में कोई प्रावधान नहीं है।

(पैरा 4.12)

सिफारिशें

सिफारिश 1: वेयरहाउसिंग विनियमन, 2016 के अंतर्गत प्रत्यक्ष नियंत्रण से अभिलेख आधारित आईटी नियंत्रण में अंतरण होने के बाद विभाग को एक समयबद्ध कार्य योजना की आवश्यकता है कि

क) आईसीईएस के साथ-साथ सेज़ ऑनलाइन के साथ वेयरहाउस डेटा के एकीकरण/मिलान और डिजिटलीकरण के लिए एक आईटी कार्यनीति तैयार करें।

ख) एक उपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप निर्दिष्ट करें जिसमें वेयरहाउस से मासिक रिटर्न अनिवार्य रूप से डिजिटल रूप में प्रस्तुत (मैनुअली रिपोर्ट तैयार करना पूर्ण रूप से छोड़ दे) और आईसीईएस के साथ एकीकृत किया जाए तथा निगरानी एवं नियंत्रण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से इस तरह के एकीकृत डेटा का विश्लेषण करे।

ग) विस्तृत सत्यापन और लेखापरीक्षा के लिए जोखिम आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, वेयरहाउसों की पहचान करने के लिए वेयरहाउसों द्वारा प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक डेटा की विश्लेषणात्मक समीक्षा करे।

इस प्रकार के एक व्यवस्थित दृष्टिकोण के अभाव में, वेयरहाउस के प्रत्यक्ष नियंत्रण से अभिलेख आधारित नियंत्रण में अंतरण के परिणामस्वरूप नियंत्रण का अभाव होता है, जिससे उदारीकृत विनियमों के दुरुपयोग और दुष्प्रयोग की संभावना रह जाती है।

(पैरा 3.2.2)

मंत्रालय ने सिफारिशों (मार्च 2022) को स्वीकार करते हुए कहा है कि सिफारिशें सर्वांगी सुधार के लिए हैं और इससे अधिक प्रभावी और आईटी संचालित अभिलेख आधारित नियंत्रण होगा। इन सिफारिशों को कार्यान्वयन के लिए महानिदेशक (सिस्टम्स) द्वारा आगे जांचा जाएगा। इसके अलावा, धारा 65 के अंतर्गत वेयरहाउस में विनिर्माण और अन्य परिचालनों को कार्यान्वित करने हेतु अनुमति प्राप्त लाइसेंसधारकों द्वारा वेयरहाउस के माल के संबंध में अभिलेखों के रखरखाव के लिए महानिदेशक (सिस्टम्स) पहले से ही आइसगेट और आईसीईएस पर एक मॉड्यूल विकसित करने पर कार्य कर रहे हैं। मॉड्यूल में इलेक्ट्रॉनिक मासिक रिटर्न का सृजन भी आरंभ किया गया है।

सिफारिश 2: मासिक रिटर्न (फॉर्म ए) को एक्स-बांड बीई/शिपिंग बिल के विवरण के साथ-साथ माल निकासी के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने की तारीख को दर्ज करने के लिए उपयुक्त रूप से संशोधित किया जाना चाहिए।

(पैरा 3.2.1)

मंत्रालय ने सिफारिश स्वीकार कर ली है और उत्तर (मार्च 2022) दिया है कि परिपत्र संख्या 25/2016-सीमा शुल्क दिनांक 08 जून 2016 के फॉर्म ए में एक उपयुक्त संशोधन की जांच की जा रही है।

सिफारिश 3: आईसीईएस में बॉन्ड मॉड्यूल को सभी प्रकार के वेयरहाउस संव्यवहारों जैसे बॉन्ड टू बॉन्ड क्लीयरेंस, सेज़ इकाइयों को निकासी आदि को दर्ज करने के लिए संशोधित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बांडों और बैंक गारंटी के विस्तार को ऑनलाइन फाइल करने तथा बांड और बैंक गारंटी की सीमा समाप्त होने पर अलर्ट होना चाहिए। प्रणाली समय सीमा समाप्त माल का आयु-वार विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए।

(पैरा 3.2.4)

मंत्रालय ने अपने उत्तर में कहा है कि आईसीईएस आयातित और निर्यातित माल के प्रसंस्करण के लिए एक संव्यवहार संबंधी डेटाबेस है। घरेलू क्षेत्र में कार्गो की आवाजाही आईसीईएस संव्यवहार मंच का हिस्सा नहीं है। जहां तक सेज़ इकाइयों को शामिल करने का संबंध है, इसके कार्यान्वयन की घोषणा बजट 2022 में की गई है और इसे शीघ्र ही आरंभ कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सीमा शुल्क नीति विंग द्वारा सीमा शुल्क बांडों और बैंक गारंटी के इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तुतीकरण के कार्यान्वयन के लिए उपायों की सक्रिय रूप से जांच की जा रही है। यह पहल व्यापार करने में सुगमता के परिवेश को बढ़ावा देने और कागज के उपयोग को कम करने के लिए है। आरंभिक समय में, इस पहल के कार्यान्वयन से सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 18 के अंतर्गत अनंतिम निर्धारण, शुल्क की रियायती दरों के अंतर्गत आयात, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 59 के अनुसार माल की वेयरहाउसिंग, सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 65 के अनुसार प्राइवेट वेयरहाउस और स्पेशल वेयरहाउस में विनिर्माण और अन्य परिचालन, निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं आदि के अंतर्गत किए गए आयात सहित विभिन्न परिदृश्यों को समाहित किया जाएगा।

सिफारिश 4: विभाग को आईटी प्रणाली विकसित करने के लिए एक समयबद्ध कार्य योजना की आवश्यकता है, जिसके द्वारा वेयरहाउस लाइसेंस, पूर्ववर्ती सत्यापन, लाइसेंस के समर्पण आदि आवेदनो के पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रभावी और समयबद्ध तरीके से की जाती है। समान व सुसंगत प्रक्रियों का पालन अनुचित कमियों और विलंब को कम करने के लिए किया जाता है।

(पैरा 3.3)

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में कहा है कि लेखापरीक्षा की सिफारिशों की जांच की जा रही है और क्षेत्रीय संरचनाओं से टिप्पणियां प्राप्त करने के बाद उत्तर प्रदान किया जाएगा।

सिफारिश 5: विभाग को दिवालिया प्रमाण पत्र, बैंक गारंटी और जोखिम बीमा नीति के नवीनीकरण तखा आई टी प्रणाली/मॉड्युल पर नजर रखने व निगरानी के लिए एक समयबद्ध तरीके से एक आई टी प्रणाली विकसित करना चाहिए। यह प्रणाली नियमों में निर्धारित बीमा के अंतर्गत 100 प्रतिशत शुल्क कवरेज पर नजर रखने तथा निगरानी करना चाहिए।

(पैरा 3.5.3)

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में कहा है कि सिफारिश को नोट कर लिया है और लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रकाशित हो जाने के बाद, प्रतिवेदन को सम्यक सतर्कता बरतने के लिए सभी क्षेत्रीय संरचनाओं को परिचालित कर दिया जाएगा।

सिफारिश 6: मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी लेखापरीक्षा के लिए दिशानिर्देशों/एसओपी सहित, सीबीडब्ल्यु की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण के लिए एक तंत्र तुरंत लागू कर दिया जाए।

(पैरा 3.5.8)

सिफारिश 7: विभाग को महानिदेशक सिस्टम्स द्वारा अनुरक्षित और प्रबंधित सीमा शुल्क पोर्टल आइसगेट/आईसीईएस के साथ सेज़ ऑनलाइन आईटी प्रणाली के एकीकरण की संभावना पर विचार करने की आवश्यकता है।

(पैरा 4.7)

वाणिज्य विभाग ने कहा (जनवरी 2022) कि वास्तविक समय में डेटा को साझा करने और सेज़ सीमा शुल्क को इनपुट प्रदान करने के लिए ईडीटी आरएमएस

के उपयोग के लिए आइसगेट के साथ सेज़ ऑनलाइन सिस्टम का एकीकरण चल रहा है और इस संबंध में महानिदेशक सिस्टम्स, सीबीआईसी से आवश्यक सहायता का अनुरोध किया गया है।

सिफारिश 8: मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सेज के नियम 79 के अनुसार, सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा सेज इकाईयों की आंतरिक लेखापरीक्षा सभी सेज में आयोजित की जाए।

(पैरा 4.11)

सिफारिश 9: विभाग को इकाइयों के संबंध में वार्षिक निष्पादन प्रतिवेदनों और डेवलपर्स के संबंध में एचपीआर/क्यूपीआर के 100 प्रतिशत डिजिटल प्रस्तुतीकरण को लागू करने और किसी भी मैन्युअल रूप से प्रस्तुति की अनुमति नहीं देने की आवश्यकता है। इससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा और प्रभावी निगरानी विकसित होगी।

(पैरा 4.12)

****

शब्दावली

संकेताक्षर	विस्तृत रूप
ए एंड जी	विमानपत्तन और सामान्य
एसीसी	एयर कार्गो काम्प्लेक्स
एडीजी	अपर महानिदेशक
एपी एंड एसीसी	विमानपत्तन और एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स
एपीआर	वार्षिक निष्पादन प्रतिवेदन
एआर	लेखापरीक्षा प्रतिवेदन
बीजी	बैंक गारंटी
बीएलयूटी	बांड-सह-कानूनी शपथ-पत्र
बीओए	अनुमोदन बोर्ड
बीई	प्रविष्टि बिल
सीए	सनदी लेखाकार
सीएजीआर	चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर
सीबीआईसी	केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड
सीबीडब्ल्यू	सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस
सीसीओ	मुख्य आयुक्तालय कार्यालय
सीएफएस	कंटेनर फ्रेट स्टेशन
सीएचए	कस्टम हाउस एजेंट
सीआईएफ	लागत, बीमा और भाड़ा
सीआरसी	लागत वसूली प्रभार
सीएसआईए	छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन
डीए	महंगाई भत्ता
डीसी	विकास आयुक्त
डीसी/ एसी	उपायुक्त/सहायक आयुक्त
डीएफएस	शुल्क मुक्त दुकान
डीजी	महानिदेशक
डीजीसीईआई	केंद्रीय उत्पाद शुल्क आसूचना महानिदेशालय
डीजीसीआईएस	वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय
डीजीएफटी	महानिदेशक विदेश व्यापार
डीजीजीएसटीआई	माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय

संकेताक्षर	विस्तृत रूप
डीओसी	वाणिज्य विभाग
डीओआर	राजस्व विभाग
डीआरआई	राजस्व आसूचना निदेशालय
डीटीए	घरेलू टैरिफ क्षेत्र
ईडीआई	इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज
ईडीपीएमएस	निर्यात डेटा संसाधन और निगरानी प्रणाली
ईएचटीपी	इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क
ईओयू	निर्यातोन्मुख इकाईयां
एक्जिम	निर्यात-आयात
एफओबी	पोत पर्यत नि:शुल्क
फोरेक्स	विदेशी मुद्रा
एफएसएसएआई	भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
एफटीपी	विदेश व्यापार नीति
एफटीडब्ल्यूज़ेड	मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र
वि.व.	वित्तीय वर्ष
जीडीपी	सकल घरेलू उत्पाद
जीओआई	भारत सरकार
एचबीपी	क्रियाविधि पुस्तिका
एचपीआर	छमाही निष्पादन प्रतिवेदन
एचआरए	मकान किराया भत्ता
आईसीडी	इनलैंड कंटेनर डिपो
आइसगेट	भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक गेटवे
आईसीईएस	भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डाटा विनिमय प्रणाली
आईडीपीएमएस	आयात डेटा संसाधन और निगरानी प्रणाली
आईजीएसटी	एकीकृत माल और सेवाकर
आईएनआर	भारतीय रुपये
आईटी	सूचना प्रौद्योगिकी
जेएनसीएच	जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस
केएसेज़	कांडला विशेष आर्थिक क्षेत्र

संकेताक्षर	विस्तृत रूप
एलईएडीएस	लोजिस्टिक्स ईज एक्रोस डिफरेंट स्टेट्स
एलओपी	अनुमति पत्र
एलपीआई	रसद निष्पादन सूचकांक
एमईआईएस	मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडिया स्कीम
एमआईएस	प्रबंधन सूचना प्रणालियाँ
एमओसीआई	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
एमओएफ	वित्त मंत्रालय
एमओटी	मर्चेंट ओवरटाइम
एमओयू	समझौता ज्ञापन
एमटीआर	मासिक तकनीकी प्रतिवेदन
एनसीएच	न्यू कस्टम्स हाउस
एनएफई	निवल विदेशी मुद्रा
एनएसडीएल	नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड
एनएसडब्ल्यूएस	राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली
एनटी	गैर-टैरिफ
पीए	निष्पादन लेखापरीक्षा
पीसीसी	प्रधान आयुक्त सीमा शुल्क
क्यूपीआर	त्रैमासिक निष्पादन प्रतिवेदन
आरबीआई	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरएमएस	जोखिम प्रबंधन प्रणाली
आरडब्ल्यूसी	पुन: वेयरहाउसिंग प्रमाण पत्र
एसबी	लदान बिल
एससीएन	कारण बताओ नोटिस
सेज़	विशेष आर्थिक क्षेत्र
एसओ	विशिष्ट अधिकारी
एसटीपीआई	भारत का सॉफ्टवेयर प्रोद्योगिकी पार्क
टीओआर	विचारार्थ विषय
टीआर	माल का अस्थायी रूप से हटाना
यूएसी	यूनिट अनुमोदन समिति
यूएस	संयुक्त राज्य

संकेताक्षर	विस्तृत रूप
यूएसडी	अमेरिकी डॉलर
वीसेज़	विशाखापट्टनम विशेष आर्थिक क्षेत्र

अध्याय 1

भारत में सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) और मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड): एक विहंगावलोकन

1.1 वेयरहाउसिंग

वेयरहाउसिंग मुख्य रूप से माल के संचयन, जिसे इन्बाउन्ड या आउटबाउन्ड परिवहन किया जाना है, को संदर्भित करता है, और जो तेजी से बढ़ते लॉजिस्टिक्स उद्योग के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक्स मूल्य श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण घटक है और परिवहन के विभिन्न चरणों के दौरान माल और वाणिज्य वस्तुओं के उत्कृष्ट संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ दशकों पहले तक, वेयरहाउस केवल 'अधिग्रहीत' क्षेत्र थे, जो अपर्याप्त रोशनी या वेंटिलेशन सुविधाओं वाली गंदी या पुरानी इमारतों में थे। तब से, भारत में एक क्षेत्र के रूप में वेयरहाउसिंग कई गुना विकसित हुआ है, जिसमें निम्न-श्रेणी के वेयरहाउस को पूर्व-इंजीनियरर्ड संरचनाओं से प्रतिस्थापित किया जा रहा है जो इंसुलेटेड, वेंटीलेटड और जलवायु-नियंत्रित होने के साथ चौबीसों घंटे निगरानी तथा मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं के साथ है और यह खंड न केवल माल के लिए अभिरक्षा प्रदान करने में विकसित हुआ है, बल्कि छंटाई, पैकिंग, सम्मिक्षण और प्रसंस्करण जैसी मूल्य वर्धित सेवाओं को प्रदान करने में भी विकसित हुआ है।

भारत का आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है, जिसमें 215 बिलियन[3] अमरीकी डालर का लॉजिस्टिक्स उद्योग है और जो 10.7 *प्रतिशत* के सीएजीआर से बढ़ रहा है। पिछले पांच वर्षों में इसे लगभग 3.4 बिलियन अमरीकी डालर की संस्थागत पूंजी प्राप्त हुई है। रियल एस्टेट में कुल निजी इक्विटी निवेश में से लगभग 26 *प्रतिशत* निवेश वेयरहाउसिंग क्षेत्र में है।

1.2 वेयरहाउस के प्रकार:

वेयरहाउस को, प्ररूप (सामान्य, विशिष्टता, प्रशीतित); स्वामित्व (पब्लिक, प्राइवेट, अनुबद्ध); क्षेत्र (औद्योगिक बनाम कृषि); उपयोग पद्धति (एकल बनाम सह-वेयरहाउसिंग); अवसरंचना (एक मंजिला बनाम बहुमंजिला) या अंतिम उपयोगकर्ता

[3] इंडिया एक्सपो 2020

उद्योग (ऑटोमोटिव, खाद्य और पेय, रासायनिक, उपभोक्ता वस्तुएं और रिटेल, कपड़ा, औषधि, अन्य) के अनुसार वर्गीकृत किया जा सकता है। वेयरहाउस को व्यापक तौर पर पब्लिक-प्राइवेट, अनुबद्ध, सरकारी और सहकारी वेयरहाउस में भी वर्गीकृत किया जा सकता है। 'ग्रेड ए' वेयरहाउस को सामान्यत: उनकी उत्कृष्ट निर्माण गुणवत्ता, स्थान, क्षेत्र, सुविधाओं और ग्राहकों के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

1.2.1 सीमा शुल्क परिप्रेक्ष्य से वेयरहाउसिंग क्षेत्र

1.2.1.1 सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस के प्रकार

पब्लिक वेयरहाउस

- सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 57 के अनुसार प्रधान आयुक्त या आयुक्त सीमा शुल्क द्वारा प्रदान किया गया लाइसेंस, जिसमें शुल्क योग्य माल जमा किया जा सकता है।

प्राइवेट वेयरहाउस

- सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 58 के अनुसार प्रधान आयुक्त या आयुक्त सीमा शुल्क द्वारा प्रदान किया गया लाइसेंस जिसमें लाइसेंसधारक द्वारा या उसकी ओर से आयातित शुल्क योग्य माल जमा किया जा सकता है।

स्पेशल वेयरहाउस

- अधिनियम की धारा 58 ए के अनुसार, प्रधान आयुक्त सीमा शुल्क या आयुक्त सीमा शुल्क स्पेशल वेयरहाउस के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन लाइसेंस प्रदान कर सकते हैं।

1.2.1.2 इनलैंड कंटेनर डिपो और कंटेनर फ्रेट स्टेशन

इनलैंड कंटेनर डिपो

- इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), गेटवे पोर्ट से आयातित और निर्यातित माल की निकासी के लिइ आंतरिक प्रदेश में स्थित सीमा शुल्क स्टेशन है। इनलैंड कंटेनर डिपो को कभी-कभी ड्राई पोर्ट भी कहा जाता हैं।

कंटेनर फ्रेट स्टेशन

- कंटेनर फ्रेट स्टेशन(सीएफएस) एक सीमा शुल्क क्षेत्र जो समीप में स्थित गेटवे पोर्ट से जोडा जाता है ताकि कार्गो को स्थानांतरित करके और पोर्ट से दूर सीमा शुल्क निकासी गतिविधियों को पूरा करके पोर्ट पर भीड-भाड को कम किया जा सके।

1.2.1.3 मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड)

एफटीडब्ल्यूजेड

- मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग क्षेत्र विशेष आर्थिक क्षेत्र की विशेष श्रेणियां हैं जिनमें व्यापार और वेयरहाउसिंग तथा उनसे संबंधित अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

इससे पहले, आईसीडी और सीएफएस के कार्यचालन पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा (पीए) को नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वर्ष 2018 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या 16 में प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान, वित्त मंत्रालय (एमओएफ) के अंतर्गत केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), राजस्व विभाग (डीओआर) द्वारा प्रशासित सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) के साथ-साथ वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (एमओसीआई) द्वारा प्रशासित मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) के कार्यचालन को वेयरहाउसिंग क्षेत्र के कार्यचालन के व्यापक कवरेज के लिए लेखापरीक्षा संवीक्षा हेतु लिया गया था।

1.3 सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) आयातकों को सीमा शुल्क के तत्काल भुगतान के बिना और इस प्रकार कार्यशील पूंजी के अवरोध के बिना आयातित माल को संचरित करने में सक्षम बनाता है। भारत में, एक आयातक जो माल को वेयरहाउस में रखना चाहता है, वह एक 'इन्टू-बॉन्ड' बिल ऑफ एंट्री फाइल करता है, जिसका आयात पोर्ट पर सीमा शुल्क के लिए निर्धारण किया जाता है। आयातक को सीमा शुल्क के जोखिम को सुरक्षित करने के लिए एक बांड प्रस्तुत करना पड़ता है; बांड प्रस्तुत होने पर, आयात पत्तन पर तैनात निर्धारण अधिकारी माल को सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस में शुल्क के भुगतान के बिना जमा करने की अनुमति देता है, जिसकी सीमा शुल्क अधिनियम,1962 के तहत अनुमति है। सीमा शुल्क अधिनियम और वेयरहाउसिंग विनियमों में पब्लिक, प्राइवेट और स्पेशल वेयरहाउस के लाइसेंस प्रदान करने का प्रावधान है जिसमें आयातकों द्वारा शुल्क योग्य माल को जमा किया जा सकता है।

नए वेयरहाउसिंग विनियमन 2016 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 59 और 61, जिसे वर्ष 2016 में संशोधित किया गया था, में भी वेयरहाउसिंग बांड के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया और उस समय-अवधि को निर्धारित किया गया है जब तक माल वेयरहाउस में ब्याज देयता के साथ या बिना ब्याज देयता के साथ रखा जा सकता है। अधिनियम उन प्रक्रियाओं और शर्तों को भी निर्धारित करता है जिनके तहत वेयरहाउस में रखे गए किसी माल का मालिक वेयरहाउस में ऐसे माल से संबंधित किसी भी विनिर्माण प्रक्रिया या अन्य परिचालन को चालू कर सकता

है। वेयरहाउसिंग के सांविधिक प्रावधान सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 57 से 73क में निर्दिष्ट हैं।

भारत में सीमा शुल्क वेयरहाउसिंग से संबंधित कानून को 14 मई 2016 से काफी उदार बना दिया गया है। महत्वपूर्ण परिवर्तनों को नीचे संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है:

- वेयरहाउसिंग स्टेशन की अवधारणा को हटा दिया गया है। इसका अर्थ यह है कि सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस को लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किए जाने पर किसी भी स्थान पर स्थापित किया जा सकता है।
- सहायक /उप आयुक्त के स्थान पर आयुक्त को उस अधिकारी के रूप में नामित किया गया है जो सभी प्रकार के वेयरहाउस लाइसेंस जारी करेगा।
- वेयरहाउस के अभिगमन के लिए सीमा शुल्क अधिकारी के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण की आवश्यकता को अधिकांश वस्तुओं के लिए हटा दिया गया है। यह जिम्मेदारी वेयरहाउस रक्षक और आयातक को हस्तांतरित कर दी गई है। केवल कुछ संवेदनशील माल, यथा अधिसूचित वेयरहाउस की एक अलग श्रेणी में प्रत्यक्ष सीमा शुल्क पर्यवेक्षण के अंतर्गत होगा। (स्पेशल वेयरहाउस (माल की अभिरक्षा और रख-रखाव) विनियमन 2016)।
- वेयरहाउसिंग बांड की राशि में वृद्धि की गई है, और नकद प्रतिभूति को एक सांविधिक आवश्यकता बना दिया गया है। (सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 59)।
- वेयरहाउसिंग की अवधि ईओयू पर लागू नहीं होगी। वे शुल्क या शुल्क पर ब्याज के भुगतान के बिना आयातित माल रख सकते हैं, जब तक कि इन्हें विनिर्माण में उपयोग के लिए जारी नहीं किया जाता है।
- आयुक्त/प्रधान आयुक्त, सीमा शुल्क द्वारा एक बार में एक वर्ष के लिए वेयरहाउसिंग अवधि का विस्तार दिया जा सकता है। (सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 61)।
- माल के वेयरहाउस, अंतर-वेयरहाउस और वेयरहाउस से निर्यात के लिए आवाजाही सीमा शुल्क वन-टाइम लॉक के तहत होगी। (वेयरहाउस (माल

की अभिरक्षा और रख-रखाव) विनियमन 2016 और वेयरहाउस्ड माल (निकासी) विनियमन 2016)।

- सीमा शुल्क विभाग का वेयरहाउस रक्षक को दिये जाने वाले किराए और अन्य बकाया राशि से कोई संबंध नहीं होगा।
- पहले की स्थिति जहां लाइसेंस और विनिर्माण अनुमतियां अलग-अलग जारी की जाती थीं, उसकी तुलना में अब लाइसेंस और विनिर्माण अनुमति दोनों के लिए एक एकल एकीकृत आवेदन प्रपत्र दिनांक 01 अक्टूबर 2019 के परिपत्र संख्या 34/2019 के तहत निर्धारित किया गया है, जिसे वेयरहाउस में विनिर्माण या अन्य परिचालन (संख्या 2) विनियमन 2019 के साथ जारी किया गया है।

1.3.1 सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस की वृद्धि:

नए वेयरहाउसिंग विनियमन 2016 के लागू होने के बाद इसमें अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मार्च 2020 तक 1,035 वेयरहाउस थे (पब्लिक -512, प्राइवेट -343 और स्पेशल -180), जबकि मई 2016 तक पब्लिक, प्राइवेट और स्पेशल वेयरहाउस की कुल संख्या केवल 88 थी।

चार्ट 1: सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस की वृद्धि



वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के लिए सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस में संव्यवहार के कुल आंकडों को नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 1.1: सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस में संव्यवहार के आंकडें

(₹करोड़ में)

वर्ष	इन्टू बांड बीई की कुल संख्या	इन्टू बांड निर्धारणीय मूल्य	इन्टू बांड निर्धारित शुल्क	एक्स-बांड बीई की कुल संख्या	एक्स-बांड निर्धारणीय मूल्य	एक्स बांड निर्धारित शुल्क
2015-16	2,66,920	3,10,000.80	30,749.31	2,75,705	2,36,018.42	15,983.83
2016-17	1,83,222	3,13,050.81	34,016.04	3,97,249	2,70,742.08	17,618.97
2017-18	1,17,632	3,68,732.15	45,251.28	4,05,014	3,46,929.46	24,577.37
2018-19	1,16,871	3,42,263.19	61,732.81	3,70,892	3,25,398.81	31,437.18
2019-20	1,13,205	2,98,136.12	58,879.28	3,72,254	2,78,098.99	26,342.12

स्रोत: महानिदेशक सिस्टम्स एवं डेटा प्रबंधन, सीबीआईसी

वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के लिए सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस में संव्यवहारों पर अखिल भारतीय मुख्य आयुक्तालय वार आंकडों को ***अनुलग्नक 1.1*** में दिया गया है।

1.3.2 सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउसिंग प्रक्रिया

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस का कार्यचालन एक त्रि-स्तरीय प्रशासनिक संरचना - लाइसेंस जारी करने वाला प्राधिकारी; सीमा शुल्क स्टेशन पर उचित अधिकारी; और वेयरहाउस का बांड अधिकारी द्वारा शासित होता है।

लाइसेंस जारी करने वाला प्राधिकारी: - प्रधान आयुक्त, सीमा शुल्क या आयुक्त, सीमा शुल्क लाइसेंस जारी करने वाला प्राधिकारी होता है और आवेदक से आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर लाइसेंस जारी करता है। वह प्राइवेट वेयरहाउस में विनिर्माण और अन्य परिचालनों को करने के लिए अनुमति प्रदान

करने वाले प्राधिकारी भी होता है। वह पर्याप्त कारण दिए जाने पर उस अवधि का विस्तार कर सकता है जिसके लिए माल वेयरहाउस में रखा जा सकता है।

उचित अधिकारी: - सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के उपायुक्त/सहायक आयुक्त को अधिनियम की धारा 59, 60, 61, 67, 72 और 73 से संबंधित कार्यों के लिए उचित अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है, और सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के अधीक्षक या मूल्यांकनकर्ता को अधिनियम की धारा 64, 68 और धारा 69 से संबंधित कार्यों के लिए उचित अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है।

बांड अधिकारी: बांड अधिकारी, वेयरहाउस का एक प्रभारी सीमा शुल्क अधिकारी होता है। बांड अधिकारी द्वारा दी गई अनुमति के बाद एक वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस में माल का स्थानांतरण, घरेलू खपत और निर्यात के लिए माल को हटाया जाता है। बांड अधिकारी वेयरहाउस में रखे गए माल के संबंध में अनुरक्षित अभिलेखों के निरीक्षण और मासिक रिटर्न की प्राप्ति/जांच करने के लिए भी उत्तरदायी है।

1.3.3 सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस के लाभ

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:

- शुल्क तब तक नहीं वसूला जाता है जब तक कि माल उपभोग के लिए वापस नहीं ले लिया जाता है। इसलिए, एक आयातक के पास अपने धन के उपयोग पर तब तक नियंत्रण होता है जब तक कि माल की निकासी पर शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है।
- यदि आयातित वस्तुओं के लिए कोई घरेलू खरीदार नहीं मिलता है, तो आयातक निर्यात के लिए माल बेच सकता है, जिससे वह शुल्क का भुगतान करने के दायित्व से मुक्त हो जाता है।
- परिचालित वस्तुओं के बकाया शुल्क को अनुबद्ध वेयरहाउस से निकासी के समय निर्धारित किया जाता है।

1.3.4 माल के वेयरहाउसिंग के लिए मापदंड

- पब्लिक, प्राइवेट और स्पेशल सीमा शुल्क वेयरहाउसों में केवल शुल्क योग्य माल को ही रखा जा सकता है। पब्लिक, प्राइवेट और स्पेशल वेयरहाउस में, माल उस तिथि से एक वर्ष की समाप्ति तक रखा जा सकता है जिस पर उपयुक्त अधिकारी ने माल को सीमा शुल्क स्टेशन से हटाकर वेयरहाउस में रखने की अनुमति देने का आदेश दिया है।
- आयातक को उस माल पर, जिसके संबंध में वेयरहाउसिंग के लिए प्रविष्टि बिल प्रस्तुत किया गया है, निर्धारित किए गए शुल्क की राशि के तीन गुना के बराबर राशि के लिए एक बांड प्रस्तुत करना होता है।
- ब्याज तब देय होगा जब माल उस तिथि से नब्बे दिनों की अवधि से अधिक वेयरहाउस में रहता है, जब माल को सीमा शुल्क स्टेशन से हटाकर वेयरहाउस में जमा करने की अनुमति देने का आदेश दिया गया था।
- आयात शुल्क का भुगतान तब किया जाना चाहिए जब वेयरहाउस में रखे गए माल को घरेलू खपत के लिए निकासी दे दी हो।
- वेयरहाउस में रखे गए किसी भी माल को आयात शुल्क के भुगतान के बिना भारत के बाहर किसी भी स्थान पर निर्यात किया जा सकता है, , यदि लदान बिल / निर्यात बिल प्रस्तुत किया हो और निर्यात शुल्क, जुर्माना और शास्ति, यदि कोई हो, का भुगतान कर दिया हो।
- यदि वेयरहाउस में रखे गए माल को धारा 71 का उल्लंघन करते हुए निकाला जाता है या वेयरहाउसिंग अवधि की समाप्ति पर घरेलू खपत या निर्यात के लिए नहीं निकाला जाता है या उचित अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार माल का विधिवत लेखा नहीं रखा जाता है, तो उपयुक्त अधिकारी ब्याज, जुर्माना और शास्ति के साथ-साथ प्रभार्य शुल्क की संपूर्ण राशि की मांग कर सकता है और माल के मालिक को उसका भुगतान करना पड़ेगा।

1.4 मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड)

मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) विशेष आर्थिक क्षेत्र की विशेष श्रेणियां हैं जिनमें व्यापार और वेयरहाउसिंग और उनसे संबंधित अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। एफटीडब्ल्यूजेड नीति विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2004-2009 के एक भाग के रूप में भारत की सामरिक भौगोलिक

स्थिति और लागत व कौसल अंतरपणन का लाभ उठाने के लिए सेज़ अधिनियम 2005 और सेज़ नियम 2006 द्वारा शासित है।

एफटीडब्ल्यूजेड का उद्देश्य मुक्त मुद्रा में व्यापार संव्यवहार करने की स्वतंत्रता के साथ वस्तुओं और सेवाओं के आयात और निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापार से संबंधित अवसरंचना का निर्माण करना है। इस नीति में 'अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्रों' के रूप में एकीकृत क्षेत्रों की सहायता करने के लिए आयात और निर्यात औपचारिकताओं की एक साथ मंजूरी के साथ विभिन्न उत्पादों के वेयरहाउसिंग के लिए विश्व स्तरीय अवसंरचना, अत्याधुनिक उपस्कर, परिवहन और रख-रखाव सुविधाएं, वाणिज्यिक कार्यालय-स्थान, जल, बिजली, संचार और कनेक्टिविटी के सृजन की परिकल्पना की गई है।

इन क्षेत्रों को समुद्र पत्तनों, हवाई पत्तनों या ड्राई पोर्ट्स के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थापित करने की योजना बनाई गई है ताकि रेल और सड़क द्वारा आसान पहुंच प्रदान की जा सके। मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) को एक्जिम व्यापार हेतु सुविधाजनक बनाने और भारत में एक्जिम कार्गो के संचलन और मूल्यवर्धन से जुड़ी अक्षमताओं को जड़ से समाप्त करने के लिए आवश्यक लॉजिस्टिक्स अवसंरचना के रूप में परिकल्पित किया गया है।

एफटीडब्ल्यूजेड शुल्क मुक्त क्षेत्र हैं जो व्यापार, पोतांतरण और पुनर्निर्यात परिचालनों के लिए वेयरहाउसिंग, संचयन और वितरण सुविधाएं प्रदान करते हैं। वे मूल्य वर्धित सेवाओं के साथ आद्योपांत आपूर्ति श्रृंखला सुविधाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में वर्गीकृत और तापमान-नियंत्रित वेयरहाउस, ब्रेक बल्क कार्गो वितरण, आयात और निर्यात के लिए सीमा शुल्क की एक साथ शीघ्र मंजूरी, एफटीडब्ल्यूजेड के अंतर्गत प्रदान की गई सेवाओं पर सेवा कर छूट, स्थानीय करों से छूट और परेशानी रहित पुनर्निर्यात जैसी सुविधाएं शामिल हो सकती हैं।

एफटीडब्ल्यूजेड कारबार की आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न प्रकार के संव्यवहार करने की नम्यता प्रदान करते हैं। वे पोतांतरण के लिए उपयोग किए जा सकते है,

- एफटीडब्ल्यूजेड में विदेश से आयात करने के लिए और मूल्य वर्धन के साथ या इसके बिना पुनर्निर्यात करने के लिए;

- एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से विदेश से घरेलू टैरिफ क्षेत्रों (डीटीए) में ऐसे मूल्य वर्धन के साथ या इसके बिना आयात, जो विक्रेता माल सूची प्रबंधन और समय पर सुपुर्दगी की अनुमति देता है;
- एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से डीटीए/निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू)/अन्य सेज़ों से विदेश में मूल्य वर्धन के साथ या उसके बिना निर्यात;
- विदेशों और डीटीए से एफटीडब्ल्यूजेड में निर्यात और एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से विदेश में पुनर्निर्यात; और
- एफटीडब्ल्यूजेड में आंतरिक इनपुटों के वर्धन के साथ एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से विदेश से डीटीए को आयात।

1.4.1 भारत में एफटीडब्ल्यूजेड की वृद्धि

वर्ष 2006 से 2020 की अवधि के दौरान अधिसूचित एफटीडब्ल्यूजेड की विकास दर इस प्रकार है:

चार्ट 2: वर्ष 2006-2020 की अवधि के दौरान अधिसूचित एफटीडब्ल्यूजेड



स्त्रोत:वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

एफटीडब्ल्यूजेड नीति के लागू होने के पहले चार वर्षों के दौरान, छह एफटीडब्ल्यूजेड को अधिसूचित किया गया था। अगले पांच वर्षों में एक भी एफटीडब्ल्यूजेड को अधिसूचित नहीं किया गया और 2016-2020 के दौरान केवल एक एफटीडब्ल्यूजेड को अधिसूचित किया गया था। इसलिए, मार्च 2020 तक केवल सात एफटीडब्ल्यूजेड को अधिसूचित किया गया है।

1.4.2 संव्यवहारों की मात्रा/ एफटीडब्ल्यूजेड की वृद्धि

1.4.2.1 एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से संचालित किए गए आयात और निर्यात का मूल्य

चार्ट 3: एफटीडब्ल्यूजेड द्वारा कुल आयात और निर्यात (₹ करोड़ में)



स्त्रोत:वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

समग्र रुपये के संदर्भ में, एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से हुए वर्ष-दर-वर्ष आयात का मूल्य वि.व. 2015-16 में ₹ 8,937 करोड़ से बढ़कर वि.व. 2019-20 में ₹19,617 करोड़ हो गया है। वि.व. 2016-17 में मामूली गिरावट के बाद आयात की वार्षिक वृद्धि दर में वि.व. 2017-18 के दौरान 46 *प्रतिशत* और वि.व. 2018-19 और 2019-20 में क्रमश: 35 *प्रतिशत* और 29 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई।

दूसरी तरफ, एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से निर्यात के मूल्य में वि.व. 2016-17 में *58 प्रतिशत* की गिरावट आई, वि.व. 2017-18 में 3 *प्रतिशत* की मामूली वृद्धि हुई, इसके बाद वि.व. 2018-19 में 39 *प्रतिशत* और वि.व. 2019-20 में 11 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई। कुल मिलाकर, एफटीडब्ल्यूजेड से निर्यात वि.व. 2015-16 में ₹5,063 करोड़ से घटकर वि.व. 2019-20 में ₹3,440 करोड़ हो गया अर्थात् 32 *प्रतिशत* की गिरावट आई।

1.4.2.2 वस्तुवार निर्यात और आयात

वर्ष 2015-20 के दौरान एफटीडब्ल्यूजेड द्वारा आयातों के संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा से पता चलता है कि शीर्षतम आयातित उत्पाद श्रेणियां इलेक्ट्रिकल्स/मशीनरी/ऑटोमोबाइल और उपकरण थें, जिसके बाद रसायन/खनिज और मूल धातुएं/धातुओं की वस्तुएं आती है, जैसा कि निम्नलिखित ग्राफ में दर्शाया गया है:

चार्ट 4 : वर्ष 2015-20 के दौरान एफटीडब्ल्यूजेड द्वारा आयात (₹ करोड़ में)



स्त्रोत:वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वर्ष 2015-20 के दौरान एफटीडब्ल्यूजेड से निर्यातित शीर्षतम उत्पाद श्रेणियां मूल धातुएं/धातुओं की वस्तुएं और उसके बाद इलेक्ट्रिकल्स/मशीनरी/ऑटोमोबाइल और उपकरण और रसायन/खनिज थे, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

चार्ट 5: 2015-20 के दौरान एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों द्वारा निर्यात (₹ करोड़ में)



स्त्रोत:वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

एफटीडब्ल्यूजेड के माध्यम से आयात और निर्यात की तुलना से पता चलता है कि निर्यात की तुलना में आयात 4 से 5 गुना अधिक था, वर्ष 2015-16 को छोड़कर, जिसमें यह निर्यात का 2.5 गुना था।

चार्ट 6: एफटीडब्ल्यूजेड से आयात और निर्यात का सार (वर्ष 2015-16 से 2019-20) (₹ करोड़ में)



स्त्रोत: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

इसका तात्पर्य यह है कि एफटीडब्ल्यूजेड में आयातित माल के प्रमुख भाग की निकासी घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) में होती है।

1.4.3 कार्यान्वयन में शामिल प्राधिकारी

एफटीडब्ल्यूजेड का कार्यचालन एक त्रि-स्तरीय प्रशासन - अनुमोदन बोर्ड, अनुमोदन समिति और विकास आयुक्त द्वारा शासित होता है।

- **अनुमोदन बोर्ड:** - अनुमोदन बोर्ड शीर्ष निकाय है और इसकी अध्यक्षता सचिव, वाणिज्य विभाग द्वारा की जाती है। एफटीडब्ल्यूजेड की स्थापना के प्रस्तावों पर संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिशों के बाद बोर्ड द्वारा विचार किया जाता है, जो वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में एक 19 सदस्यीय निकाय है, और अंतिम अनुमोदन केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है;
- **अनुमोदन समिति:** - एफटीडब्ल्यूजेड की इकाइयों और अन्य संबंधित मामलों के अनुमोदन पर कार्य करती है।
- **डेवलपर:** - इसका तात्पर्य एक ऐसे व्यक्ति, या किसी राज्य सरकार से है जिसे केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन पत्र प्रदान किया गया है;

- **सह-डेवलपर:** - इसका तात्पर्य एक ऐसे व्यक्ति, या किसी राज्य सरकार से है जिसे निर्धारित क्षेत्र में अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन पत्र प्रदान किया गया है;
- **विकास आयुक्त:** - प्रत्येक क्षेत्र की अध्यक्षता एक विकास आयुक्त द्वारा की जाती है, जो अनुमोदन समिति का पदेन अध्यक्ष होता है।

1.4.4 मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र के लाभ

- सीमा शुल्क, यदि लागू हो, का भुगतान तब किया जाता है, जब व्यापारिक माल को उपभोग के लिए क्षेत्र से स्थानांतरित किया जाता है। क्षेत्र में रखा गया व्यापारिक माल सीमा शुल्क के अधीन नहीं आता। माल अनिश्चित काल तक एक क्षेत्र में रखा सकता है, चाहे वह शुल्क के अधीन हो या न हो।
- माल को क्षेत्र से सीमा शुल्क के बिना निर्यात किया जा सकता है।
- क्षेत्र के डेवलपर सुरक्षा आवश्यकताओं और चोरी से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

1.4.5 एफटीडब्ल्यूजेड के लिए मानक

- मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र में चालीस हेक्टेयर या उससे अधिक का क्षेत्र होना चाहिए, जिसमें कम से कम 1,00,000 वर्ग मीटर का निर्मित क्षेत्र होना चाहिए। 17 दिसंबर 2019 से, एफटीडब्ल्यूजेड में पचास हेक्टेयर (अर्थात 500,000 वर्ग मीटर) का न्यूनतम सन्निहित भूमि क्षेत्र होना चाहिए। मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र बनाने के लिए, प्रस्ताव में न्यूनतम परिव्यय ₹100 करोड़ का होना चाहिए।
- एक एकल मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में, प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए कम से कम 50 *प्रतिशत* क्षेत्र निर्धारित किया जाना चाहिए। मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग क्षेत्र, बहु-उत्पादों के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र के भाग के रूप में भी स्थापित किया जा सकता है।
- पांच सौ हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले विशेष आर्थिक क्षेत्र में, मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग ज़ोन को बिना किसी न्यूनतम क्षेत्र की आवश्यकता के अनुमति इस शर्त के अधीन दी जा सकती है, कि ऐसे मुक्त व्यापार और

वेयरहाउसिंग क्षेत्र का अधिकतम क्षेत्र प्रसंस्करण क्षेत्र के 20 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होगा।

- 17 दिसंबर 2019 से, सभी मौजूदा अधिसूचित विशेष आर्थिक क्षेत्रों को बहु-क्षेत्रीय विशेष आर्थिक क्षेत्र माना जाएगा;
- मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में एक इकाई द्वारा सभी संव्यवहार केवल परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में होने चाहिए।
- व्यापार या वेयरहाउसिंग में लगी इकाई को घरेलू टैरिफ क्षेत्र में उत्पादन या उत्पादन प्रक्रिया के उप-संविदा की सुविधा की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।
- एफटीडब्ल्यूजेड में इकाइयों को मुक्त व्यापार और वेयरहाउसिंग गतिविधि के प्रारंभ से पांच वर्षों की अवधि के लिए संचयी रूप से गणना की जाने वाली निवल विदेशी मुद्रा प्राप्त करनी चाहिए।
- डेवलपर विशेष आर्थिक क्षेत्र की भूमि को नहीं बेचेगा। हालांकि, पट्टे पर देने की अनुमति है।
- एक इकाई विकास आयुक्त के अनुमोदन से विशेष आर्थिक क्षेत्र से बाहर निकल सकती है और इस प्रकार का प्रस्थान पूंजीगत माल, अप्रयुक्त कच्चे माल और स्टॉक में पड़े तैयार माल के संबंध में लागू शुल्कों के भुगतान के विषयाधीन होगा।

अध्याय 2
लेखापरीक्षा के उद्देश्य, मानदंड और कार्यप्रणाली

2.1 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा के उद्देश्य थे:

- वेयरहाउसिंग विनियमन, 2016 में राजस्व हित को हानि पहुंचाए बिना सरलीकरण और स्व-निकासी तंत्र में सुधार करने के लिए किए गए परिवर्तनों की प्रभावशीलता का निर्धारण करना, और सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के अंतर्गत सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस के संबंध में समय-समय पर जारी किए गए नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों आदि की पर्याप्तता का भी निर्धारण करना;
- यह निर्धारण करना कि क्या एफटीडब्ल्यूजेड की स्थापना और परिचालन एफटीडब्ल्यूजेड की नीति के उद्देश्यों के साथ विधिवत रूप से संरेखित थे;
- यह जांच करना कि क्या आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, निगरानी और समन्वय तंत्र पर्याप्त है और राजस्व हानि के जोखिम को कम करने के लिए निर्मित किए गए हैं।

2.2 लेखापरीक्षा क्षेत्र

लेखापरीक्षा में वेयरहाउस/एफटीडब्ल्यूजेड के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया था और वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के लिए सीमा शुल्क कार्यालयों, विकास आयुक्तों के कार्यालयों और निर्दिष्ट अधिकारी के पास अनुरक्षित प्रासंगिक अभिलेखों की जांच की गई थी।

2.3 लेखापरीक्षा पद्धति

निष्पादन लेखापरीक्षा अगस्त 2020 से दिसंबर 2020 की अवधि के दौरान, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देशों के अनुसार और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 में निर्धारित कार्यक्षेत्र के अनुसार की गई थी। लेखापरीक्षा जांच में सीबीडब्ल्यू (संबंधित सीमा शुल्क कार्यालयों में लाइसेंस रिकॉर्ड, वेयरहाउसिंग बिल ऑफ एंट्री, वेयरहाउसिंग आदेश, बांड रजिस्टर, वेयरहाउस रक्षक द्वारा प्रस्तुत वेयरहाउस परिचालनों से संबंधित मासिक रिटर्न, बांड अधिकारी द्वारा दी गई

अनुमतियां, वेयरहाउस में रखे गए माल की निकासी के आदेश, शिपिंग बिल आदि) से संबंधित अभिलेखों का डेटा विश्लेषण और नमूना जांच शामिल थे।

एफटीडब्ल्यूजेड के मामले में, लेखापरीक्षा जांच में संबंधित विकास आयुक्त के कार्यालय में विभिन्न अभिलेखों जैसे डेवलपर्स/इकाइयों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों/रिटर्न, त्रैमासिक और वार्षिक निष्पादन प्रतिवेदनों, सीमा शुल्क से संबंधित दस्तावेजों जैसे बिल ऑफ एंट्री (बीई), शिपिंग बिल, संबंधित इनवॉइस आदि का अध्ययन और जांच शामिल है।

निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए प्रवेश/समापन सम्मेलन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय/राजस्व विभाग के साथ क्रमशः 07 अक्टुबर 2020 और 30 मार्च 2022 को आयोजित की गई थी। दिनांक 24 दिसंबर 2021 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय/राजस्व विभाग को प्रतिवेदन का प्रथम प्रारूप भेजा गया था, जिसका जवाब मार्च/अप्रैल 2022 को प्राप्त हुआ।

2.4 नमूना चयन

सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू)

चूंकि सीबीडब्ल्यू के माध्यम से संचालित आयात और निर्यात की मात्रा/मूल्य के अखिल भारतीय आकडें उपलब्ध नहीं थे, इसलिए क्षेत्रीय लेखापरीक्षा कार्यालयों ने नीचे दिए गए मानदंडों के आधार पर अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वेयरहाउसों के एक नमूने का चयन किया।

- कार्गो की मात्रा/मूल्य, संचालित किया गया निर्यात/आयात, पिछली लेखापरीक्षा आपत्तियां यदि कोई हो, और कार्गो की प्रकृति विशेष रूप से खतरनाक और संवेदनशील वस्तुएं, और अन्य प्रासंगिक जानकारी।
- लेखापरीक्षा के लिए चयनित कुल नमूना संख्या पब्लिक/प्राइवेट अनुबद्ध वेयरहाउसों की कुल संख्या का 50 *प्रतिशत* था, जो प्रत्येक क्षेत्रीय लेखापरीक्षा कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों (परिचालनात्मक/बंद/बहिर्गमन/वापस ले लिए गए) के तहत अधिकतम 10 वेयरहाउसों के अध्यधीन था।
- विभाग द्वारा लाइसेंस प्रदान किए गए स्पेशल वेयरहाउसों के 100 *प्रतिशत* को लेखापरीक्षा के लिए चुना गया था।

उपर्युक्त मानदंडों के आधार पर, 1,035[4] सीबीडब्ल्यू में से, 24 आयुक्तालयों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कुल 219 सीबीडब्ल्यू को क्षेत्रीय लेखापरीक्षा कार्यालयों द्वारा लेखापरीक्षा के लिए चुना गया था।

मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड)

मार्च 2020 तक कुल सात एफटीडब्ल्यूजेड अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें से केवल चार एफटीडब्ल्यूजेड परिचालन में हैं। इसके अलावा, एफटीडब्ल्यूजेड को पांच औपचारिक अनुमोदन और पांच सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन प्रदान किए गए हैं। सात एफटीडब्ल्यूजेड डेवलपर्स के एक प्रतिनिधि नमूने को विस्तृत लेखापरीक्षा के लिए चुना गया था। 222 एफटीडब्ल्यूजेड[5] इकाइयों में से सात राज्यों (आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश) में फैली 44 इकाइयों को विस्तृत लेखापरीक्षा के लिए चुना गया था।

2.5 कुछ लेखापरीक्षा मानदंड

लेखापरीक्षा मानदंड मौजूदा विधान, निर्धारित नियम पुस्तिका और नियमों, सरकारी अधिसूचनाओं, सरकारी सूचनाओं और परिपत्रों से प्राप्त किए गए हैं, जैसा कि नीचे संक्षेप में बताया गया है:

- सीमा शुल्क अधिनियम, 1962;
- सीमा शुल्क मैनुअल 2018;
- वेयरहाउसिंग के संबंध में सीबीआईसी द्वारा जारी की गयी सीमा शुल्क अधिसूचनाएं/परिपत्र/विनियम आदि;
- अद्यतित विदेश व्यापार नीति 2015-20;
- सेज़ अधिनियम 2005;
- सेज़ नियम 2006;
- आईजीएसटी अधिनियम और नियम;
- प्रक्रियाओं की हैंडबुक और इसके परिशिष्टों;

[4] पब्लिक वेयरहाउस - 512, प्राइवेट वेयरहाउस - 343 और स्पेशल वेयरहाउस - 180

[5] मैसर्स एफ एफटीडब्ल्यूजेड लिमिटेड, उत्तर प्रदेश में इकाइयों की संख्या उपलब्ध नहीं है

- डीजीएफटी (महानिदेशक विदेश व्यापार) द्वारा जारी सार्वजनिक सूचनाएं/परिपत्र आदि;
- विदेश व्यापार (विकास और विनियम) अधिनियम, 1992;
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999

अध्याय 3
सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस

3.1 प्रस्तावना

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अंतर्गत सीमा शुल्क के भुगतान के बिना सीमा शुल्क अनुबद्ध वेयरहाउस (सीबीडब्ल्यू) में आयातित माल के संचयन की सुविधा की अनुमति दी गई है। सीमा शुल्क अधिनियम और वेयरहाउस विनियमों में सार्वजनिक, निजी और विशेष वेयरहाउस को लाइसेंस देने का प्रावधान है, जिसमें आयातकों द्वारा सीमा शुल्क योग्य वस्तुओं को जमा किया जा सकता है। यह अधिनियम उन प्रक्रियाओं और शर्तों का भी प्रावधान करता है जिनके अंतर्गत किसी भी संचयित माल का मालिक उस माल के संबंध में वेयरहाउस में ही कोई विनिर्माण प्रक्रिया या अन्य परिचालन कर सकता है। वेयरहाउस के सांविधिक उपबंध सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 57 से 73ए में निहित हैं।

भारत में सीमा शुल्क वेयरहाउस से संबंधित कानून को 14 मई 2016 से काफी उदार बना दिया गया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत, वेयरहाउस स्टेशन की अवधारणा को हटा दिया गया है। इससे किसी भी स्थान पर सीबीडब्ल्यू की स्थापना हुई है, यदि लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित हो और सार्वजनिक तथा निजी वेयरहाउस अब सीमा शुल्क अधिकारियों के प्रत्यक्ष नियंत्रण में रहकर, अभिलेख आधारित नियंत्रण की और अग्रसर है। सीमा शुल्क स्टेशनों से वेयरहाउस तक, एक वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस तक अथवा वेयरहाउस से सीमा शुल्क स्टेशनों तक माल की ढुलाई के लिए प्रत्यक्ष अनुरक्षण को समाप्त कर दिया गया है। अन्य सुविधाएं जैसे आयातों के वेयरहाउसिंग की ऑनलाइन अनुमति; वेयरहाउस रक्षक और आयातक को माल के संचयन, सुरक्षा और निकासी की जिम्मेदारी का स्थानांतरण; और माल निकासी के लिए एक्स-बांड बीई की ऑनलाइन मंजूरी, व्यापार के लिए सीमा शुल्क मंजूरी और प्रवास समय की लागत को कम करने के लाभ जोडे है। **चार्ट 7** में उदारीकृत प्रक्रिया हेतु एक प्रक्रिया चार्ट दर्शाया गया है।

इस निष्पादन लेखापरीक्षा का एक मुख्य उद्देश्य राजस्वहित को हानि पहुंचाए बिना सुविधा और स्व-निकासी तंत्र में सुधार के लिए वेयरहाउसिंग विनियम 2016 में किए गए परिवर्तनों की प्रभावशीलता का आकलन करना और सीमा शुल्क

अधिनियम 1962 के अंतर्गत वेयरहाउसों के संबंध में समय-समय पर जारी परिपत्र, नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं आदि की पर्याप्तता का आकलन करना भी है। 1,035 सीबीडब्ल्यू में से, हमने विस्तृत लेखापरीक्षा के लिए 219 सीबीडब्ल्यू[6] का चयन किया।

[6] पब्लिक वेयरहाउस-55, प्राइवेट वेयरहाउस-64 तथा स्पेशल वेयरहाउस-100

चार्ट 7: नए वेयरहाउस विनियमों की शुरूआत के बाद माल के संचयन के लिए प्रक्रिया चार्ट



* *भारतीय सीमा शुल्क ईडीआई प्रणाली*

3.2 डिजिटाइजेशन की सीमा

3.2.1 अलग-अलग वेयरहाउस के अभिलेखों के डिजिटलीकरण की सीमा का आकलन

वेयरहाउस (माल की अभिरक्षा और रख-रखाव) विनियम, 2016 का विनियम 11 यह निर्धारित करता है कि लाइसेंसधारक को वेयरहाउस में आने जाने वाले माल की प्राप्ति, रख-रखाव, संचयन और निकासी के विस्तृत अभिलेख बनाए रखने चाहिए और इसके बारे में मासिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए।

सीबीआईसी ने अपने 8 जून 2016 के परिपत्र[7] में वह फॉर्म निर्धारित किया है जिसमें लाइसेंसधारक द्वारा आंकडों के रख-रखाव की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, फॉर्म में निर्धारित आंकडों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत किया जाएगा और ऐसे इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को अद्यतन, सटीक और पूर्ण रखा जाना चाहिए और यह आंकडें हर समय वेयरहाउस में उपलब्ध होने चाहिए तथा सत्यापन के लिए बांड अधिकारी या किसी अन्य अधिकृत अधिकारी के लिए सुलभ होना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख के रखरखाव के लिए सॉफ्टवेयर में ऑडिट ट्रेल का एक विशेष प्रावधान भी शामिल होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि एक सुरक्षित, कंप्यूटर जेनरेटेड, समय-मुद्रांकित इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख जो घटनाक्रम के पुनर्निर्माण हेतु सुलभ हो सके।

मासिक रिटर्न के लिए निर्धारित प्रारूप, बीई विवरण सहित माल प्राप्ति का विवरण, माल का विवरण, मूल्य, आकलित शुल्क, मात्रा आदि दर्ज हो; रख रखाव और संचयन में बैंक गारंटी व बांड के विवरण शामिल हो, निकासी में निकासी दिनांक, निकासी उद्देश्य(घरेलू खपत/एक वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस में जमा/निर्यात/बिक्री/नष्ट करना आदि), निकासी की मात्रा, मूल्य, शुल्क, ब्याज, शेष मात्रा आदि; वेयरहाउस में संचयित माल का विवरण जहां समय-अवधि समाप्त हो रही हो में बीई का विवरण, बांड विवरण, समाप्ति/बांड विस्तार, बैंक गारंटी आदि शामिल हों। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि लाइसेंसधारक को निर्धारित प्रारूप में सही अभिलेखों का रख-रखाव करना चाहिए।

वेयरहाउस का पर्यवेक्षण और नियंत्रण, प्रत्यक्ष नियंत्रण से अभिलेख आधारित नियंत्रण की ओर अंतरित हो गया हैं। यदि लाइसेंसधारक द्वारा अभिलेखों का सही

[7] परिपत्र संख्या 25/2016-सीमा शुल्क दिनांक 8 जून 2016

रख-रखाव नहीं किया जाता तो वेयरहाउस से माल निकासी का विवरण तथा निकासी का उद्देश्य जैसे घरेलू खपत/एक वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस में जमा/निर्यात/बिक्री/नष्ट करना आदि का आकलन नहीं किया जा सकता।

इसके अलावा, यदि उपरोक्त अभिलेखों का रख-रखाव सही से नहीं किया जाता तो संचयित माल का राशि, मूल्य, शुल्क व मात्रा का सही मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। इसलिए, क्या लाइसेंसधारक ने सही धनराशि का बांड व बैंक गारंटी प्रस्तुत किए है कि नही, का विभाग द्वारा आकलन नहीं किया जा सकता। बांड व बैंक गारंटी जिसके लिए विस्तार की आवश्यकता है, की निगरानी नहीं की जा सकती। ह्रास, कम रिपोर्टिंग, ब्याज का गलत लगाना आदि की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

और, यदि लाइसेंसधारक ने अभिलेखों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से रख-रखाव नहीं किया तो, मासिक रिटर्न के मिलान व निगरानी की प्रक्रिया एक कठिन कार्य होगा। क्या लाइसेंसधारक द्वारा ट्रिपल ड्युटी बांड और बैंक गारंटी सही रूप से प्रस्तुत की जा रही है, की जांच भी एक कठिन कार्य हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों के रखरखाव के लिए सॉफ्टवेयर में ऑडिट ट्रेल का एक विशेष प्रावधान भी शामिल होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि एक सुरक्षित, कंप्यूटर जेनरेटेड, समय-मुद्रांकित इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख जो घटनाक्रम के पुनर्निर्माण हेतु सुलभ हो सके। इसके अभाव में, प्रस्तुत अभिलेखों की यथार्तता पर ध्यान केन्द्रित नहीं किया जा सकता।

लाइसेंसधारक द्वारा रक्षित इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अपने आप में एक अलग सिस्टम है और जो आईसीईएस या सेज ऑनलाइन सिस्टम से कोई संबंध नहीं रखता हैं। इन्टू-बांड बीई विवरण, वांड विवरण तथा बैंक गारंटी विवरण प्राथमिक रूप से आईसीईएस में दर्ज होते है। किन्तु संचयन तथा निकासी विवरण आईसीईएस में दर्ज नहीं होते हैं। इसीलिए, फिर भी लाइसेंसधारक द्वारा प्रस्तुत आंकडों को इन्टू बांड आईसीईएस आंकडों के साथ मैन्युअली मिलान करना हैं।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में वेयरहाउस अभिलेखों के डिजिटाइजेशन की समीक्षा की गई थी और 17 आयुक्तालयों में यह पता चला कि उपर्युक्त अनुदेशों का 121 लाइसेंसधारियों द्वारा पालन नहीं किया गया था। इन लाइसेंसधारियों द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में अभिलेखों का रख-रखाव नहीं किया गया था और उनका रख-रखाव मैन्युअल रूप से ही किया जा रहा था। (***अनुलग्नक 3.1***)

लेखापरीक्षा में यह भी पता चला कि वेयरहाउस (माल की अभिरक्षा और रख-रखाव) विनियम 2016 के नियम 3 (2) में परिकल्पित वेयरहाउस रक्षक के डिजिटल हस्ताक्षरों का उपयोग करके मासिक रिटर्न को ऑनलाइन फाइलिंग के माध्यम से डिजिटलीकरण को अभी तक भी नहीं प्राप्त किया गया था।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और 50 वेयरहाउसों के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की, जबकि 39 वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का उत्तर (मई 2022) अभी भी प्रतीक्षित है।

मंत्रालय ने 32 मामलों में लेखापरीक्षा आपत्ति को अस्वीकार कर दिया और उत्तर दिया कि लेखापरीक्षा द्वारा शामिल की गई अवधि के दौरान पांच वेयरहाउस या तो परिचालन में नहीं थे या उन्होंने किसी भी माल का आयात नहीं किया था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि शेष 27 वेयरहाउसों द्वारा अपने अभिलेखों का रखरखाव डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है।

मंत्रालय का उत्तर पूर्णतया स्वीकार्य नहीं है क्योंकि लेन-देन न होने पर भी रिटर्न फ़ाइल करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, बहुत वेयरहाउस डिजिटल माध्यम से अभिलेखों का रख-रखाव कर रहे थे, लेकिन अभिलेख सीबीआईसी द्वारा निर्धारित प्रारूप में नहीं थे और लेखापरीक्षा नमूने में दो वेयरहाउसों द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर भी प्राप्त नहीं किए थे।

3.2.2 आईसीई प्रणाली के साथ वेयरहाउस अभिलेखों के एकीकरण की सीमा

मई 2016 के उदारीकरण के साथ, वेयरहाउस के प्रत्यक्ष नियंत्रण से अभिलेख आधारित नियंत्रण में निदर्शी परिवर्तन आया है। इस परिवर्तन के लिए वेयरहाउस लाइसेंसधारक द्वारा प्रदत्त अभिलेखों के आधार पर विशुद्ध रूप से वेयरहाउस से संबंधित संचालन की निगरानी की आवश्यकता थी। 8 जून 2016 के परिपत्र में यह परिकल्पित है कि इस प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को अद्यतन, सटीक और पूर्ण रखा जाना चाहिए और हमेशा वेयरहाउस में उपलब्ध होना चाहिए और ये अभिलेख सत्यापन के लिए बांड अधिकारी या किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी के लिए सुलभ होने चाहिए।

वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान, 20 आयुक्तालयों के लिए इन्टू बांड बीई, इन्टू बांड निर्धारण मूल्य, इन्टू बांड आकलित शुल्क क्रमशः 7,97,850, ₹16,32,183 करोड तथा ₹2,30,629 करोड था। एक्स बांड बीई, एक्स बांड निर्धारण

मूल्य, एक्स बांड आकलित शुल्क क्रमशः 18,21,114, ₹14,57,188 करोड तथा ₹1,15,959 करोड था। दी गई संव्यवहारों की बडी मात्रा, सांविधिक प्रावधानों के साथ प्रभावात्मक नियंत्रण करने के अनुपालन में कमी का परिणाम शुल्क, ब्याज आदि की हानि हो सकती थी, जिसको हालाकि आंकलित नहीं किया जा सकता।

तथापि, लेखापरीक्षा के समक्ष प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर विभाग द्वारा अभिलेख के वेयरहाउस स्तर का ऐसा कोई व्यवस्थित सत्यापन नहीं किया गया था। प्रत्यक्ष नियंत्रण के बदले अभिलेख आधारित नियंत्रण द्वारा वेयरहाउसिंग प्रावधानों के आवधिक मूल्यांकन से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि अभीष्ट उद्देश्यों की पूर्ति हो रही है और किसी भी कमी के मामले में मध्यावधि सुधार के लिए गुंजाइश भी रहेगी। वर्ष 2016 में उदारीकृत विनियमन के लागू होने के बाद से इस तरह के किसी भी मध्यावधि मूल्यांकन/समीक्षा का प्रयास नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा वेयरहाउस में डिजिटाइजेशन की सीमा और भारतीय सीमा शुल्क ईडीआई प्रणाली (आईसीईएस) के साथ इसके एकीकरण का भी आकलन किया गया और निम्नलिखित कमियां पाई गई:

i. विभाग पूरी तरह से प्रत्येक अनुबद्ध वेयरहाउस द्वारा प्रस्तुत की जा रही मासिक तकनीकी रिपोर्टों और मासिक रिटर्न पर निर्भर था। **मासिक रिपोर्ट मैन्युअल थी और स्वचालित भी नहीं की गई थी।**

ii. वेयरहाउस द्वारा अनुरक्षित आईटी सिस्टम और आईसीईएस जो सीमा शुल्क की मुख्य आईटी प्रणाली है के बीच आंकडों के संरचित और निर्बाध प्रवाह की अनुपस्थिति थी।

iii. जून 2016 के परिपत्र के अनुसार, वेरहाउसिंग आंकडों का रखरखाव सीबीडब्ल्यू द्वारा फॉर्म ए और बी में करने की आवश्यकता थी। यह जानकारी आईसीईएस के साथ एकीकृत नहीं की गई थी।

iv. वेयरहाउस में रखे माल की निकासी की निगरानी करने और बांड अवधि की समाप्ति या माल के शेल्फ जीवन की निगरानी करने के लिए आईसीईएस में कोई समेकित रिपोर्ट नहीं तैयार की जाती थी।

v. चूंकि बड़ी संख्या में बांड (जैसे ट्रिपल ड्यूटी बांड, स्वामित्व के हस्तांतरण से संबंधित बांड, छूट आदि) दैनिक आधार पर और वेयरहाउस रक्षकों द्वारा

फ़ाइल किए जा रहे मासिक रिटर्न, द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं, सभी लेन-देन का मैन्युअल मिलान करना एक कठिन कार्य है। इसके अतिरिक्त, बहुत सारे मैनुअल अभिलेखों को जोड़ने से, आईसीईएस के साथ स्वचालन/ एकीकरण की अनुपस्थिति में बांड रजिस्टरों को मैन्युअल रूप से बनाए रखने/सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता होती है।

vi. एक बार वेयरहाउस बीई को आईसीईएस में फ़ाइल करने के बाद, घरेलू खपत के लिए माल की एक्स-बॉन्डिंग केवल आईसीईएस में ही दर्ज की जाएगी। हालांकि, अन्य लेन-देन जैसे कि वेयरहाउस किए गए सामानों का पुन: निर्यात, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज़) में स्थानांतरण, और एक अनुबद्ध वेयरहाउस से दूसरे अनुबद्ध वेयरहाउस में स्थानांतरण पूरी तरह से मैनुअल हैं और आईसीईएस में इसका कोई हिसाब नहीं है।

vii. एनएसडीएल द्वारा प्रबंधित सेज़ ऑनलाइन आईटी सिस्टम जो सेज़ को शामिल करता है, आईसीईएस के साथ एकीकृत नहीं किया गया था।

प्रथमतः जब माल वेयरहाउस में प्रवेश करता है तो एक इन्टू बांड बीई आईसीईएस में फाइल की जाती है। जब माल घरेलू खपत के लिए निकाला जाता है तो एक एक्स बांड बीई आईसीएस में फाइल की जाती है। जो इन्टू बांड बीई ले संलग्नित होती है। इसलिए देयता शुल्क और भारित ब्याज सही रूप से दर्ज हो सकता है। किंतु जब माल को दूसरे वेयरहाउस में जमा करने/निर्यात/नष्ट करने आदि के लिए निकाला जाता है तो यह इन्टू बांड बीई जो प्रथमतः आईसीईएस में फाइल की जाती है, से संलग्नित नहीं होता। जब माल वेयरहाउस से पुनर्निर्यात किया जाता है, आईसीईएस में एक एसबी फाइल की जाती है किंतु इसका प्राथमिक इन्टू बांड बीई से कोई संबंध नहीं होता। एक वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस में माल का स्थानांतरण मैन्युअल है और आईसीईएस में दर्ज नहीं होता। जब माल सेज से स्थानांतरित होता है, एसबी सेज ऑनलाइन में फाइल की जाती है जो आईसीईएस से संलग्न नहीं है।

परिणामत:, महत्वपूर्ण रिकॉर्डों जैसे लाइसेंस फाइल, फॉर्म ए और बी, चयनित वेयरहाउसों के लिए वेयरहाउस अवधि का विस्तार, सांख्यिकीय जानकारी आदि की अनुपस्थिति में, आईसीईएस के साथ वेयरहाउस लेनदेन का एकीकरण न करना, अभिलेखों का मैन्युअल रखरखाव और विभाग द्वारा मासिक रिटर्न का सत्यापन

न करना, लेखा परीक्षा, सीमा शुल्क की नई अभिलेख-आधारित नियंत्रण व्यवस्था में, विभाग में मौजूद नियंत्रण तंत्र की पर्याप्तता और प्रभावशीलता के लिए पूर्ण आश्वासन नहीं दे सकता।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (अप्रैल 2022) में कहा कि आज तक का ऑटोमेशन केवल आईसीईएस को प्रदत्त लेन-देन संबंधी आंकड़ों के लिए किया जा रहा था और यद्यपि वेयरहाउस रक्षकों द्वारा वेयरहाउस आंकड़ों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से बनाए रखने की आवश्यकता थी, विभाग द्वारा सीबीआईसी को रिटर्न का रख-रखाव मैन्युअल किया जा रहा था।

आपत्ति और संबंधित सिफारिश को स्वीकार करते हुए, बोर्ड ने कहा (अप्रैल 2022) कि रिटर्न की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग और प्राप्ति की बेहतर निगरानी, जारी करने, वेयरहाउस से फिर से निर्यात करने हेतु एक पोर्टल विकसित किया जाएगा और यह ऑटोमेशन पर रोडमैप का हिस्सा होगा।

सिफारिश 1: वेयरहाउसिंग विनियमन, 2016 के अंतर्गत प्रत्यक्ष नियंत्रण से अभिलेख आधारित आईटी नियंत्रण में अंतरण होने के बाद विभाग को एक समयबद्ध कार्य योजना की आवश्यकता है कि

क) आईसीईएस के साथ-साथ सेज़ ऑनलाइन के साथ वेयरहाउस डेटा के एकीकरण/मिलान और डिजिटलीकरण के लिए एक आईटी कार्यनीति तैयार करें।

ख) एक उपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप निर्दिष्ट करें जिसमें वेयरहाउस से मासिक रिटर्न अनिवार्य रूप से डिजिटल रूप में प्रस्तुत (मैनुअली रिपोर्ट तैयार करना पूर्ण रूप से छोड़ दे) और आईसीईएस के साथ एकीकृत किया जाए तथा निगरानी एवं नियंत्रण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से इस तरह के एकीकृत डेटा का विश्लेषण करे।

ग) विस्तृत सत्यापन और लेखापरीक्षा के लिए जोखिम आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, वेयरहाउसों की पहचान करने के लिए वेयरहाउसों द्वारा प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक डेटा की विश्लेषणात्मक समीक्षा करे।

इस प्रकार के एक व्यवस्थित दृष्टिकोण के अभाव में, वेयरहाउस के प्रत्यक्ष नियंत्रण से अभिलेख आधारित नियंत्रण में अंतरण के परिणामस्वरूप नियंत्रण का अभाव

होता है, जिससे उदारीकृत विनियमों के दुरुपयोग और दुष्प्रयोग की संभावना रह जाती है।

मंत्रालय ने सिफारिशों (मार्च 2022) को स्वीकार करते हुए कहा है कि सिफारिशें सर्वांगी सुधार के लिए हैं और इससे अधिक प्रभावी और आईटी संचालित अभिलेख आधारित नियंत्रण होगा। इन सिफारिशों को कार्यान्वयन के लिए महानिदेशक (सिस्टम्स) द्वारा आगे जांचा जाएगा। इसके अलावा, धारा 65 के अंतर्गत वेयरहाउस में विनिर्माण और अन्य परिचालनों को कार्यान्वित करने हेतु अनुमति प्राप्त लाइसेंसधारकों द्वारा वेयरहाउस के माल के संबंध में अभिलेखों के रखरखाव के लिए महानिदेशक (सिस्टम्स) पहले से ही आइसगेट और आईसीईएस पर एक मॉड्यूल विकसित करने पर कार्य कर रहे हैं। मॉड्यूल में इलेक्ट्रॉनिक मासिक रिटर्न का सृजन भी आरंभ किया गया है।

3.2.3 मासिक रिटर्न के लिए निर्धारित प्रारूपों में कमी

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 8 जून 2016 के अपने परिपत्र में लाइसेंसधारक द्वारा आंकडों के रख रखान की आवश्यकता हेतु एक फॉर्म निर्धारित किया है। लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि वेयरहाउसों में माल की प्राप्ति, संचयन, परिचालन और निकासी के मासिक रिटर्न के लिए निर्धारित प्रपत्र (फॉर्म ए) त्रुटिपूर्ण था क्योंकि निकासी के विवरणों में एक्स बांड विवरण जैसे बीई संख्या, और घरेलू खपत की तिथि को दर्ज नहीं करता था। ऐसे ब्यौरे के अभाव में, लेखापरीक्षा, निर्धारित अवधि के अंतर्गत माल की निकासी और लगाए गए ब्याज की सटीकता को सत्यापित नहीं कर सका, जहां माल को नब्बे दिनों से अधिक अवधि तक वेयरहाउस में रखा जाता है।

सिफारिश 2: मासिक रिटर्न (फॉर्म ए) को एक्स-बांड बीई/शिपिंग बिल के विवरण के साथ-साथ माल निकासी के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने की तारीख को दर्ज करने के लिए उपयुक्त रूप से संशोधित किया जाना चाहिए।

मंत्रालय ने सिफारिश स्वीकार कर ली है और उत्तर (मार्च 2022) दिया है कि परिपत्र संख्या 25/2016-सीमा शुल्क दिनांक 08 जून 2016 के फॉर्म ए में एक उपयुक्त संशोधन विचाराधीन है।

3.2.4 मासिक रिटर्न जमा करने की निगरानी

वेयरहाउस (माल की अभिरक्षा और रख रखाव) विनियमन, 2016 के विनियम 11 (4) के अनुसार, एक लाइसेंसधारक बांड अधिकारी के पास, उस महीने के समापन के दस दिनों के भीतर वेयरहाउस में माल की प्राप्ति, संचयन, परिचालन और निकासी के लिए फॉर्म-ए में मासिक रिटर्न फाइल करेगा, जिससे ये रिटर्न संबंधित है। इसके अतिरिक्त, विनियम 11 (5) यह निर्धारित करता है कि लाइसेंसधारक धारा 61 में निर्दिष्ट वेयरहाउस माल की समाप्ति अवधि से संबंधित जानकारी फॉर्म-बी में किसी विशेष महीने में इसकी समाप्ति के महीने से ठीक पहले के महीने के 10वें दिन या उससे पहले बांड अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों की लेखापरीक्षा से पता चला है कि 12 आयुक्तालयों के अंतर्गत, 59 वेयरहाउस लाइसेंसधारको ने अपनी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की थी या इन मासिक रिटर्न को निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने में विलंब किया था। (***अनुलग्नक 3.2***)

चूंकि वेयरहाउसों पर विभाग का नियंत्रण, वेयरहाउस कार्यकलापों पर प्रत्यक्ष नियंत्रण के बजाय अभिलेख आधारित नियंत्रण में स्थानांतरित कर दिया गया था, मासिक रिटर्न प्रस्तुत न करने/विलंब से प्रस्तुत करने से वेयरहाउस की निगरानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विभाग, निकासी वाले माल का विवरण, निकासी दिनांक, निकासी उद्देश्य (घरेलू खपत/एक वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस में जमा/निर्यात/बिक्री/नष्ट करना आदि), निकासी की मात्रा, मूल्य, शुल्क, ब्याज, शेष मात्रा आदि का विवरण नहीं जान पाएगा। वेयरहाउस में संचयित माल, मूल्य, शुल्क तथा मात्रा सहित का विवरण भी नहीं जान पाएगा। विभाग यह भी नहीं जान पाएगा कि क्या लाइसेंसधारक द्वारा प्रस्तत ट्रिपल ड्युटी बांड व बैंक गारंटी सही है। ह्रास, कम रिपोर्टिंग, ब्याज का गलत लगाना आदि की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

इसके अतिरिक्त, यह वेयरहाउस डेटा, मासिक रिटर्न और आईसीईएस के साथ-साथ सेज़ ऑनलाइन के डिजिटलीकरण और एकीकरण के लिए एक व्यापक आईटी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर पुन: बल देता है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और 48 वेयरहाउसों के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की है, जबकि एक वेयरहाउस के संबंध में मंत्रालय का जवाब अभी भी प्रतीक्षित है (मई 2022)।

10 वेयरहाउसों के संबंध में लेखापरीक्षा आपत्ति को अस्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने उत्तर दिया कि दो वेयरहाउसों में कोई लेनदेन नहीं हुआ और एक वेयरहाउस में, माल से संबंधित जानकारी ईडीआई प्रणाली में उपलब्ध है। शेष सात वेयरहाउसों के संबंध में उत्तर दिया गया कि उनके द्वारा मासिक रिटर्न नियमित रूप से प्रस्तुत की गए थे।

मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि बोर्ड के परिपत्र में परिकल्पित मासिक रिटर्न जमा करना अनिवार्य है, भले ही लेनदेन शून्य हो या लेनदेन न हो। इसके अतिरिक्त, सात वेयरहाउसों से संबंधित मासिक रिटर्न लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किए गए थे।

वर्तमान सिस्टम तत्काल कोई अलर्ट जारी नहीं कर सकता यदि वेयरहाउस में आयतित माल के लिए शुल्क को ट्रिपल बांड व गारंटी कवर नहीं करते है तो। आईसीईएस द्वारा भी कोई रिपोर्ट सृजित नहीं होती जो अपने आप यह चेतावनी दे कि बांड अवधि समाप्त हो रही है या स्टॉक, बांड मूल्य से ज्यादा हो गया है। इसलिए, विभाग द्वारा अवधि समाप्ति माल पर तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। और भी, आईसीईएस में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो स्वंय से अवधि सीमा समाप्त बांड के गैर-निष्पादित माल पर कोई आयु-वार विश्लेषण कर दे। और, यह भी जांच करना संभव नहीं है कि वेयरहाउस में आयतित माल पर कुल शुल्क लाइसेंसधारक को अनुमत से ज्यादा तो नहीं है। यह सब मासिक रिटर्न के द्वारा मैन्युअली देखा जा रहा है।

सिफारिश 3: आईसीईएस में बॉन्ड मॉड्यूल को सभी प्रकार के वेयरहाउस संव्यवहारों जैसे बॉन्ड टू बॉन्ड क्लीयरेंस, सेज़ इकाइयों को निकासी आदि को दर्ज करने के लिए संशोधित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बांडों और बैंक गारंटी के विस्तार को ऑनलाइन फाइल करने तथा बांड और बैंक गारंटी की सीमा समाप्त होने पर अलर्ट होना चाहिए। प्रणाली समय सीमा समाप्त माल का आयु-वार विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में कहा है कि आईसीईएस आयातित और निर्यातित माल के प्रसंस्करण के लिए एक संव्यवहार संबंधी डेटाबेस है। घरेलू क्षेत्र में कार्गो की आवाजाही आईसीईएस संव्यवहार मंच का हिस्सा नहीं है। जहां तक सेज़ इकाइयों को शामिल करने का संबंध है, इसके कार्यान्वयन की घोषणा बजट 2022 में की गई है और इसे शीघ्र ही आरंभ कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सीमा शुल्क नीति विंग द्वारा सीमा शुल्क बांडों और बैंक गारंटी के इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तुतीकरण के कार्यान्वयन के लिए उपायों की सक्रिय रूप से जांच की जा रही है। यह पहल व्यापार करने में सुगमता के परिवेश को बढ़ावा देने और कागज के उपयोग को कम करने के लिए है। आरंभिक समय में, इस पहल के कार्यान्वयन से सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 18 के अंतर्गत अनंतिम निर्धारण, शुल्क की रियायती दरों के अंतर्गत आयात, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 59 के अनुसार माल की वेयरहाउसिंग, सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 65 के अनुसार प्राइवेट वेयरहाउस और स्पेशल वेयरहाउस में विनिर्माण और अन्य परिचालन, निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं आदि के अंतर्गत किए गए आयात सहित विभिन्न परिदृश्यों को समाहित किया जाएगा।

3.2.5 बीई में वेयरहाउस कोड उदघोषणा का कार्यान्वयन न किया जाना

सीबीआईसी के परिपत्र संख्या 19/2016 दिनांक 20 मई 2016 में निर्दिष्ट किया गया था कि सभी वेयरहाउस को आईसीईएस के माध्यम से एक अद्वितीय कोड के साथ आवंटित किया जाना था और 20 जून 2016 से, यह घोषणा की गई कि बीई में वेयरहाउसिंग कोड इन्टू-बांड और एक्स-बांड बीई फाइल करने के लिए अनिवार्य हो जाएगा।

यह पाया गया कि सीमा शुल्क आयुक्तालय (एयर कार्गो एक्सपोर्ट्स), नई दिल्ली के अंतर्गत वेयरहाउस कोड की घोषणा को लागू नहीं किया गया था। बीई में वेयरहाउस कोड की घोषणा से बीई के प्रति वेयरहाउस की आसानी से पहचान करने और किसी भी समय उनके स्थान को ट्रैक करने में सुविधा होगी।

मंत्रालय से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है (मई 2022)।

3.3 वेयरहाउस लाइसेंस को जारी करने के लिए आवेदनों की प्रक्रिया

3.3.1 पूर्ववर्ती सत्यापन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया की अनुपस्थिति

सार्वजनिक, निजी और विशेष वेयरहाउस लाइसेंसिंग विनियम 2016 के विनियम 5 के अनुसार, एक वेयरहाउस लाइसेंस कुछ शर्तों को पूरा करने पर प्रदान किया जाएगा, उदाहरण के लिए, आवेदक दिवालिया या धन चुकाने में असमर्थ न हो, वर्तमान में लागू किसी भी कानून के अंतर्गत अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया हो, केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम के अधिनियमों और वित्त अधिनियम के अध्याय V के अंतर्गत अपराध के लिए दंडित नहीं किया गया हो।. इस संबंध में, बोर्ड ने परिपत्र संख्या 26/2016 दिनांक 9 जून 2016 के माध्यम से प्रस्ताव किया कि सभी संरचनाओं का उल्लेख करने के स्थान पर, सत्यापन की एक केंद्रीकृत प्रणाली का पालन किया जाए, जिसमें आवेदक और निदेशकों/साझेदारों/मालिकों के नाम को डीआरआई[8] और डीजीजीएसटीआई[9] को पूर्ववृत्त और किसी भी पिछले मामलों के अस्तिव की जांच के लिए संदर्भित किया जाए।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में इस पहलू की समीक्षा की गई थी और नौ आयुक्तालयों में यह पाया गया था कि पूर्व सत्यापन के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया नहीं थी और विभिन्न सीमा शुल्क आयुक्तालयों द्वारा अलग-अलग प्रक्रियाओं का पालन किया गया (***अनुलग्नक 3.3***)

बॉक्स संख्या 3.1 - पूर्ववर्ती सत्यापन

पाँच सीमा शुल्क आयुक्तालयों में, 25 वेयरहाउस में पूर्ववृत्त सत्यापन को पूरा करने में लिया गया समय 63 दिनों से 4 वर्ष तक था। सात सीमा शुल्क आयुक्तालयों के अंतर्गत 31 वेयरहाउसों का लाइसेंस जारी करने के बाद पूर्ववृत्त सत्यापन 5 वर्षा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नहीं किया गया था। इसके अतिरक्त, एक सीमा शुल्क आयुक्तालय में दो मामलों के संबंध में, डीआरआई की प्रतिकूल पूर्ववृत्त रिपोर्ट के आधार पर लाइसेंसधारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई थी।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और 12 वेयरहाउसों के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की, जबकि 11 वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है (मई 2022)। अन्य 32 मामलों के संबंध में, यह उत्तर दिया गया कि परिपत्र

[8] डीआरआई : राजस्व आसूचना निदेशालय

[9] डीजीजीएसटीआई : वस्तु एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय

26/2016 दिनांक 9 जून 2016 के अनुसार, बोर्ड ने पूर्ववृत्त सत्यापन के लिए एक केंद्रीकृत प्रणाली प्रस्तावित की है और सत्यापन के लिए कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि 25 मामलों में पूर्ववृत्त सत्यापन को पूरा करने में लिया गया समय 63 दिनों से 4 वर्ष के बीच था और 33 मामलों में पूर्ववृत्त सत्यापन अभी भी लंबित था। यद्यपि उक्त परिपत्र में पूर्ववृत्त सत्यापन के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई थी और विलंब से लाइसेंस जारी किए जाने को प्रभावित नहीं किया, विभिन्न सीमा शुल्क आयुक्तालयों के बीच एकरूपता रखने के लिए पूर्ववृत्त सत्यापन को पूरा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा होनी चाहिए।

3.3.2 लाइसेंस के लिए आवेदन में कुछ विवरणों को दर्ज न किया जाना

आवेदकों द्वारा सूचना प्रदान करने में निश्चितता और आवेदनों के प्रसंस्करण के संबंध में प्रक्रियाओं में पारदर्शिता के उद्देश्य से, सीबीआईसी ने सार्वजनिक, निजी और विशेष वेयरहाउस लाइसेंसिंग विनियम, 2016 की अधिसूचना के अनुरूप परिपत्र संख्या 26/2016-सीमा शुल्क दिनांक 09 जून 2016 के अंतर्गत अनुबद्ध वेयरहाउसों के लिए लाइसेंस आवेदक द्वारा उपयोग किए जाने वाले फॉर्म को निर्धारित किया है। प्रपत्र को एक बार में आवेदक के मूल्यांकन के लिए प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करने और प्रस्तावित स्थल पर उपलब्ध माल की सुरक्षा के लिए सुविधाओं का पता लगाने के लिए एक जांच सूची तैयार की गयी है। इस जानकारी से लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा आवेदक और उसके परिसर के व्यापक मूल्यांकन में सहायता मिलने की उम्मीद है।

आवेदन के भाग IV में वेयरहाउस रक्षक, डिजिटल हस्ताक्षर, आईटी आधारित अभिलेख, शोध क्षमता प्रमाणपत्र, बीमा पॉलिसी आदि के संबंध में विवरण शामिल हैं, जिन्हें बांड अधिकारी के हस्ताक्षर के अंतर्गत सीमा शुल्क विभाग द्वारा भरा जाना है और लाइसेंस के लिए अंतिम जांच और अनुमोदन के रूप में शामिल किया गया है।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में इस पहलू की समीक्षा की गई और लाइसेंस फाइलों की लेखापरीक्षा जांच के दौरान, यह पाया गया कि पांच आयुक्तालयों में 36 वेयरहाउसों के संबंध में, आवेदन पत्र के भाग IV में विवरण अपूर्ण थे। इसके अतिरिक्त, भाग II में पांच वेयरहाउसों के संबंध में संपत्ति रखने के अधिकार भी लाइसेंस प्रदान करते समय सत्यापित नहीं किए गए थे। ***(अनुलग्नक 3.4)***

चूंकि आवेदन में यह विवरण अनुमोदन से पहले एक अंतिम जांच के अधीन वाले हैं, इन विवरणों को दर्ज न करना वेयरहाउसों को अनुमोदन प्रदान करते समय प्रणाली में एक कमी और बोर्ड के निदेशों की अवहेलना को दर्शाता है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और 18 वेयरहाउसों के संबंध में भविष्य में अनुपालन हेतु नोट कर लिया है, जबकि 15 वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का उत्तर (मई 2022) अभी भी प्रतीक्षित है।

तीन वेयरहाउसों के संबंध में लेखापरीक्षा आपत्ति को अस्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने उत्तर दिया कि एक मामले में लीज डीड वर्ष 2018 तक वैध थी और दूसरे मामले में संपत्ति लाइसेंसधारक के स्वामित्व में थी। तीसरे मामले के संबंध में, मंत्रालय द्वारा यह उत्तर दिया गया था कि लीज डीड को पट्टेदार द्वारा अपने पत्रों के माध्यम से रोल ओवर किया हुआ था।

मंत्रालय का जवाब स्वीकार्य नहीं है क्योंकि पहले मामले में करार अगस्त 2016 तक वैध था और लाइसेंस अक्टूबर 2016 में जारी किया गया था। अन्य दो मामलों में पट्टाकर्ता और पट्टेदार के बीच कोई करार नहीं हुआ और पट्टेदारों द्वारा जारी पत्रों के माध्यम से लीज का विस्तार किया गया।

3.3.3 आवश्यक विवरण के बिना लाइसेंस प्रदान करना

विनियमन 3 और विनियमन 4 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करने पर पब्लिक/प्राइवेट वेयरहाउस लाइसेंसिंग विनियम 2016 के अनुसार, सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त या सीमा शुल्क आयुक्त, जैसा भी मामला हो, ऐसी शर्तों के अधीन आवश्यकता के अनुसार पब्लिक/प्राइवेट वेयरहाउस के संबंध में लाइसेंस प्रदान कर सकता है।

लेखापरीक्षा समीक्षा से पता चला है कि सीमा शुल्क आयुक्तालय आईसीडी पटपड़गंज दिल्ली के अंतर्गत मैसर्स ए लिमिटेड (प्राइवेट वेयरहाउस-सरेंडर) और मैसर्स बी लिमिटेड (पब्लिक वेयरहाउस) के मामले में, वेयरहाउस के लिए प्रस्तावित माल के लाइसेंस मूल्य का लाइसेंस में उल्लेख नहीं किया गया था। इसलिए लाइसेंस से वेयरहाउस की क्षमता का पता नहीं चल सका।

इस तरह के विवरणों की अनुपस्थिति में, वेयरहाउसिंग विनियमों की शर्तों की पूर्ति अर्थात किसी अनुसूचित बैंक से सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट और जोखिम बीमा पॉलिसी दोनों को प्रस्तुत करने के लिए किसी भी समय प्राइवेट वेयरहाउस में संचयित करने

के लिए प्रस्तावित शुल्क योग्य माल पर लगने वाले शुल्क की राशि के बराबर राशि प्रमाणित नहीं की जा सकी। इसके अतिरिक्त, किन्हीं अप्रत्याशित कारणों से होने वाली हानि के मामले में, वेयरहाउस में संचयित माल के संबंध में सीमा शुल्क की हानि का भी जोखिम होता है।

मंत्रालय से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ था (मई 2022)।

3.3.4 वेयरहाउस लाइसेंस जारी करने में विलंब

बोर्ड का परिपत्र दिनांक 9 जून 2016 निर्धारित करता है कि आयुक्तालय को आवेदन प्राप्त होने पर उसे 30 दिनों के भीतर जांच करके लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। बांड अधिकारी को आवेदन प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर आवेदन की जांच करके लाइसेंस प्रदान करने के लिए परिसर का दौरा करने की प्रक्रिया पूरी करके प्रधान आयुक्त/आयुक्त को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। लाइसेंसिंग प्राधिकारी (प्रधान आयुक्त/आयुक्त) द्वारा अगले 15 दिनों के भीतर आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार किया जाना चाहिए।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में वेयरहाउस लाइसेंस जारी करने में विलंब की समीक्षा की गई और यह पाया गया कि 12 आयुक्तालयों में यह विलंब 7 दिनों से 440 दिनों के बीच था तथा 41 वेयरहाउसों के संबंध में यह विलंब 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा से अधिक था (***अनुबंध 3.5***)। सीबीडब्ल्यू आयातकों को बिना सीमा शुल्क भुगतान के आयातित माल को संचयित करने के योग्य बनाता है तथा बिना किसी कार्यशील पूँजी को अवरूद्ध करे। यह विलंब सरकार की "व्यापार करने की सुगमता" नीति को प्रभावित करता है।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया और 17 वेयरहाउसों के संबंध में भविष्य के अनुपालन के लिए नोट कर लिया है, जबकि पांच वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का जवाब अभी भी प्रतीक्षित (मई 2022) है।

मंत्रालय ने 19 मामलों के संबंध में लेखापरीक्षा आपत्ति को अस्वीकार किया है और उत्तर दिया है कि अधिकांश मामलों में यह विलंब, कमी ज्ञापन और अन्य दस्तावेजों के अनुपालन को विलंब से प्रस्तुत करने के कारण हुआ था। मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग की ओर से कमी ज्ञापन को प्रसंस्कृत और जारी करने तथा लाइसेंसों के पुनर्वैधीकरण में भी देरी हुई थी।

एक उदाहरणात्मक मामले पर नीचे चर्चा की गई है:

बॉक्स संख्या 3.2 - लाइसेंस जारी करने में विलंब

चेन्नई III आयुक्तालय के अंतर्गत मैसर्स सी प्राइवेट लिमिटेड ने फरवरी 2019 में वेयरहाउसिंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया था और मई 2020 में लाइसेंस जारी किया गया था, अर्थात 15 महीने विलंब से। विलंब अवधि के दौरान आवेदक को एक कंटेनर जहाज से 'बेस ऑयल' के ऑफलोडिंग की अनुमति देने के लिए विभाग की अनुमति लेनी पड़ी, जो अप्रैल 2020 में चेन्नई हार्बर में मैसर्स डी के एक अनधिकृत टैंक में पहुंचा था, जिसके पास न तो वेयरहाउस लाइसेंस था और न ही इसके लिए आवेदन किया था। आवेदक ने पोर्ट अथॉरिटी को प्रति दिन लगभग 20,000 अमरीकी डालर के अवरोध/डैमटेज शुल्क का भुगतान और नेशनल लॉकडाउन को इस तरह की अनुमति प्राप्त न करने का कारण बताया।

यद्यपि विभाग द्वारा दी गई अनुमति ने समस्याओं को दूर कर दिया, लेकिन यह तथ्य फिर भी वही रहता है कि इस तरह की अनुमति प्राधिकृत नहीं थी, क्योंकि न तो आवेदक और न ही टैंक के धारक के पास वेयरहाउस लाइसेंस था। इसके परिणामस्वरूप आवेदक द्वारा आवेदन के समय ली गई बीमा पॉलिसी को एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया।

मंत्रालय ने लाइसेंस जारी करने की घटनाओं का कालक्रम देते हुए कहा (मार्च 2022) कि लाइसेंस जारी करने में विभाग की ओर से कोई विलम्ब नहीं हुआ था। मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि नवंबर 2019 में दस्तावेज जमा करने और डीआरआई से मंजूरी मिलने के बाद विभाग द्वारा जनवरी 2020 में ही साइट का निरीक्षण किया गया था, जो निर्धारित समय सीमा के बाद किया गया था।

3.3.5 वैध लाइसेंस के बिना वेयरहाउसिंग परिचालन

धारा 57 के अंतर्गत नियुक्त एक पब्लिक वेयरहाउस या धारा 58 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त एक प्राईवेट वेयरहाउस जैसा कि यह वित्त अधिनियम, 2016 (2016 का 28) के प्रारंभ से ठीक पहले था, इन विनियमों के लागू होने की तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए धारा 58 ए की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचित माल के संबंध में परिचालन जारी रख सकता है।

तीन आयुक्तालयों[10] में अभिलेख की लेखापरीक्षा समीक्षा से पता चला कि तीन वेयरहाउसों[11] ने पूर्वोक्त विनियमों का अनुपालन नहीं किया था और अनुपालन में अत्याधिक विलंब हुआ है।

मंत्रालय ने सीमा शुल्क आयुक्तालय (विमानपत्तन), कोलकाता के अंतर्गत मैसर्स एफ लिमिटेड, कोलकाता के मामले में अवलोकन को अस्वीकार करते हुए उत्तर दिया कि नवंबर 2016 से लाइसेंसधारी द्वारा कोई परिचालन/स्टॉक नहीं रखा गया था और न ही कोई वेयरहाउसिंग परिचालन हुआ था।

मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि लाइसेंसधारक द्वारा फरवरी 2017 में नया विशेष वेयरहाउस लाइसेंस जारी होने तक परिचालन जारी रखा और संबंधित महीनों के मासिक खपत विवरण से स्पष्ट होता है कि धारा 58ए की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचित माल का स्टॉक रखा था।

आयुक्तालय, आईसीडी पटपड़गंज, दिल्ली के अधीन मैसर्स ई लिमिटेड, नई दिल्ली के मामले में मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है। (मई, 2022)

एक मामले को उदाहरणात्मक नीचे दिया गया है:

जेएनसीएच, मुम्बई में, एक प्राइवेट वेयरहाउस मैसर्स जी लिमिटेड की लाइसेंस फाइल की संवीक्षा से पता चला कि सीमा शुल्क विभाग द्वारा कोई लाइसेंस जारी नहीं किए जाने के बावजूद भी यह वेयरहाउस बिना किसी लाइसेंस के परिचालन कर रहा था। लाइसेंस के बिना वेयरहाउस के परिचालन की अनुमति देने के कारणों के अभिलेख उपलब्ध नहीं थे।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में कहा कि सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 58 के अंतर्गत बारह टैंकों को अस्थाई लाइसेंस जारी किए गए थे और उक्त अस्थाई लाइसेंस समय-समय पर विस्तारित किए गए थे। तथापि, अप्रैल 2021 में, मैसर्स जी लिमिटेड ने धारा 57 के अंतर्गत पब्लिक वेयरहाउस लाइसेंस के लिए आवेदन

[10] आईसीडी पटपड़गंज, दिल्ली, सीमा शुल्क आयुक्तालय (विमानपत्तन), कोलकाता एवं जेएनसीएच, मुंबई

[11] मैसर्स ई लिमिटेड, नई दिल्ली, मैसर्स एफ लिमिटेड, कोलकाता तथा मैसर्स जी प्राइवेट लिमिटेड

किया था और उसे अगस्त 2021 में पब्लिक वेयरहाउस लाइसेंस जारी किया गया था।

मंत्रालय का जवाब स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि विनियमों में अस्थाई लाइसेंस जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है और तथ्य यह है कि ईकाई द्वारा नए वेयहाउसिंग विनियमों का पालन नहीं किया गया और अपना परिचालन उचित लाइसेंस के बिना जुलाई 2021 तक जारी रखा।

3.3.6 पब्लिक अनुबद्ध वेयरहाउस लाइसेंस के अभ्यर्पण/रद्द करने में विलंब

पब्लिक वेयरहाउस लाइसेंसिंग विनियम, 2016 के विनियम 8 के अनुसार, एक लाइसेंसधारक सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त या सीमा शुल्क आयुक्त को लिखित में अनुरोध करके उसे दिए गए लाइसेंस को अभ्यर्पित कर सकता है जैसा कि मामला विशिष्ट शर्तों के विषयाधीन हो सकता है।

लाइसेंस फाइलों की लेखापरीक्षा संवीक्षा के दौरान, यह पता चला कि सीमा शुल्क आयुक्तालय, आईसीडी पटपड़गंज, दिल्ली के अंतर्गत मैसर्स एच लिमिटेड को एक पब्लिक अनुबद्ध वेयरहाउस लाइसेंस संख्या 2/2009-10 जारी किया गया था, जो अगस्त 2016 तक वैध था। चूंकि विनियम 2016 के अंतर्गत शर्तों को पूरा नहीं किया गया था, इसलिए फरवरी 2017 में विभाग द्वारा लाइसेंस रद्द करने की दिशा में अग्रसर होने का निर्णय लिया गया था।

चूंकि अनुबद्ध माल अर्थात एस्केलेटर का एक सेट वेयरहाउस में पड़ा था, इसलिए माल निकासी से पहले लाइसेंस के अभ्यर्पण पर विचार नहीं किया जा सकता था। इसके आगे कोई प्रगति नहीं हुई और मामला आज तक लंबित है।

इसके अतिरिक्त, वेयरहाउस में पड़े माल के निपटान में अत्यधिक विलम्ब के कारण ब्याज की राशि के साथ ₹14.24 लाख (शुल्क, जुर्माना और शास्ति) के साथ-साथ उन वस्तुओं का जिनका वेयरहाउस बांड समाप्त हो गया था निपटान न किए जाने के कारण सरकारी राजस्व में अवरोध उत्पन्न हुआ।

इसी प्रकार, बेंगलुरु शहर सीमा शुल्क आयुक्तालय में, अभिलेखों की जांच से पता चला कि तीन[12] लाइसेंस रद्द नहीं किए गए थे और रद्द न होने के कारण भी अभिलेखों में उपलब्ध नहीं थे।

मंत्रालय से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ था (मई 2022)।

सिफारिश 4: विभाग को आईटी प्रणाली विकसित करने के लिए एक समयबद्ध कार्य योजना की आवश्यकता है, जिसके द्वारा वेयरहाउस लाइसेंस, पूर्ववर्ती सत्यापन, लाइसेंस के समर्पण आदि आवेदनो के पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रभावी और समयबद्ध तरीके से की जाती है। समान व सुसंगत प्रक्रियों का पालन अनुचित कमियों और विलंब को कम करने के लिए किया जाता है।

3.4 वेयरहाउस परिचालनों में गैर-अनुपालन के उदाहरण

3.4.1 जनरल बांड में सीमा शुल्क की कम कटौती/कटौती न करना

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 59 (1) के अनुसार, किसी भी माल के आयातक, जिसे वेयरहाउसिंग के लिए धारा 46 के अंतर्गत बीई प्रस्तुत किया गया है और धारा 17 या धारा 18 के अंतर्गत शुल्क के लिए निर्धारित किया गया है, को ऐसे माल के निर्धारण हेतु शुल्क की राशि के तीन गुना के बराबर राशि का एक बांड प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 59(2) के अनुसार, सहायक आयुक्त/ उपायुक्त सीमा शुल्क किसी आयातक को एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर उसके द्वारा आयात किए जाने वाले माल की वेयरहाउसिंग के संबंध में एक सामान्य बांड प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकता है।

सीमा शुल्क आयुक्तालय, हैदराबाद में दो स्पेशल वेयरहाउस[13] के अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि बांड अधिकारी ने सामान्य बांड से अपेक्षित तिगुनी मूल्यांकित शुल्क राशि अर्थात ₹0.55 करोड़ व ₹483.77 करोड़ की बजाय ₹0.18 करोड़ व ₹161.26 करोड़ को डेबिट कर दिया। एक अन्य मामले[14] में, नए प्रस्तुत सामान्य बांड में समापन स्टॉक के तीन गुना शुल्क को डेबिट करते समय, नए बांड से डेबिट करने की ₹3 करोड़ की एक प्रविष्टि को हटा दिया गया। इसके

[12] मैसर्स आई लिमिटेड, मैसर्स जे लिमिटेड एवं मैसर्स के लिमिटेड।

[13] मैसर्स एल लिमिटेड तथा मैसर्स एम लिमिटेड

[14] मैसर्स एन लिमिटेड

परिणाम स्वरूप कुल मिलाकर सीमा शुल्क बांड में ₹325.88 करोड़ की कम कटौती हुई।

मंत्रालय ने इस आपत्ति को स्वीकार किया और कहा कि दोनों पक्षों ने दिनांक 14 मई 2016 के परिपत्र संख्या 18/2016-सीमा शुल्क के अनुसार तीन गुना शुल्क संबंधी बांड प्रस्तुत किया है, जबकि उन्होंने निर्धारित वास्तविक शुल्क का क्रेडिट ले लिया है और परिपत्र में निर्दिष्ट तिगुने शुल्क को क्रेडिट और डेबिट करने के बजाय वास्तविक शुल्क के साथ इसे डेबिट किया है। तीन गुना शुल्क क्रेडिट करने और तीन गुना शुल्क डेबिट करने की सही प्रक्रिया सितंबर 2018 से कार्यान्वित की गई थी।

दो अन्य मामलों अर्थात् मैसर्स ओ लिमिटेड[15], अहमदाबाद आयुक्तालय के अंतर्गत एक स्पेशल वेयरहाउस और मैसर्स पी लिमिटेड[16], सीमा शुल्क आयुक्त, न्यू कस्टम हाउस, मंगलुरु के अधीन एक स्पेशल वेयरहाउस में उपर्युक्त प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए वेयरहाउस में पड़े माल को बांड के अंतर्गत कवर नहीं किया गया था।

अहमदाबाद आयुक्तालय के अंतर्गत मैसर्स ओ लिमिटेड के मामले में, मंत्रालय ने इस आपत्ति को स्वीकार कर लिया और उत्तर दिया कि दिसंबर 2021 में निर्धारित शुल्क राशि के तीन गुना के बराबर बांड जमा नहीं करने के लिए शास्ति लगाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सीमा शुल्क आयुक्त, न्यू कस्टम हाउस, मंगलुरु के अंतर्गत मैसर्स पी लिमिटेड के मामले में मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2022)।

3.4.2 वेयरहाउस में माल की अतिरिक्त वेयरहाउसिंग

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 57, 58 या 58ए के तहत वेयरहाउस को लाइसेंस प्रदान करते समय, माल और शुल्क के मूल्य के संदर्भ में अधिकतम स्टॉक जो वेयरहाउस में संचयित किया जा सकता है, सीमा शुल्क विभाग द्वारा लाइसेंस में निर्दिष्ट किया जाता है, जिसमें यह निर्धारित किया जाता है कि वेयरहाउस में स्टॉक किए गए माल का मूल्य और उस पर शुल्क किसी भी समय निर्दिष्ट सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, दिनांक 14 मई 2016 की सीमा

[15] 24.05.2017 से 07.08.2017 और 20.12.2018 से 31.05.2019 तक

[16] 24.04.2019 के बाद से

शुल्क अधिसूचना संख्या 72/2016 - सीमा शुल्क (एनटी) के पैरा 4(ए) के अनुसार, वेयरहाउस लाइसेंसधारक को किसी भी समय वेयरहाउस में संचयित किए जाने के लिए प्रस्तावित शुल्क योग्य माल पर लगाई गई शुल्क की राशि के बराबर राशि के लिए भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में एक संपूर्ण जोखिम बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराई जानी अपेक्षित है, जिसमें प्राकृतिक आपदाओं, दंगों, आग, चोरी, छुटपुट चोरी और वाणिज्यिक अपराध भी शामिल हो।

24 आयुक्तालयों के तहत 219 वेयरहाउसों में इस पहलू की समीक्षा की गई थी और मासिक अभिलेखों की लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि छह आयुक्तालयों के तहत आठ वेयरहाउसों के मामले में, वर्ष 2015-20 की अवधि के दौरान वेयरहाउस लाइसेंसधारकों द्वारा ₹2 लाख से ₹68.89 करोड़ की शुल्क राशि के साथ अतिरिक्त स्टॉक रखा गया था। चूँकि, अतिरिक्त स्टॉक को बीमा द्वारा कवर नहीं किया गया था अत: किसी भी आपदा जैसे आगजनी, दुर्घटना व अन्य घटनाओं की स्थिति में सीमा शुल्क की हानि होने का उत्तरदायित्व विभाग का होता । ***(अनुलग्नक 3.6)***

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया और पांच वेयरहाउसों के संबंध में भविष्य के अनुपालन के लिए नोट कर लिया है, जबकि दो वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है (मई 2022)। मंत्रालय ने एक मामले में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को अस्वीकार किया और उत्तर दिया कि इसमें कोई राजस्व हानि नहीं हुई थी और यह एक प्रक्रियात्मक विसंगति थी। मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि वेयरहाउस में माल का अधिक संचयन लाइसेंसिंग शर्तों का उल्लंघन था।

एक निदर्शी मामला नीचे दर्शाया गया है:

बॉक्स नंबर 3.3 - स्टॉक की अतिरिक्त वेयरहाउसिंग

एनसीएच आयुक्तालय, मुम्बई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मैसर्स आर लिमिटेड को जारी किए गए लाइसेंस की शर्तों के अनुसार धारित किया जाने वाला स्टॉक ₹27 करोड़ की शुल्क राशि से अधिक नहीं होगा। शुल्क राशि को 17 अप्रैल 2017 से ₹27 करोड़ से बढ़ाकर ₹50 करोड़ कर दिया गया था। लाइसेंसधारक द्वारा प्रस्तुत मासिक विवरण की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि सितंबर 2016 से मार्च 2020 के दौरान वेयरहाउस में मूल्य के संदर्भ में ₹4 करोड़ से ₹380 करोड़ तक और शुल्क के संदर्भ में ₹42 लाख से ₹68.89 करोड़ तक के माल का अतिरिक्त संचयन किया गया था।

मंत्रालय ने स्वीकार किया (मार्च 2022) कि स्टॉक निर्दिष्ट सीमा से अधिक हो गया था लेकिन अतिरिक्त स्टॉक कुछ अवधि के लिए ही बना रहा। मांग की तात्कालिकता और उत्पाद कीमत में परिवर्तन के अनुसार, अगस्त-2019 से दिसंबर-2020 की अवधि के लिए बीमा कवरेज राशि को बढ़ाकर ₹60 करोड़ कर दिया गया था। संशोधित कवरेज में उतार-चढ़ाव, यदि कोई हो, का ध्यान रखा जाता है। वर्तमान बीमा कवरेज ₹90 करोड़ के लिए है।

मंत्रालय का यह तर्क स्वीकार्य नहीं है क्योंकि संचयित जाने वाले कार्गो पर अधिकतम शुल्क लाइसेंस में निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

3.4.3 एमओटी प्रभारों का भुगतान न करना/अतिरिक्त भुगतान करना

मर्चेंट ओवरटाइम (एमओटी) प्रभार सीमा शुल्क (सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क) विनियमन, 1998 इसमें दरों और ऐसे शुल्क के संग्रहण के तरीके को निर्धारित किया गया है, के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 36 के अनुसार संग्रहीत किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विशेष वेयरहाउस विनियमन 2016 के विनियम 3(ई) और परिपत्र संख्या 20/2016-सीमा शुल्क दिनांक 20 मई 2016 के साथ पठित दिनांक 13 जुलाई 2016 के परिपत्र संख्या 32/2016 यह प्रावधान करता है कि एक स्पेशल वेयरहाउस का लाइसेंसधारक एमओटी आधार पर या लागत वसूली (सीआरसी) आधार पर सीमा शुल्क पर्यवेक्षण लागतों को वहन करेगा।

सीमा शुल्क मैनुअल के अध्याय 12 के अनुसार सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए ओवरटाइम शुल्क की निर्धारित दरें निम्नानुसार हैं:

तालिका 3.1

अधिकारियों की श्रेणी	कार्य दिवसों पर प्रति घंटा या उसके भाग पर शुल्क (₹ में)		अवकाशों पर प्रति घंटा या उसके हिस्से पर शुल्क (₹ में)	
	प्रात: 6 बजे से शाम 8 बजे तक	शाम 8 बजे से प्रात: 6 बजे तक	प्रात: 6 बजे से शाम 8 बजे तक	शाम 8 बजे से प्रात: 6 बजे तक
मूल्यांकनकर्ता, अधीक्षक (सीमा शुल्क निवारक)	85	125	140	180
हवाई सीमा शुल्क अधिकारी, परीक्षक और निवारक अधिकारी	75	100	105	145
स्टाफ	35	45	55	60

लेखापरीक्षा में पाया गया कि पांच आयुक्तालयों में, 14 वेयरहाउसों के संबंध में एमओटी प्रभारों का कम/अनियमित भुगतान किया गया था (***अनुलग्नक 3.7***) एमओटी प्रभारों के कम/अनियमित भुगतान के कारण अभिलेखों में उपलब्ध नहीं थे। एमओटी प्रभारों की अधिक वसूली के मामले भी देखे गए।

एक निदर्शी मामला नीचे दर्शाया गया है:

छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन आयुक्तालय (सीएसआईए), मुम्बई द्वारा चार[17] वेयरहाउसों से एकत्र किए गए एमओटी प्रभारों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि एमओटी प्रभारों की गणना कार्य दिवसों और छुट्टियों पर लागू दरों के बजाय उच्चतम दरों पर या प्रति दिन 24 घंटे से अधिक समय पर गणना की गई थी। इसके परिणामस्वरूप तीन वेयरहाउसों के मामले में ₹4.08 लाख का अधिक संग्रहण हुआ। इसके अलावा, यह भी देखा गया कि एक इकाई में, एमओटी लागू दर की तुलना में कम दर पर एकत्र किया गया था जिसके परिणामस्वरूप ₹0.25 लाख का कम संग्रह हुआ था। इस प्रकार, विभाग द्वारा समान रूप से एमओटी प्रभार संग्रहीत नहीं किए गए थे।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया और एक वेयरहाउस के संबंध में ₹ 65,790 के एमओटी प्रभारी की वसूली की और दो वेयरहाउसों के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई की, जबकि चार वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है (मई 2022)।

मंत्रालय ने सात वेयरहाउसों के संबंध में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को अस्वीकार किया और उत्तर दिया कि एमओटी प्रभारों में कोई कमी नहीं आई थी। मंत्रालय का तर्क स्वीकार्य नहीं है क्योंकि इन लाइसेंसधारकों ने घंटों की कुल संख्या का संदर्भ लिए बिना ही एक ही दर पर एमओटी प्रभारों का भुगतान किया है। इसके अलावा, ब्लॉक, अवधि और अवकाशों पर बिना विचार किए बिना दरों को अपनाया जाना सही नहीं था।

3.4.4 लागत वसूली प्रभारों के स्थान पर एमओटी प्रभारों का संग्रहण

लागत वसूली प्रभार (सीआरसी) अनुबद्ध वेयरहाउसों से वसूली योग्य वह राशि है जो सरकार द्वारा इनके परिसरों में उनके परिचालनों की निगरानी के लिए सीमा

[17] मैसर्स एस लिमिटेड, मैसर्स टी लिमिटेड, मैसर्स यू लिमिटेड तथा मैसर्स वी लिमिटेड

शुल्क विभाग के कार्मिकों की तैनाती पर किए गए व्यय पर आधारित है। सृजित पदों की लागत का निर्धारण तैनात कर्मचारियों के वास्तविक वेतन और परिलब्धियों के बराबर राशि अर्थात् डीए, एचआरए आदि सहित औसत वेतन और भत्तों के बराबर राशि पर किया गया है। जब एक सीमा शुल्क अधिकारी चार से पांच इकाइयों के कार्यचालन का पर्यवेक्षण करता है, तो लागत वसूली प्रभार उनके बीच साझा किए जाते हैं।

स्पेशल वेयरहाउस विनियमन 2016 के विनियम 3 के खंड (ई) और परिपत्र संख्या 20/2016 - सीमा शुल्क दिनांक 20 मई 2016 के साथ पठित परिपत्र संख्या 32/2016 दिनांक 13 जुलाई 2016 में प्रावधान है कि एक स्पेशल वेयरहाउस का लाइसेंसधारक एमओटी आधार पर या लागत वसूली के आधार पर सीमा शुल्क पर्यवेक्षण की लागत को वहन करेगा। परिपत्र में इसके साथ-साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि लाइसेंसधारक को सप्ताह में एक बार या दिन में एक बार वेयरहाउस के परिचालन की आवश्यकता होती है, तो पर्यवेक्षण की लागत एमओटी आधार पर ली जाएगी। तथापि, यदि वेयरहाउस निकटतम सीमा शुल्क कार्यालय से इतनी दूरी पर है या कार्य की प्रकृति और अवधि ऐसी है कि, बांड अधिकारी पूरे दिन या काफी समय के लिए अपने कार्यालय से अनुपस्थित होकर दैनिक आधार पर दौरा कर रहा है, तो लाइसेंसधारक को लागत वसूली के आधार पर सेवाएं लेनी होंगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे मामलों में जहां लाइसेंसधारक को एक दिन में एक से अधिक बार सीमा शुल्क अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता होती है, उसे लागत वसूली के आधार पर पर्यवेक्षण कराना होगा। इसी प्रकार, यदि चौबीसो घंटे सेवाओं का अनुरोध किया जाता है, तो लाइसेंसधारक को लागत वसूली के आधार पर प्रभारों को वहन करना होगा।

तीन आयुक्तालयों के अंतर्गत, 10 स्पेशल वेयरहाउसों के संबंध में सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभार, सीआरसी आधार की अपेक्षा एमओटी आधार पर लगाए गए थे। वसूली के गलत तरीके को अपनाने के परिणामस्वरूप ₹10.29 करोड़ के सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की कम वसूली हुई।

कुछ निदर्शी मामला नीचे दर्शाया गया है:

बॉक्स नंबर 3.4 - सीआरसी के स्थान पर एमओटी प्रभार

i) सीएसआईए आयुक्तालय, मुम्बई में, यद्यपि सीमा शुल्क अधिकारियों को चौबीस घंटे तैनात किया गया था, फिर भी सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों को छह वेयरहाउसों के संबंध में सीआरसी आधार की अपेक्षा एमओटी आधार पर वसूला गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹6 करोड़ के सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की कम वसूली हुई है।

ii) सीमा शुल्क आयुक्तालय (विमानपत्तन), कोलकाता में दो स्पेशल वेयरहाउसों अर्थात् मैसर्स डब्ल्यू लिमिटेड और मैसर्स एक्स लिमिटेड में नियमित रूप से छह घंटे से अधिक समय तक सीमा शुल्क पर्यवेक्षण का लाभ उठाया। विभाग ने सीआरसी आधार के बजाय एमओटी आधार पर सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की वसूली की जिसके परिणामस्वरूप ₹2.93 करोड़ की कम वसूली हुई।

iii) कोचीन निवारक आयुक्तालय के अंतर्गत मैसर्स वाई लिमिटेड और मैसर्स जेड लिमिटेड के संबंध में, ₹1.36 करोड़ की कम वसूली हुई क्योंकि विभाग ने मौजूदा प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की वसूली के लिए सीआरसी के स्थान पर एमओटी प्रभारों को अपनाया था।

मंत्रालय ने आयुक्तालय (विमानपत्तन), कोलकाता के अंतर्गत मैसर्स डब्ल्यू लिमिटेड के मामले में अभ्युक्ति (मार्च 2022) को स्वीकार किया और कहा कि विभाग ने लाइसेंसधारक द्वारा प्राप्त सीमा शुल्क पर्यवेक्षणों की आवृत्ति का मूल्यांकन किया और फरवरी 2019 में सीआरसी आधार पर पर्यवेक्षण लागत की मांग करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके अतिरिक्त, मैसर्स एक्स लिमिटेड के मामले में सीआरसी/एमओटी प्रभारों की वसूली जांच के अधीन है और की गई कार्रवाई की सूचना उचित समय पर दी जाएगी। सीएसआईए आयुक्तालय, मुम्बई और आयुक्तालय (निवारक), कोचीन के संबंध में मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2022)।

3.5 निगरानी और आंतरिक नियंत्रण तंत्र

3.5.1 अपर्याप्त/त्रुटिपूर्ण ऋण शोधन प्रमाणपत्र

परिपत्र संख्या 24/2016-सीमा शुल्क दिनांक 02 जून 2016 और परिपत्र संख्या 32/2016-सीमा शुल्क दिनांक 13 जुलाई 2016 के साथ पठित पब्लिक/प्राईवेट/स्पेशल वेयरहाउस लाइसेंसिंग विनियमन, 2016 के विनियम 3(1) के अनुसार वेयरहाउस के लिए आवेदक को अनुसूचित बैंक से ऋण शोधन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

(i) पब्लिक वेयरहाउस लाइसेंस के संबंध में दो करोड़ रुपये के लिए

(ii) प्राइवेट/स्पेशल अनुबद्ध वेयरहाउस लाइसेंसधारक के संबंध में किसी भी समय संग्रहीत किए जाने के लिए प्रस्तावित माल पर शामिल अधिकतम शुल्क के बराबर राशि के लिए।

24 आयुक्तालयों के तहत 219 वेयरहाउसों में इस पहलू की समीक्षा की गई और अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि पांच आयुक्तालयों[18] के अंतर्गत सात वेयरहाउसों में, ऋण शोधन प्रमाण-पत्र या तो प्रस्तुत नहीं किए गए थे या वेयरहाउस रक्षक द्वारा प्रस्तुत ऋण शोधन प्रमाण-पत्र वेयरहाउस लाइसेंस विनियमन, 2016 के अंतर्गत निर्धारित राशि से कम राशि के लिए था ***(अनुलग्नक 3.8)*** ।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च, 2022) में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया और तीन वेयरहाउसों के संबंध में कार्रवाई आरंभ कर दी, जबकि एक वेयरहाउस के संबंध में मंत्रालय का उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है (मई 2022)।

मंत्रालय ने तीन वेयरहाउसों के संबंध में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार नहीं किया है और उत्तर दिया कि ऋण शोधन प्रमाणपत्र की सत्यता को सत्यापित करने की कोई विशेष आवश्यकता नहीं थी। एक अन्य वेयरहाउस के संबंध में, मंत्रालय द्वारा यह उत्तर दिया गया था कि सीमा शुल्क को बांड और बैंक गारंटी द्वारा अच्छी तरह से कवर किया गया था। मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग ने स्वयं लाइसेंसधारकों द्वारा प्रस्तुत ऋण शोधन प्रमाण-पत्रों की सत्यता की पुष्टि करने की कार्रवाई शुरू कर दी है और ऋण शोधन प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना सरकार के निर्देशों का उल्लंघन था।

निदर्शी मामलों पर नीचे चर्चा की गई है:

- एसीसी निर्यात आयुक्तालय, नई दिल्ली में मई 2018 में एक पब्लिक वेयरहाउस संचालित करने के लिए मैसर्स एए लिमिटेड को एक लाइसेंस जारी किया गया था। अभिलेखो की जांच से पता चला कि मई 2018 में बैंक को प्रमाण पत्र की सत्यता को सत्यापित करने के लिए एक पत्र जारी किया गया था जिस पर उन्होने उत्तर दिया कि लाइसेंसधारक द्वारा प्रस्तुत ऋण शोधन प्रमाण पत्र ,जो जून 2020 में प्राप्त हुआ था, वास्तविक नहीं था। मंत्रालय ने इस अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया है और कहा कि लाइसेंस अक्टूबर 2020 में रद्द कर दिए गए हैं। फिर भी, बैंक के साथ अनुवर्ती कारवाई करने में देरी के परिणामस्वरूप एक अयोग्य आवेदक को लाइसेंस जारी किया गया।

[18] एसीसी निर्यात, दिल्ली, एसीसी जोन-III, मुंबई, सीमा शुल्क आयुक्तालय, अहमदाबाद, सीमा शुल्क आयुक्तालय, भुवनेश्वर और सीमा शुल्क आयुक्तालय, हैदराबाद

- सीमा शुल्क आयुक्तालय, अहमदाबाद के एक अन्य मामले में, हमने पाया कि मैसर्स एबी लिमिटेड ने अनुसूचित बैंक के बजाय एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की फर्म मैसर्स एसी एंड कंपनी द्वारा जारी ऋण शोधन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। मंत्रालय ने इस अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया है और कहा है कि सीमा शुल्क अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक प्रावधानों को लागू करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

3.5.2 ऋण शोधन प्रमाण पत्र का वार्षिक नवीनीकरण

सीबीआईसी द्वारा जारी 9 जून 2016 के परिपत्र 26/2016 के खंड 8 में कहा गया है कि लाइसेंसधारक को वार्षिक रूप से बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण करना होगा और ऋण शोधन शर्तों (जैसा लागू हो) का पालन करना जारी रखना होगा और इसे हर वर्ष प्रस्तुत करना आवश्यकता होगा।

वेयरहाउस द्वारा ऋण शोधन प्रमाण पत्र के नवीकरण के पहलू की 24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में समीक्षा की गई थी और आठ आयुक्तालयों[19] में यह पाया गया था कि 52 वेयरहाउस लाइसेंसधारक नियमित रूप से ऋण शोधन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहे थे **(अनुलग्नक *3.9*)**।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया और 48 वेयरहाउसों के संबंध में कार्रवाई शुरू की। चार वेयरहाउसों के संबंध में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति अस्वीकार करते हुए मंत्रालय ने उत्तर दिया कि ऋण शोधन प्रमाण पत्र दो वेयरहाउसों द्वारा प्रस्तुत किया गया था; यह उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि ऋण शोधन प्रमाण पत्र लाइसेंस जारी करने से पहले प्राप्त किया जाना चाहिए था और उसके बाद हर वर्ष नवीनीकृत किया जाना चाहिए था।

शेष दो मामलों में, मंत्रालय ने उत्तर दिया कि एक वेयरहाउस के पास जोखिम बीमा पॉलिसी थी और दूसरे लाइसेंसधारक ने एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। मंत्रालय का यह तर्क स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग को अनुसूचित बैंक

[19] एसीसी निर्यात, एनसीएच, दिल्ली, सीमा शुल्क आयुक्तालय (ए एंड जी), दिल्ली, सीमा शुल्क आयुक्तालय (बंदरगाह), कोलकाता, सीमा शुल्क आयुक्तालय, अहमदाबाद, सीमा शुल्क आयुक्तालय (निवारक), विजयवाड़ा, सीमा शुल्क आयुक्तालय, हैदराबाद, सीमा शुल्क आयुक्तालय, आईसीडी पटपड़गंज और अन्य आईसीडी, दिल्ली, सीमा शुल्क आयुक्तालय, जयपुर

से लाइसेंस जारी होने से पहले ऋण शोधन प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए था और प्रत्येक वर्ष इसका नवीनीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए था।

3.5.3 जोखिम बीमा पॉलिसी

पब्लिक/प्राइवेट/स्पेशल वेयरहाउस लाइसेंसिंग विनियमन, 2016 के विनियम 4 के अनुसार, आवेदक को समग्र जोखिम बीमा पॉलिसी प्रदान करनी होगी जिसमे किसी भी समय संचयित किए जाने वाले, प्रस्तावित शुल्क योग्य माल पर शामिल शुल्क की राशि के बराबर राशि के लिए जो भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में हो, जिसमें प्राकृतिक आपदाओं, दंगों, आग, चोरी और वाणिज्यिक अपराध शामिल हो। इसके अलावा, 9 जून 2016 के परिपत्र 26/2016 के अनुसार, लाइसेंसधारक को वार्षिक रूप से बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण करना आवश्यक है।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में इसकी समीक्षा की गई और 13 आयुक्तालयों[20] में अभिलेखों की लेखापरीक्षा से पता चला कि 129 वेयरहाउसों के संबंध में लाइसेंसधारक बोर्ड द्वारा जारी विनियमों और अनुदेशों का अनुपालन करने में विफल रहे। इससे वेयरहाउस में आग, चोरी आदि जैसी किसी भी आपदा की स्थिति में वेयरहाउसों में रखे माल पर सीमा शुल्क की हानि का जोखिम था ***(अनुलग्नक 3.10)***।

129 मामलों में से, 56 मामलों में बीमा कवर एक समय या एक अवधि के लिए ₹ 1,015.71 करोड़ कम था। 73 वेयरहाउस लाइसेंस मामलों मे, ऐसा सांख्यिक नहीं किया जा सका क्योंकि संचयन के लिए प्रस्तावित माल पर शुल्क के अभिलेख (लाइसेंस के अनुसार) उपलब्ध नहीं थें।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया और 63 वेयरहाउसों के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि 66 वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय का उत्तर अभी प्रतीक्षित है (मई 2022)।

[20] एसीसी निर्यात, एनसीएच, दिल्ली, एसीसी जोन-III, मुंबई, बेंगलुरु सिटी आयुक्तालय, बेंगलुरु, सीमा शुल्क आयुक्तालय, चेन्नई-III, कोचीन सीमा शुल्क आयुक्तालय, सीमा शुल्क आयुक्तालय (बंदरगाह), कोलकाता, सीमा शुल्क आयुक्तालय, लुधियाना, सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय, लखनऊ, सीमा शुल्क आयुक्तालय (ए एंड जी), दिल्ली, सीमा शुल्क आयुक्तालय, अहमदाबाद, सीमा शुल्क आयुक्तालय, जयपुर, सीमा शुल्क आयुक्तालय, आईसीडी पटपड़गंज और अन्य आईसीडी, दिल्ली, जेएनसीएच, जोन-II, मुंबई, एनसीएच मंगलुरु और एनसीएच, जोन-I, मुंबई,

मंत्रालय ने 17 मामलों में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार नहीं किया है और उनका उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि सात मामलों में, बीमा पॉलिसी दस्तावेज अभिलेखों में उपलब्ध नहीं थे। अन्य सात मामलों में, बीमा पॉलिसियों को नियमित रूप से नवीनीकृत नहीं किया गया था। शेष तीन मामलों में से, एक वेयरहाउस के संबंध में मंत्रालय ने उत्तर दिया कि लाइसेंसधारक ने अक्टूबर 2017 में लाइसेंस के अभ्यर्पण के लिए आवेदन किया था, जबकि अभिलेखो से पता चला कि अभ्यर्पण के लिए आवेदन मार्च 2021 में ही पेश किया गया था। इसके अलावा, एक मामले में बीमा कवरेज की निरंतरता भंग हुई थी।

सिफारिश 5: विभाग को दिवालिया प्रमाण पत्र, बैंक गारंटी और जोखिम बीमा नीति के नवीनीकरण तखा आई टी प्रणाली/मॉड्युल पर नजर रखने व निगरानी के लिए एक समयबद्ध तरीके से एक आई टी प्रणाली विकसित करना चाहिए। यह प्रणाली नियमों में निर्धारित बीमा के अंतर्गत 100 *प्रतिशत* शुल्क कवरेज पर नजर रखने तथा निगरानी करना चाहिए।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में कहा है कि सिफारिश को नोट कर लिया है और लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रकाशित हो जाने के बाद, प्रतिवेदन को सम्यक सतर्कता बरतने के लिए सभी क्षेत्रीय संरचनाओं को परिचालित कर दिया जाएगा।

3.5.4 वेयरहाउसिंग अवधि के विस्तार के लिए बैंक गारंटी का कम प्रस्तुतीकरण

31 मई 2016 के परिपत्र संख्या 21/2016-सीमा शुल्क के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 59 (3) के अनुसार, आयातक को एक वर्ष, दो वर्ष और तीन वर्ष से अधिक के विस्तार के लिए शुल्क राशि सहित उस पर अर्जित ब्याज के क्रमशः 25 *प्रतिशत*, 50 *प्रतिशत* और 100 *प्रतिशत* की दर से बैंक गारंटी के माध्यम से एक प्रतिभूति प्रस्तुत करनी होगी।

बंगलौर सिटी आयुक्तलाय में, मैसर्स एडी लिमिटेड, एक प्राइवेट वेयरहाउस ने तीन बीई के तहत किए गए आयातों के संबंध में ₹3.09 लाख की तुलना में ₹1.59 लाख की बैंक गारंटी प्रस्तुत की थी। इसके परिणामस्वरूप बैंक गारंटी को कम प्रस्तुत किया गया और सरकारी राजस्व का जोखिम पैदा हुआ।

मंत्रालय से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था (मई 2022)।

3.5.5 बांड समाप्त हो चुके माल का निस्तारण न होना

सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 72 की उप-धारा 1 (बी) के अनुसार, जहां किसी भी वेयरहाउस में रखे गए माल को उस अवधि की समाप्ति पर किसी वेयरहाउस से नहीं हटाया गया है, जिस अवधि के लिए धारा 61 के तहत ऐसे माल को वेयरहाउस में रखने की अनुमति दी गई है, तब उचित अधिकारी ऐसे माल के संबंध में देय ब्याज, जुर्माना और शास्ति सहित ऐसे माल के आधार पर प्रभार्य शुल्क की पूरी राशि की मांग कर सकता है और ऐसे माल का मालिक तुरंत इसका भुगतान करेगा।

इसके अतिरिक्त, उपधारा (2) के अनुसार, यदि कोई मालिक उप-धारा (1) के अंतर्गत मांगी गई किसी राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उचित अधिकारी, किसी अन्य उपाय के पूर्वाग्रह के बिना मालिक को नोटिस देने के बाद, वेयरहाउस में रखे उसके माल के पर्याप्त हिस्से, यदि कोई हो, को कब्जे में ले सकता है और बेच सकता है, जैसा कि उक्त अधिकारी उपयुक्त समझे।

24 आयुक्तालयों के अंतर्गत 219 वेयरहाउसों में इसकी समीक्षा की गई और आंकडों के लेखापरीक्षा विश्लेषण से पता चला कि नौ आयुक्तालयों[21] के तहत 35 वेयरहाउसों में ₹75.75 करोड़ के शुल्क वाले, 525 समय समाप्त हो चुके बांड/बीई बिना निस्तारण के पड़े थे ***(अनुलग्नक 3.11)***।

पहल न करने और अनुवर्ती कार्रवाई न किए जाने के परिणामस्वरूप राजस्व का अवरोधन हुआ। इसके अलावा, इससे वेयरहाउस में आग, चोरी आदि जैसी किसी भी आपदा के मामले में सीमा शुल्क हानि का जोखिम था, क्योंकि उस माल के संबंध में बीमा कवरेज नहीं होगा जिनके बांड की समय-सीमा समाप्त हो चुकी थी।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (मार्च 2022) में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया और 25 वेयरहाउसों के संबंध में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि आठ वेयरहाउसों के संबंध में मंत्रालय के उत्तर अभी भी प्रतीक्षित है (मई 2022)।

[21] एसीसी निर्यात, एनसीएच, दिल्ली, सीमा शुल्क आयुक्तालय, आईसीडी पटपड़गंज और अन्य, बेंगलुरु सिटी आयुक्तालय, बेंगलुरु, सीमा शुल्क आयुक्तालय चेन्नई-III, सीमा शुल्क आयुक्तालय चेन्नई-VII, कोचीन सीमा शुल्क आयुक्तालय, सीमा शुल्क आयुक्तालय (बंदरगाह) कोलकाता, सीमा शुल्क आयुक्तालय, लुधियाना और जेएनसीएच, जोन-II, मुंबई

दो मामलों में मंत्रालय का यह उत्तर स्वीकार्य नहीं है कि रिपोर्टें मासिक आधार पर सीमा शुल्क को भेजी गई थीं और ऐसा कोई मामला नहीं था जहां विस्तार लेने की आवश्यकता थी क्योंकि उत्तर अभ्युक्ति से संबन्धित नहीं है और मार्च 2020 के महीने की मासिक तकनीकी रिपोर्ट से पता चला कि सात बांडों के तहत ₹ 5.50 लाख का माल कालातीत हो गया था।

एक निदर्शी मामले पर नीचे चर्चा की गई है:

मैसर्स एई लिमिटेड को सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 57 के तहत 14 अक्टूबर 2016 के सीमा शुल्क आयुक्त के अनुमोदन के माध्यम से वेयरहाउस के संचालन के लिए लाइसेंस जारी किया गया था।

लाइसेंसधारक ने विभाग को सूचित किया कि 17 अप्रैल 2018 को अनुबद्ध वेयरहाउस में भीषण आग लगी थी। आग लगने के समय वेयरहाउस में रखा गया स्टॉक ₹1.79 करोड़ की देयता शुल्क के साथ ₹3.93 करोड़ का था, जिसमें ₹1.06 करोड़ की देयता शुल्क वाला ₹1.68 करोड़ का वह माल शामिल था, जिनके बांड समाप्त हो गए थे।

हालांकि पर्यवेक्षक ने ₹1.60 करोड़ के शुल्क की हानि का आकलन किया, बीमा कंपनी ने माल के संबंध में ₹1.06 करोड़ के दावे को कम कर दिया क्योंकि बांड समाप्त हो चुके थे। बीमा पॉलिसी से जुड़ी शर्तों के आगे के सत्यापन से पता चला कि पॉलिसी में माल को कवर नहीं किया गया था, क्योंकि ये माल 365 दिनों से अधिक की अवधि के लिए अनुबद्ध वेयरहाउस में रहे और सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा कोई समय विस्तार नहीं दिया गया था। जहां बांड समाप्त हो चुके थे वहाँ बांडों के नवीनीकरण/स्टॉक की निकासी सुनिश्चित करने के लिए विभाग की ओर से निष्क्रियता के परिणामस्वरूप बीमा एजेंसी द्वारा बीमा दावे से इनकार कर दिया गया और ₹1.06 करोड़ तक के सीमा शुल्क की हानि हुई।

मंत्रालय से कोई उत्तर नहीं मिला (मई 2022)।

3.5.6 वेयरहाउस मे रखे माल की देरी से निकासी पर ब्याज का अनुद्ग्रहण

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 61(2) के अनुसार, धारा 60 के तहत किसी भी सौ प्रतिशत ईओयू[22] या ईएचटीपी इकाई या एसटीपीआई इकाई में उपयोग के लिए अभिप्रेत पूंजीगत या गैर-पूंजीगत माल के अलावा वेयरहाउस में रखे गए किसी भी माल और नब्बे दिनों की अवधि के बाद वेयरहाउस में रखे शेष माल के संबंध में, उक्त नब्बे दिनों की समाप्ति से लेकर वेयरहाउस में रखे माल पर शुल्क के भुगतान की तारीख तक की अवधि के लिए माल की निकासी के समय देय शुल्क की राशि पर ब्याज ऐसी दर पर देय होगा जो धारा 47 के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया हो

एनसीएच आयुक्तालय, मुम्बई में 40 एक्स-बांड बीई के विश्लेषण से पता चला कि आईसीईएस आईटी सिस्टम द्वारा 90 दिनों की अवधि से अधिक समय के बाद वेयरहाउसों में रखे गए माल की निकासी पर देय ₹5.41 लाख के ब्याज की गणना नहीं की गई थी। विभाग से सिस्टम की इस त्रुटि का कारण मांगा गया था और विभाग द्वारा आज तक कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है।

मंत्रालय ने इस अभ्युक्ति को अस्वीकार करते हुए कहा (मार्च 2022) कि माल को एमईआईएस के लाभ के तहत एक्स-बांड किया गया था और ऐसे माल पर शुल्क से छूट दी जाती है जो एमईआईएस के तहत डीजीएफटी क्षेत्रीय प्राधिकरण द्वारा जारी शुल्क क्रेडिट स्क्रिप के प्रति आयात किए जाते हैं। चूंकि कोई शुल्क नहीं लगाया गया था, इसलिए सिस्टम में कोई ब्याज नहीं लगाया गया था।

मंत्रालय का यह तर्क स्वीकार्य नहीं है क्योंकि माल को शुल्क के भुगतान के बिना नहीं बल्कि शुल्क क्रेडिट स्क्रिप्स को डेबिट करने के बाद मंजूरी दी गई थी। ऐसे मामलों में, जहां एक्स-बांड अवधि नब्बे दिनों की अवधि से अधिक थी, वहाँ एक्स-बांड शुल्क छुट पर ब्याज उद्ग्रहीत किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यह देखा गया कि इसी तरह के मामलों में ब्याज उद्ग्रहीत किया गया था जहां वेयरहाउसिंग अवधि नब्बे दिनों से अधिक थी।

---

[22] वस्तुओं और सेवाओं के अपने संपूर्ण उत्पादन (डीटीए में अनुमेय बिक्री को छोड़कर) को निर्यात करने वाली इकाइयों को मरम्मत, पुन: निर्माण, सुधार, पुन: इंजीनियरिंग और सेवाओं के प्रतिपादन सहित वस्तुओं के विनिर्माण के लिए निर्यात उन्मुख इकाई (ईओयू) योजना, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (ईएचटीपी) योजना या सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) योजना के तहत स्थापित किया जा सकता है।

3.5.7 वेयरहाउसिंग बांड प्रबंधन में अनियमितताएं

सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 73 के अनुसार, जब धारा 59 के तहत प्रस्तुत किसी भी बांड द्वारा कवर किए गए पूरे माल की घरेलू खपत के लिए निकासी की गई है या निर्यात या स्थानांतरित कर दिया गया है या अन्यथा विधिवत रूप से हिसाब में लिया गया है, और जब ऐसे माल पर देय सभी शुल्कों का भुगतान कर दिया गया है, तो उचित अधिकारी बांड को पूरी तरह से संपादित करके रद्द कर देगा और उस व्यक्ति द्वारा मांग किए जाने पर इस रद्द बांड को उसे देगा जिसने इसे प्रस्तुत किया है या इसे प्राप्त करने का हकदार है। किसी भी माल के आयातकर्ता को, ऐसे माल के संबंध में अधिनियम, नियम व विनियमों के सभी प्रावधानों का पता लगाकर धारा 59 के तहत एक वेयरहाउसिंग बांड प्रस्तुत करना है। सभी शुल्कों तथा देय ब्याज को अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पर सभी शास्तियों को वहन करना होगा।

चार आयुक्तालयों[23] में अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि धारा 59 के तहत प्रस्तुत किए गए 14,144 वेयरहाउसिंग बांडों को विभाग द्वारा उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना करते हुए रद्द नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा कोई समान निर्धारित प्रक्रियाएं नहीं अपनाई गई थीं। लेखापरीक्षा में आगे पाया गया कि सिस्टम ने निर्यात, अन्य वेयरहाउसों और सेज़ को स्थानांतरित करने जैसे विवरणों का दर्ज नहीं किया है। माल की वेयरहाउस से निकासी के बाद तथा शुल्क का भुगतान कर दिया गया हो तो, बांड आईसीईएस सिस्टम में रद्द हो जाना चाहिए। आईसीईएस में ऐसे बांडों को रद्द न करना, जीवंत बांडों की गलत स्थिति देते है।

निदर्शी मामलों पर नीचे चर्चा की गई है:

एसीसी, मुम्बई में, बोर्ड के परिपत्र संख्या 18/2016 दिनांक 14 मई 2016 के अनुसार, सीमा शुल्क आयुक्त (सामान्य) मुम्बई के कार्यालय द्वारा एक स्थानीय स्थायी आदेश जारी किया गया था जिसमें स्पेशल वेयरहाउस जैसे एयरलाइन कैटरर्स और शुल्क मुक्त दुकानों में आयातों की वेयरहाउसिंग की अनुमति देने के लिए बांड

[23] प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त, आईसीडी तुगलकाबाद, सीमा शुल्क आयुक्त, आईसीडी पटपड़गंज और अन्य आईसीडी, प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त, एनसीएच, दिल्ली और एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, मुंबई

सेक्शन में बांड को स्वीकार करने की प्रक्रिया, स्पेशल वेयरहाउस के प्रभारी बॉन्ड अधिकारी से तीस दिनों के भीतर पुन: वेयरहाउसिंग प्रमाणपत्र (आरडब्ल्यूसी)[24] की प्राप्ति का पर्यवेक्षण एवं सभी माल की निकासी के बाद समाप्त होने वाले बांड के संबंध में समेकित एक्स बॉन्ड बीई की फाइलिंग की निगरानी को निर्दिष्ट किया गया था। इस प्रकार, आयात का सीमा शुल्क पत्तन बांडों की वेयरहाउसिंग अवधियों की निगरानी और बांडों की समाप्ति के मामले में की जाने वाली कार्रवाई के लिए एक केन्द्र बिन्दु के रूप में कार्य करता है।

एसीसी मुम्बई के तहत बांड सेक्शन में एमटीआर के विश्लेषण से पता चला कि स्पेशल वेयरहाउस, पब्लिक और प्राइवेट वेयरहाउस तथा अन्य लाइसेंसधारकों के मामले में निर्धारित प्रक्रियाओं की अवहेलना करते हुए मैन्युअल बांड को रद्द करने के लिए विभिन्न तरीकों का पता चला:

- ₹55.73 लाख के शुल्क घटक वाले 32 बांडों में आरडब्ल्यूसी प्राप्त नहीं किया गया था, हालांकि छह बांड एक वर्ष से अधिक पुराने थे। 13 बांडों के मामले में, आरडब्ल्यूसी 30 दिनों की समाप्ति के बाद प्राप्त हुए थे, जबकि 12 मामलों में बांड समाप्त होने के तथ्य के बावजूद रजिस्टर में कोई आरडब्ल्यूसी उपलब्ध नहीं था।
- दो स्पेशल वेयरहाउस अर्थात् मैसर्स एएफ लिमिटेड और मैसर्स एजी लिमिटेड के मामले में आरडब्ल्यूसी की प्राप्ति के पर्यवेक्षण हेतु कोई व्यवस्था और प्रक्रियाएं नहीं की गई थीं। लेखापरीक्षा में आगे पता चला है कि हालांकि वर्ष 2016-17 से 2018-19 की अवधि से संबंधित 6,438 बांड अभी भी आईसीईएस में जीवंत हैं, लेकिन उन्हें रद्द करने के लिए विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।
- पब्लिक और प्राइवेट वेयरहाउसों को माल की आवाजाही के लिए स्वीकृत बांडों के संबंध में, बांडों को एक्स-बांड बीई के आधार पर बांड रजिस्टरों में मैन्युअल रूप से बंद किया जा रहा था। वर्ष 2015-18 के दौरान 3,712

[24] एक कारखाने या वेयरहाउस से दूसरे कारखाने में उत्पाद शूल्क योग्य माल को हटाने को री-वेयरहाउसिंग कहा जाता है और गंतव्य के वेयरहाउस में माल के आगमन पर पुन: भंडारण प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। बोर्ड ने आरडब्ल्यूसी जमा करने लिए अधिप्राप्ति प्रमाण पत्र (पीसी) जारी करने की तारीख से अधिकतम 90 दिनों की अवधि निर्धारित की थी।

मामलों में जहां परेषण-वार ईडीआई बांड स्वीकार किए गए थे, उनके संबंध में, उन्हें रद्द करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

सीमा शुल्क आयुक्तालय (आयात), आईसीडी, तुगलकाबाद और सीमा शुल्क आयुक्तालय आईसीडी पटपड़गंज तथा अन्य आईसीडी में 2,733 और 4,194 बांड रद्द करने के लिए लंबित थे। बांड रद्द करने में देरी एक महीने से लेकर तीन साल से अधिक तक थी।

मंत्रालय से कोई जवाब नहीं मिला (मई 2022)।

3.5.8 अनुबद्ध वेयरहाउस की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण

परिपत्र सं 52/98-सीमा शुल्क दिनांक 27 जुलाई, 1998 में यह परिकल्पना की गई है कि वरिष्ठ अधिकारियों और कस्टम हाउस लेखापरीक्षा दलों द्वारा सीबीडब्ल्यू की नियमित लेखापरीक्षा और निरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि संबंधित दस्तावेजों से संबंधित स्वरूप, मात्रा, संख्या और अन्य प्रासंगिक ब्यौरे सत्यापित किए जा सकें। यह अभ्यास छह महीने में एक बार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक जांच द्वारा समर्थित लेखापरीक्षा पार्टियों द्वारा किया जा सकता है। लेखापरीक्षा के दौरान, उन सभी परेषणों को संवीक्षा के लिए लिया जाना चाहिए जो वेयरहाउसिंग अवधि की समाप्ति के बाद भी वेयरहाउस में पड़े हैं, ताकि मूल्यह्रास, प्रतिस्थापन या अन्य गैरकानूनी निस्तारण से बचा जा सके।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के दौरान विभाग द्वारा सीबीडब्ल्यू की नियमित लेखापरीक्षा और निरीक्षण नहीं किया गया था।

विभागीय प्राधिकारियों द्वारा लेखापरीक्षा और पर्यवेक्षण न किए जाने से विभाग द्वारा प्रभावी निगरानी की कमी का पता चला। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा यह आश्वासन भी नहीं दे सकता कि वेयरहाउसिंग अवधि बीत जाने के पश्चात् वेयरहाउस में पड़े परेषणों की स्थिति में उचित कार्रवाई की गई थी या नहीं, जिसमें माल के मूल्यह्रास, प्रतिस्थापन या अन्य गैर-कानूनी रूप से निस्तारण का जोखिम होता है।

मंत्रालय ने अभियुक्ति को स्वीकार (मार्च 2022) कर लिया है और जवाब दिया है कि महानिदेशक (लेखापरीक्षा) के तहत एडीजी (मुख्यालय) लेखापरीक्षा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन जनवरी 2022 में किया गया है, जिसमें सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 57, 58, 58ए और 65 के तहत वेयरहाउसों की

लेखापरीक्षा के लिए दिशानिर्देशों /एसओपी का मसौदा तैयार करने का अधिदेश है। समिति के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में मौजूदा कानूनी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट लेखापरीक्षा मापदंड परिभाषित करना और लेखापरीक्षा की जाने वाली इकाइयों के चयन मानदंडों का निर्धारण, योजना क्षेत्र, ऐसी लेखापरीक्षा की आवधिकता, जोखिम मानदंडों पर निर्भर लेखापरीक्षा की अलग-अलग सीमा, लेखापरीक्षा के चरण और संबंधित कार्यप्रवाह/जांच सूची/प्रपत्र आदि शामिल हैं।

सिफारिश 6: मंत्रालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी लेखापरीक्षा के लिए दिशानिर्देशों/एसओपी सहित, सीबीडब्ल्यु की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण के लिए एक तंत्र तुरंत लागू कर दिया जाए।

3.5.9 पब्लिक /प्राइवेट अनुबद्ध वेयरहाउस में माल का अनियमित संचयन

परिपत्र संख्या 26/2016 दिनांक 09 जून 2016 के अनुसार, एक पब्लिक बोंडेड वेयरहाउस वास्तव में तीसरे पक्ष से संबंधित माल के वेयरहाउस के लिए है और आवेदक घोषणा करेगा कि उसके द्वारा आयातित माल को पब्लिक अनुबद्ध वेयरहाउस में संचयित नहीं किया जाएगा जिसके लिए आवेदन किया गया है। वहीं, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 58 के अनुसार, प्राइवेट वेयरहाउसों में, लाइसेंसधारक द्वारा या उसकी ओर से आयातित केवल शुल्क योग्य वस्तुओं को ही जमा किया जा सकता है।

अभिलेखों की समीक्षा के पश्चात निर्धारित प्रक्रियाओं के उल्लंघन से माल के अनियमित संचयन के दो उदाहरणों का पता चला है।

- एसीसी निर्यात आयुक्तालय, नई दिल्ली, मैसर्स एएच लिमिटेड, एक सार्वजनिक वेयरहाउस में, लाइसेंसधारक ने ₹78.63 लाख मूल्य के माल का आयात किया था और माल आयातक के पब्लिक वेयरहाउस में संचयित किया था। यह स्वीकार्य नहीं है क्योंकि एक पब्लिक अनुबद्ध वेयरहाउस वास्तव में तीसरे पक्ष से संबंधित माल के संचयन के लिए है।

  मंत्रालय से काई जवाब प्राप्त नहीं हुआ था (मई 2022)।

- जेएनसीएच आयुक्तालय, मुम्बई में अगस्त और सितंबर 2020 के एमटीआर की लेखापरीक्षा जांच से पता चला है कि मैसर्स. एआई लिमिटेड, एक प्राइवेट अनुबद्ध वेयरहाउस, ने सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 58 के

प्रावधानों के विपरीत अपने अनुबद्ध टैंकों में तीसरे पक्ष के ₹37 करोड़ के 7,691 मीट्रिक टन माल को संचयन की अनुमति दी थी।

मंत्रालय ने अभियुक्ति (मार्च 2022) को स्वीकार कर लिया है और जवाब दिया कि कुछ मामलों में तीसरे पक्ष के माल को भी अस्थायी रूप से लाइसेंस प्राप्त प्राइवेट अनुबद्ध वेयरहाउसों में जमा किया गया था। हालांकि, संचयित माल तरल थोक के माल के समान हैं। सीमा शुल्क को कोई राजस्व हानि नहीं हुई थी, फिर भी प्रक्रियात्मक/तकनीकी उल्लंघन हुआ है। इसके अलावा, लाइसेंसधारक को सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 57 के तहत एक पब्लिक वेयरहाउस लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए कहा गया था और लाइसेंसधारक को पब्लिक वेयरहाउस लाइसेंस जारी किया गया था।

3.6 अन्य अनियमितताओं के उदाहरण

3.6.1 एक्स-बॉन्ड के समय मूल्यांकन योग्य मूल्य में अंतर

सीबीआईसी परिपत्र संख्या 46/2017-सीमा शुल्क दिनांक 24 नवंबर 2017, निर्धारित करता है कि सीमा शुल्क वसूलने के प्रयोजनों के लिए आयातित माल का मूल्य आयात के समय सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 14 के अनुसार निर्धारित किया जाना है, अर्थात् इन-बॉन्ड बीई फाइल करते समय। इस प्रकार, एक्स-बांड चरण में माल के मूल्यांकन योग्य मूल्य को अलग-अलग करने का कोई प्रावधान नहीं है जब तक कि वे ऐसा माल न हों जिन पर टैरिफ मूल्यांकन लागू होता है।

लेखापरीक्षा में जेएनसीएच आयुक्तालय, मुंबई के अंतर्गत मैसर्स एजे प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में 30 उदाहरण देखे गए जहां एक्स-बॉन्ड के समय ₹0.76 लाख से लेकर ₹12.46 लाख तक के संचयित माल के आकलन योग्य मूल्य में भिन्नताएं थीं। हालांकि, एक्स-बॉन्डिंग के समय संचयन वाले माल के मूल्यांकन योग्य मूल्य में इस तरह की विभिन्नता नियमानुसार नहीं थी।

मंत्रालय से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ था (मई 2022)।

3.7 निष्कर्ष

भारत में सीमा शुल्क वेयरहाउसिंग से संबंधित कानून को मई 2016 से काफी उदार बना दिया गया है और वेयरहाउसिंग स्टेशन की अवधारणा को हटा दिया गया है जिसके कारण किसी भी स्थान पर सीबीडब्ल्यू की स्थापना हुई है। वेयरहाउस अब सीमा शुल्क अधिकारियों के प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं हैं और अभिलेख आधारित नियंत्रण में अंतरित हो गए हैं। वेयरहाउस से निकासी किए गए माल का उद्देश्य जैसे-घरेलू खपत/अन्य वेयरहाउस में जमा/निर्यात/बिक्री/नष्ट करना आदि का आकलन नहीं किया जा सकता। इसलिए, क्या लाइसेंसधारक ने शुल्क और ब्याज का सही भुगतान किया हैं, और क्या लाइसेंसधारक ने बांड और बैंक गारंटी की सही राशि जमा की, इसका विभाग द्वारा सही आकलन नहीं किया जा सकता। यदि लाइसेंसधारक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से विस्तृत अभिलेखों का रख-रखाव नहीं किया जाता है, तो मासिक रिटर्न के मिलान तथा निगरानी की प्रक्रिया एक बहुत ही कठिन कार्य होगा।

लेखापरीक्षा में पता चलाकि विभाग पूरी तरह से मैन्युअल था, गैर-स्वचालित मासिक तकनीकी रिपोर्टों और प्रत्येक अनुबद्ध वेयरहाउस द्वारा प्रस्तुत मासिक रिटर्न पर निर्भर था। प्राइवेट वेयरहाउस और आईसीईएस द्वारा बनाए गए आईटी प्रणालियों के बीच आंकडों के संरचित और निर्बाध प्रवाह की अनुपस्थिति थी। इसके अलावा, वेयरहाउसों को फॉर्म ए और बी में आंकडें तैयार करने की आवश्यकता थी जो आईसीईएस के साथ एकीकृत नहीं थे। संचयित माल की निकासी की निगरानी करने और बांड अवधि की समाप्ति या माल के उपयोगी समय की निगरानी करने के लिए आईसीईएस में कोई समेकित रिपोर्ट तैयार नहीं की गई थी।

जबकि आईसीईएस में घरेलु खपत के लिए माल के एक्स-बांड को अंकित किया जाता है, अन्य लेनदेन जैसे कि संचयिक माल का फिर से निर्यात, सेज़ में स्थानांतरण, और एक अनुबद्ध वेयरहाउस से दूसरे अनुबद्ध वेयरहाउस में स्थानांतरित करना पूरी तरह से मैन्युअल थे और आईसीईएस में दर्ज नहीं किये गये थे। सेज़ ऑनलाइन आईटी सिस्टम (एनएसडीएल द्वारा प्रबंधित) को आइसीईएस के साथ एकीकृत नहीं किया गया था।

प्रारंभिक समय-सीमा समाप्त होने के बाद आईसीईएस में बांडों और बैंक गारंटी की समय-सीमा के विस्तार को दर्ज करने के लिए कोई सक्षम प्रावधान नहीं किया गया

था। इसके अलावा, वेयरहाउस से माल की पूरी तरह से निकासी के बाद सिस्टम में वेयरहाउस बांड भी रद्द नहीं किए गए थे।

लेखापरीक्षा में पता चलाकि 59 वेयरहाउस लाइसेंसधारियों ने अपनी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की थी या निर्धारित प्रारूप में इन मासिक विवरणियों को जमा करने में विलंब किया था। 121 लाइसेंसधारियों ने या तो डिजिटल प्रारूप में रिकॉर्ड नहीं रखा था, या निर्धारित फॉर्मों में रिकॉर्ड तैयार नहीं किए थे।

लाइसेंस जारी करने के दौरान, पूर्ववर्ती सत्यापन में विलंब के उदाहरण थे और 31 मामलों में पूर्ववर्ती सत्यापन अभी भी लंबित था। 36 वेयरहाउसों के संबंध में, आवेदन पत्र के भाग IV में ब्यौरे अपूर्ण थे और भाग II में पांच वेयरहाउसों के संबंध में संपत्ति रखने वाले अधिकारों को भी लाइसेंस प्रदान करते समय सत्यापित नहीं किया गया था। 41 वेयरहाउस से संबंधित लाइसेंस जारी करने में 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा से अधिक, 7 दिनों से 440 दिनों तक का विलंब हुआ। लेखापरीक्षा में पाया गया कि तीन वेयरहाउस वैध लाइसेंस के बिना काम कर रहे थे।

यह देखा गया कि आठ वेयरहाउसों के मामले में, माल की अतिरिक्त धारण क्षमता थी, जिसमें माल के अतिरिक्त संचयन पर शुल्क ₹2 लाख से ₹68.89 करोड़ तक था।

लेखापरीक्षा में पता चलाकि 14 वेयरहाउसों में एमओटी (मर्चेंट ओवरटाइम) प्रभारों का कम/अनियमित भुगतान किया गया था। 10 विशेष वेयरहाउसों में, सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों को लागत वसूली प्रभार के आधार के बजाय एमओटी आधार पर गलत तरीके से लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹10.29 करोड़ के सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की अल्प वसूली हुई थी।

129 वेयरहाउसों में, लाइसेंसधारक बोर्ड द्वारा जारी जोखिम बीमा पॉलिसी के बारे में नियमों और निर्देशों का पालन करने में विफल रहे। 129 मामलों में से, 56 मामलों में बीमा कवर एक समय या एक अवधि के लिए ₹ 1,015.71 करोड़ कम था। 73 वेयरहाउस लाइसेंस मामलों मे, ऐसा सांख्यिक नहीं किया जा सका क्योंकि संचयन के लिए प्रस्तावित माल पर शुल्क के अभिलेख (लाइसेंस के अनुसार) उपलब्ध नहीं थें। इससे वेयरहाउस में आग, चोरी आदि जैसी किसी भी आपदा की स्थिति में वेयरहाउस पर सीमा शुल्क के नुकसान का खतरा था। इसके अलावा,

35 वेयरहाउसों में, ₹75.75 करोड़ के शुल्क तत्व वाले 525 अवैध हो चुके बांड/बीई रुके पड़े थे। साथ ही विभाग द्वारा वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक की अवधि के दौरान सीबीडब्ल्यू की नियमित लेखापरीक्षा और निरीक्षण नहीं किया गया।

अध्याय 4
मुक्त व्यापार वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड)

4.1 प्रस्तावना

लेखापरीक्षा ने जांच की कि क्या एफटीडब्ल्यूजेड की स्थापना और संचालन को एफटीडब्ल्यूजेड की नीति के उद्देश्यों के साथ विधिवत रूप से संरेखित किया गया था और साथ ही नियंत्रण प्रणाली, निगरानी और समन्वय तंत्र का आकलन पर्याप्त और प्रभावी था।

निष्पादन लेखापरीक्षा, विकास आयुक्त (डीसी) (सेज़) कार्यालयों के परिसरों में की गई थी, जो परियोजना से संबंधित फाइलों और रिकॉर्ड और उसमें रखी गई निगरानी फाइलों के आधार पर, एफटीडब्ल्यूजेड डेवलपर्स और उसमें इकाइयों की निगरानी के लिए आयोजित की गई थी।

एफटीडब्ल्यूजेड में इकाइयों के कार्ये और प्रदर्शन पर वार्षिक निगरानी ईकाई अनुमोदन समिति (यूएसी) द्वारा की जाती है। एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों/डेवलपर्स के प्रदर्शन की वार्षिक रूप से निगरानी इकाइयों के मामले में वार्षिक प्रदर्शन रिपोर्टों (एपीआर) और डेवलपर्स के मामले में छमाही/त्रैमासिक रिटर्न के माध्यम से की जा रही है, जिन्हें डिजिटल रूप से फाइल किया जाना अपेक्षित है। ऐसी समीक्षा के आधार पर, डीसी सेज़ अधिनियम/नियमों के अनुसार चूककर्ता इकाइयों को अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए सुधारात्मक उपाय कर सकते हैं। किसी भी उल्लंघन के लिए, डीसी को विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 के तहत कार्रवाई शुरू करने का अधिकार दिया गया है, जिसमें कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी करना, जुर्माना लगाना, अनुमति पत्र (एलओपी) को रद्द करना आदि शामिल हैं। ऐसे उल्लंघनों पर लागू सीमा शुल्क की वसूली विभाग द्वारा की जानी है।

सात एफटीडब्ल्यूजेड डेवलपर्स के एक प्रतिनिधि नमूने (चार परिचालन और तीन गैर-परिचालन) का चयन किया गया था । 222 एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों में से सात राज्यों (आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश) में फैली 44 इकाइयों को विस्तृत लेखापरीक्षा के लिए चुना गया था।

4.2 एफटीडब्ल्यूज़ेड के लिए दिशानिर्देश/नीतियां

एफटीडब्ल्यूज़ेड नीति, विदेश व्यापार नीति (एफ़टीपी) 2004-2009 के एक भाग के रूप में सेज़ अधिनियम 2005 और सेज़ नियम 2006 द्वारा शासित है ताकि भारत की सामरिक भौगोलिक स्थिति और लागत तथा कौशल अंतरपणन का लाभ उठाया जा सके। यह देखा गया कि सेज़ अधिनियम 2005 और सेज़ नियम 2006 में एफटीडब्ल्यूज़ेड संबंधित कोई अलग से दिशानिर्देश/नीतियां और विशिष्ट नियम शामिल नहीं हैं।

विभाग ने अवलोकन से सहमति व्यक्त की और उत्तर दिया (सितंबर 2020) कि सेज़ अधिनियम 2005 में एफटीडब्ल्यूज़ेड के संबंध में ऐसे कोई विशिष्ट अध्याय दिशानिर्देश/नियम शामिल नहीं किए गए थे। हालांकि, सेज़ अधिनियम 2005 के संदर्भ में एफटीडब्ल्यूज़ेड की स्थापना के लिए आवश्यक विवरण /दस्तावेज 07 जनवरी 2019 के एक पत्र के माध्यम से जारी किए गए थे। इसके अलावा, डीओसी ने उत्तर दिया (दिसंबर 2020) कि सेज़ अधिनियम 2005 में, एक एफटीडब्ल्यूज़ेड को सेज़ के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें मुख्य रूप से व्यापार, वेअरहाउस और उससे संबंधित अन्य गतिविधियां की जाती हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि हाल ही में सेज़ नियमों के नियम 24 (3) में कमी या किसी अन्य समान योजना की स्वीकार्यता पर एक परंतुक जोड़ा गया था जो एफटीडब्ल्यूज़ेड के प्रदर्शन को बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

डीओसी ने उत्तर दिया (मार्च 2022) कि एफटीडब्ल्यूज़ेड एक योजना नहीं है। सेज़ अधिनियम, 2005 की धारा 2(एन) के तहत परिभाषित एफटीडब्ल्यूज़ेड का अर्थ एक सेज़ है जिसमें मुख्य रूप से व्यापार/वेअरहाउसिंग और अन्य संबंधित गतिविधियां जारी रखी जाती हैं। इस प्रकार, एफटीडब्ल्यूज़ेड सेज़ की एक श्रेणी है। नतीजतन, सेज़ कानून के सभी प्रावधान एफटीडब्ल्यूज़ेड पर यथोचित परिवर्तन करके लागू होते हैं और जहां आवश्यक हो, सेज़ कानून के तहत एफटीडब्ल्यूज़ेड को सुविधाजनक बनाने के लिए विशिष्ट प्रावधान भी प्रदान किए गए हैं। इसलिए, विशिष्ट दिशानिर्देशों/नीतियों/नियमों का एक अलग सेट तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

लेखापरीक्षा का विचार है कि एफटीडब्ल्यूज़ेड की स्थापना के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों/नीतियों/नियमों का एक अलग सेट तैयार करने की आवश्यकता हो

सकती है, जो संभावित डेवलपर्स को अधिक सुसंगत तरीके से नीति को समझने में सक्षम बनाएगा।

माननीया वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण 2022 में इंगित किया कि विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम को एक नये कानून के साथ बदल दिया जाएगा जो राज्यों को उद्धम और सेवा केन्द्र के विकास में साझीदार बनानें के सक्षम बनाएगा। जो सभी बडे मौजूद और नये औद्योगिक अन्तःक्षेत्र को बेहतर उपयोग के उपलब्ध अवसंरचना तथा निर्यात की प्रतियोगितात्मकता बढाने, को शामिल करेगा।

4.3 एफटीडब्ल्यूजेड नीति की समीक्षा/मूल्यांकन

मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या एफटीडब्ल्यूजेड की स्थापना के लिए डेवलपर्स को आकर्षित करने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई नीतिगत परिवर्तन, मूल्यांकन/समीक्षा की गई थी। वाणिज्य विभाग (डीओसी) ने (दिसंबर 2020) में उत्तर दिया कि सेज़ नियम, 2006 के नियम 5 (दिनांक 17.12.2019 की अधिसूचना) में संशोधन किया गया है और अब सभी मौजूदा अधिसूचित सेज़ (एफटीडब्ल्यूजेड सहित) जिनमें 50 हेक्टेयर या उससे अधिक भूमि क्षेत्र है, को बहु-क्षेत्रीय विशेष आर्थिक क्षेत्र माना जाएगा।

इसलिए, यह सिफारिश की जाती है कि विभाग को योजना का मूल्यांकन/समीक्षा करनी चाहिए, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि पर्याप्त निजी पार्टियां इस योजना में रुचि क्यों नहीं दिखा रहे हैं और यदि आवश्यक हो, तो अधिक एफटीडब्ल्यूजेड स्थापित करने के लिए डेवलपर को आकर्षित करने के लिए तदनुसार उचित नीतिगत परिवर्तन किए जा सकते हैं।

4.4 एफटीडब्ल्यूजेड के लिए अनुमोदन प्रदान करने में अनियमितता के उदाहरण

सेज़ अधिनियम, 2005 की धारा 9 के अनुसार, अनुमोदन बोर्ड के कर्तव्यों, शक्तियों और कार्यों में अनुमोदन प्रदान करना या प्रस्तावों को अस्वीकार करना या सेज की स्थापना के लिए ऐसे प्रस्तावों को संशोधित करना और डेवलपर द्वारा सेज में किए जाने वाले प्राधिकृत परिचालनों का अनुमोदन करना भी शामिल होगा।

इसके अलावा सेज़ नियम, 2006 के नियम 5 के उप-नियम 2 (डी) के अनुसार, यदि कोई डेवलपर, सेज के अनुमोदन या अधिसूचना के बाद, अधिक सन्निहित और खाली भूमि का अधिग्रहण करता है जो पहले से अधिसूचित क्षेत्र सहित कुल

क्षेत्र उपलब्ध कराता है, सेज़ के रूप में, सेज़ के किसी अन्य वर्ग के लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र से अधिक, अनुमोदन बोर्ड ऐसे मामलों पर पहले से ही अनुमोदित या अधिसूचित सेज़ को शामिल करके सेज़ के दूसरे वर्ग में रूपांतरण की अनुमति देने के लिए मामले के आधार पर विचार कर सकता है।

डीसी वीसेज़, तेलंगाना में, यह देखा गया कि मेसर्स ए लिमिटेड (डेवलपर) ने मौजूदा सेज़ के भीतर एक एफटीडब्ल्यूजेड की स्थापना के लिए अनुमोदन प्रदान करने के लिए डीसी से संपर्क किया। अनुमोदन बोर्ड (बीओए) को प्रस्ताव अग्रेषित किए बिना सेज अधिनियम, 2005 की धारा 9 और सेज़ नियम, 2006 के नियम 5 का उल्लंघन कर डीसी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया था।

डीओसी ने उत्तर दिया (मार्च 2022) कि डीसी को सुधारात्मक उपायों के लिए उचित कार्रवाई करने की सलाह दी जा रही है।

4.5 सेज़ नियम 2006 के नियम 18(5) में संशोधन न करना

सेज़ अधिनियम 2005 की धारा 55(1) केंद्र सरकार को सेज़ अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए नियम बनाने का अधिकार देती है। ऐसे नियम बनाने की प्रक्रिया सेज़ अधिनियम की धारा 55(3) के तहत निर्धारित की गई है। सेज़ नियम 2006 के नियम 18(5) के अनुसार, एक एफटीडब्ल्यूजेड इकाई केवल एक विदेशी आपूर्तिकर्ता के एवज में माल रख सकती है। सरकार ने घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों की ओर से एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों को माल रखने की अनुमति देने के निर्देश[25] (जुलाई 2010) जारी किए। हालांकि, उपरोक्त निर्देश जारी होने के 10 साल बाद भी, इस प्रावधान को शामिल करने के लिए सेज़ नियम, 2006 में संशोधन नहीं किया गया था।

डीओसी ने कहा (मार्च 2022) कि भारत में सेज़ से संबंधित नीति की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। सेज़ नियमों में आवश्यक परिवर्तनों को शामिल करने के लिए इस मुद्दे पर राजस्व विभाग (डीओआर) के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है।

[25] एफ.सं. डी.12/4/2010- सेज़ (निर्देश संख्या 60) दिनांक 06.07.2010

4.6 गलत टैरिफ मूल्यों को अपनाने के कारण शुल्क के कम आरोपण का उदाहरण

सेज़ अधिनियम 2005 की धारा 30, इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों में निर्दिष्ट शर्तों के अधीन इकाइयों द्वारा घरेलू मंजूरी प्रदान करती है,

(क) सेज़ से डीटीए के लिए निकासी वाले किसी भी सामान पर सीमा शुल्क लगाया जाएगा, जिसमें सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के तहत प्रतिपाटन, प्रतिकारी और सुरक्षा शुल्क शामिल हैं, जहां लागू हो, ऐसे सामानों पर लगाने योग्य है जब आयात किए जाते हो; तथा

(ख) सेज़ से निकासी वाले माल पर लागू शुल्क और टैरिफ मूल्यांकन, यदि कोई हो, की दर इस तरह की निकासी की तारीख पर लागू दर और टैरिफ मूल्यांकन पर होनी चाहिए, और जहां ऐसी सुनिश्चित नहीं है, तारीख शुल्क की भुगतान तिथि होनी चाहिए।

इसके अलावा, सेज़ अधिनियम 2005 की धारा 51 के अनुसार, सेज़ अधिनियम 2005 के प्रावधान अधिभावी प्रभाव डालते हैं। सेज़ अधिनियम 2005 के प्रावधान ही प्रभावी होंगे, भले ही किसी भी अन्य कानून में असंगत कुछ भी शामिल हो या सेज़ अधिनियम 2005 के अलावा किसी अन्य कानून के आधार पर किसी भी दस्तावेज में प्रभावी हो।

मैसर्स. बी लिमिटेड के मामले में, मैसर्स बी1 सेज़ , आंध्र प्रदेश, में एक एफटीडब्ल्यूजेड इकाई है, बिल ऑफ एंट्री (बीई) की परीक्षण जांच के दौरान पाया गया था कि अपने ग्राहकों की ओर से किए गए डीटीए बिक्री के लिए वर्ष 2017-18 से 2019-20 की अवधि के दौरान, विभाग ने सोने और चांदी के लिए सीबीआईसी द्वारा अधिसूचित टैरिफ मूल्यों को लागू करके शुल्कों का सेज़ अधिनियम, 2005 में यथा निर्धारित शुल्कों के भुगतान की तारीख का आकलन किया जो माल निकासी की तारीख के बजाय डीटीए बिक्री के लिए बीई फाइल करने की तारीख तक प्रभावी थे। ऑउट ऑफ चार्ज की तारीख/शुल्क के भुगतान की तारीख के बजाय बीई फाइल करने की तारीख पर प्रचलित गलत टैरिफ मूल्य को अपनाने के परिणामस्वरूप ₹6.03 करोड़ के शुल्क की कम उगाही हुई।

डीओसी ने उत्तर दिया (मार्च 2022) कि मैसर्स बी1 सेज़ सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के नियम 53(2) के अनुसार और सेज़ नियम 2006 के नियम 47 (4) और

48 (2) के अनुसार एक बंदरगाह है, जो सेज़ अधिनियम 2005 की धारा 30 के तहत तैयार किए गए हैं, सेज़/एफटीडब्ल्यूजेड से मंजूरी प्राप्त वस्तुओं के लिए शुल्क की दर और टैरिफ मूल्यांकन सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत होना चाहिए, और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 15 के अनुसार, बिल्स ऑफ एंट्री प्रस्तुत करने की तारीख शुल्क दर और टैरिफ मूल्यांकन के निर्धारण की तारीख है, जिसका पालन किया जा रहा है। इसके अलावा, यह प्रत्यक्ष आयातकों की तुलना में सेज़ आयातकों के लिए एक समान अवसर प्रदान नहीं करेगा जहां बिल ऑफ एंट्री (घरेलू खपत) की प्रस्तुति की तारीख मूल्यांकन की तारीख है।

डीओसी का उत्तर व्यवहार्य नहीं है क्योंकि सेज़ अधिनियम, 2005 की धारा 30 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि शुल्क की दर और टैरिफ मूल्यांकन उन वस्तुओं के निकासी की तारीख पर प्रचलित होनी चाहिए और जहां ऐसी तारीखों का पता नहीं लगाया जा सकता है, वहां शुल्क के भुगतान की तारीखों पर।

इसके अतिरिक्त, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 15(1) में यह निर्धारित किया गया है कि यदि आयातित माल के अंदर प्रवेश की तारीख से पहले कोई बिल्स ऑफ एंट्री प्रस्तुत की जाती है, तो माल के प्रवेश की तारिख को ही, बिल्स ऑफ एंट्री को प्रस्तुत किया गया समझा जाएगा, जैसा भी मामला हो। इसलिए, विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 की धारा 30 में यथा निर्धारित माल को प्रत्यक्ष रूप से निकासी की तारीख को ध्यान में रखा जाएगा।

4.7 वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट (एपीआर) और सेज़ ऑनलाइन आंकडो के अनुसार आंकडों में असंगतता

डीसी कार्यालयों, में कर्नाटक और महाराष्ट्र, यह देखा गया कि आयात व निर्यात और इकाइयों के एपीआर में रिपोर्ट किए गए बिक्री के आंकड़े एनएसडीएल द्वारा रखे गए सेज़ ऑनलाइन डेटा के साथ मेल नहीं खाते हैं, जैसा कि नीचे चर्चा की गई है:

- 44 एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों में से, सात मामलों में, एपीआर निर्यात आंकड़े सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों से कम थे, जबकि आठ मामलों में, एपीआर निर्यात आंकड़े सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों से अधिक थे। यूनिट के एनएफई प्रदर्शन की निगरानी के दौरान विभाग द्वारा आंकड़ों का कोई मिलान नहीं किया गया था **(अनुलग्नक *4.1)***।

- 44 एफटीडब्ल्यूजेड/सेज़ इकाइयों में से, बारह मामलों में एपीआर आयात आंकड़े सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों से कम थे, जबकि चार मामलों में, एपीआर आयात आंकड़े सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों से अधिक थे। इकाई के एनएफई प्रदर्शन की निगरानी के दौरान विभाग द्वारा आंकड़ों का कोई मिलान नहीं किया गया था ***(अनुलग्नक 4.2)***।

- 44 एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों में से, हालांकि पांच मामलों में एपीआर आंकड़ों ने शून्य डीटीए बिक्री का संकेत दिया, सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों ने डीटीए बिक्री को प्रतिबिंबित किया। शेष छः मामलों में, एपीआर के अनुसार डीटीए बिक्री आंकड़ें डीटीए बिक्री के सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों से कम थे। इकाई के एनएफई प्रदर्शन की निगरानी के दौरान विभाग द्वारा आंकड़ों का कोई मिलान नहीं किया गया था ***(अनुलग्नक 4.3)***।

डीओसी ने उत्तर दिया (मार्च 2022) कि सेज़ ऑनलाइन से आयात और निर्यात के संबंध में डेटा में उनके विदेशी और घरेलू ग्राहकों द्वारा किए गए लेनदेन शामिल हैं। एमओसीआई के अनुदेश (जुलाई, 2010) के अनुसार सेवा प्रदाता इकाइयों के ग्राहकों से संबंधित निर्यात और आयात के आंकड़ों पर एनएफई की गणना के लिए विचार नहीं किया जा सकता है। सेवा प्रदाता इकाइयों द्वारा प्रस्तुत किए गए वास्तविक एपीआर आंकड़ों में वेयरहाउस सेवाएं, सीएचए सेवाएं, अन्य समान सुविधाएं आदि प्रदान करके उत्पन्न आय शामिल है। इसलिए, एपीआर आंकड़े सेज़ ऑनलाइन आंकड़ों से मेल नहीं खाएंगे।

लेखापरीक्षा आंकड़ों में असंगतता के संभावित कारणों से अवगत है और उसको नोट कर लिया है। तथापि, एपीआर और सेज़ ऑनलाइन के आंकड़ों को विभाग द्वारा मिलान किए जाने की आवश्यकता है, ताकि इकाइयों द्वारा परिकलित एनएफई की सटीकता के रूप में आश्वासन प्राप्त किया जा सके; तत्काल मामले में इस तरह का एनएफई मिलान सेवा प्रदाता इकाइयों के ग्राहकों के निर्यात और आयात के आंकड़ों को पृथक करने के बाद हो सकता है।

सिफारिश 7: विभाग को महानिदेशक सिस्टम्स द्वारा अनुरक्षित और प्रबंधित सीमा शुल्क पोर्टल आइसगेट/आईसीईएस के साथ सेज़ ऑनलाइन आईटी प्रणाली के एकीकरण की संभावना पर विचार करने की आवश्यकता है।

वाणिज्य विभाग ने कहा (जनवरी 2022) कि वास्तविक समय में डेटा को साझा करने और सेज़ सीमा शुल्क को इनपुट प्रदान करने के लिए ईडीटी आरएमएस के उपयोग के लिए आइसगेट के साथ सेज़ ऑनलाइन सिस्टम का एकीकरण चल रहा है और इस संबंध में महानिदेशक सिस्टम्स, सीबीआईसी से आवश्यक सहायता का अनुरोध किया गया है।

4.8 निवल विदेशी मुद्रा (एनएफई) की गलत परिकलन के उदाहरण

सेज़ नियम, 2006 के नियम 53 में यह निर्धारित किया गया है कि इकाई निम्नलिखित सूत्र के अनुसार उत्पादन शुरू होने से पांच वर्षों की अवधि के लिए संचयी रूप से गणना की जाने वाली सकारात्मक निवल विदेशी मुद्रा प्राप्त करेगी:

सकारात्मक निवल विदेशी मुद्रा = ए - बी > 0

जहां ए फ्री ऑन बोर्ड (एफओबी) मूल्य है और बी सभी आयातित पूंजीगत वस्तुओं के सीआईएफ मूल्य तथा सभी आयातित इनपुट के सीआईएफ मूल्य का योग, और निर्यात कमीशन, रॉयल्टी, शुल्क, लाभांश, पहले पांच साल की अवधि के दौरान बाहरी वाणिज्यिक उधार पर ब्याज या किसी अन्य शुल्क के माध्यम से विदेशी मुद्रा में किए गए सभी भुगतानों का मूल्य है.

नीचे उल्लिखित तीन मामलों (डीसी सीप्ज, महाराष्ट्र में दो मामले और डीसी वीसेज़ तेलंगाना में एक मामला) में यह देखा गया था कि उपरोक्त नियम के अनुसार एनएफई की सही गणना नहीं की गई थी।

तालिका: 4.1

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य	एफटीडब्ल्यूजेड / सेज़	इकाई का नाम	अवधि	एपीआर के अनुसार एनएफई	सही एनएफई	अंतर
1	महाराष्ट्र	मैसर्स सी1 पनवेल	मैसर्स. सी लिमिटेड,	2016-17 से 2019-20	568.28	180.49	387.80
2		मैसर्स सी1 पनवेल	मैसर्स डी लिमिटेड,	2014-15 से 2018-19	33.60	16.19	17.41
3	तेलंगाना	मैसर्स ए लिमिटेड	मैसर्स ई. लिमिटेड,	2015-16 से 2019-20	2.93	-3.04	5.98

डीसी कार्यालय इसका पता लगाने में विफल रहा और इकाई द्वारा दायर एपीआर को स्वीकार कर लिया। विदेशी मुद्रा में अन्य बहिर्वाहों पर विचार न करने और सेज़ ऑनलाइन पर उपलब्ध आयात डेटा से देखे गए कतिपय आयातों को शामिल न किए जाने के कारण गलत परिकलन किया गया था जिसके परिणामस्वरूप एनएफई की गलत गणना हुई थी। एक मामला नीचे दर्शाया गया है:

बॉक्स नंबर 4.1 - एनएफई की गलत गणना

डीसी सीप्ज, महाराष्ट्र में मैसर्स सी लिमिटेड ने वर्ष 2016-17 से 2019-20 के दौरान अपने लेखा खातों में रॉयल्टी भुगतान, बाहरी वाणिज्यिक उधारों पर ब्याज, विदेश यात्रा, तकनीकी शुल्क को डेबिट किया था। यदि इन भुगतानों को एनएफई की गणना के लिए माना जाता, तो संचयी एनएफई नकारात्मक होता।

मैसर्स.सी लिमिटेड, मुम्बई के संबंध में डीओसी ने उत्तर दिया कि टिप्पणी (मार्च 2022) किए गए खर्च जो संबंधित वर्ष के खाते में डेबिट किए जाते हैं, लेकिन एनएफई की गणना के लिए डेबिट नहीं किए जाते हैं, ये उनकी घरेलू इकाई से संबंधित खर्च हैं, न कि उनकी एफटीडब्ल्यूजेड इकाई के लिए। इसलिए, एनएफई की गणना के लिए इन पर विचार नहीं किया जा सकता है। मैसर्स डी लिमिटेड लिमिटेड, मुंबई के संबंध में यह कहा गया था कि भारत में भारतीय इकाई को भुगतान किए गए दस्तावेजीकरण और वेयरहाऊस किराए के कारण विदेशी मुद्रा में व्यय पर विचार करने के बाद भी एनएफई सकारात्मक बना हुआ है। मैसर्स ई लिमिटेड, तेलंगाना के संबंध में, अब लेखापरीक्षा की टिप्पणियों के साथ, एनएफई की गणना ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए एपीआर पर की जा रही है जो चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित हैं।

मैसर्स सी लिमिटेड, मुम्बई के संबंध में, यह स्पष्ट नहीं है कि पी एंड एल खाते में डेबिट किए गए खर्चों जैसे रॉयल्टी, बाहरी वाणिज्यिक उधार पर ब्याज, तकनीकी सेवा शुल्क, विदेशी यात्रा आदि को विशुद्ध रूप से घरेलू इकाई का व्यय कैसे कहा जा सकता है। तथापि, उपर्युक्त लेखापरीक्षा गणना में विभिन्न इकाइयों द्वारा सृजित राजस्व के अनुपात में आनुपातिक रूप से एनएफई का पुनर्आकलन शामिल है। डीसी सीप्ज मुम्बई ने उत्तर दिया (अप्रैल 2022) कि इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए इकाई को दिनांक 25.03.2022 को एक अनुस्मारक जारी किया गया है।

मैसर्स डी लिमिटेड, मुम्बई और मैसर्स ई लिमिटेड, तेलंगाना के मामले में विभाग ने लेखापरीक्षा परिणामों को स्वीकार कर लिया है।

4.9 शुल्क वापसी की अनियमित स्वीकृति के मामले

सेज़ नियम, 2006 के 24(3) के साथ पठित नियम 30(8) के अनुसार, समय-समय पर संशोधित सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्रतिअदायगी शुल्क नियम, 2017 के तहत प्रतिअदायगी या कोई अन्य समान लाभ, माल की आपूर्ति के खिलाफ डीटीए आपूर्तिकर्ता स्वीकार्य होगा जहां आपूर्ति के लिए भुगतान एफटीडब्ल्यूजेड इकाई के विदेशी मुद्रा खाते से किया जाता है।

मैसर्स बी1 सेज़, आंध्र प्रदेश के मामले में, विनिर्दिष्ट अधिकारी (एसओ) ने आयातित वस्तुओं के पुन: निर्यात (सीमा शुल्क प्रतिअदायगी) नियम, 1995 के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 74 के तहत एफटीडब्ल्यूजेड को निर्यात के बिलों पर डीटीए एजेंसियों को, चार मामलों में ₹0.82 करोड़ की राशि के प्रतिअदायगी शुल्क को मंजूरी दी, जैसा कि नीचे दिया गया है:

तालिका : 4.2 **(₹ लाख में)**

एफटीडब्ल्यूजेड इकाई का नाम	डीटीए एजेंसियां	निर्यात बिल सं. और तिथि	स्वीकृत प्रतिअदायगी की राशि
मैसर्स एफ लिमिटेड	मैसर्स जी लिमिटेड	189 दिनांक 29/12/2016	30.76
		190 दिनांक 29/12/16	1.93
		191 दिनांक 29/12/16	2.32
	मैसर्स एच लिमिटेड	98 दिनांक 20/06/17	47.35
		कुल	**82.36**

यह देखा गया कि सेज़ नियम, 2006 के नियम 24(3) के साथ पठित नियम 30(8) का अनुपालन नहीं किया गया था क्योंकि निर्यात के बिल्स, डीटीए एजेंसियों की ओर से एफटीडब्ल्यूजेड इकाई द्वारा फाइल किए गए थे और विदेशी मुद्रा खाते से डीटीए एजेंसियों को कोई भुगतान नहीं किया गया था जिसके परिणामस्वरूप प्रतिअदायगी शुल्क की अनियमित स्वीकृति हुई थी।

डीओसी ने उत्तर (मार्च 2022) कि माल को शुरू में भारत (डीटीए) में आयात किया गया था और बाद में एफटीडब्ल्यूजेड इकाई को निर्यात किया गया था और उससे बाद देश से बाहर निर्यात किया गया था। आयात के समय भुगतान किए गए

शुल्कों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 74 (यानी शुल्क भुगतान की गई वस्तुओं का पुन: निर्यात) के अनुसार भारत से बाहर निर्यात करने और विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के बाद स्वीकृत किया गया है। इस मामले में एफटीडब्ल्यूजेड इकाई एक सेवा इकाई है जो केवल विदेशी मुद्रा में सेवा शुल्क एकत्र करती है और विदेशी निर्यातक और खरीदार-आयातक के बीच लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं है। इसलिए, एफटीडब्ल्यूजेड सेवा इकाई खाते के माध्यम से विदेशी मुद्रा में लेन-देन की राशि प्राप्त करने का प्रश्न नहीं उठता।

डीओसी का जवाब स्वीकार्य नहीं है क्योंकि सेज़ नियम, 2006 के नियम 30(8) और 24(3) के अनुसार डीटीए आपूर्तिकर्ता द्वारा माल की आपूर्ति के सापेक्ष प्रतिअदायगी या कोई अन्य समान लाभ केवल तभी स्वीकार्य है जब ऐसी आपूर्ति के लिए भुगतान एफटीडब्ल्यूजेड इकाई के विदेशी मुद्रा खाते से किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यह उल्लेख करना उचित होगा कि सेज़ अधिनियम, 2005 अथवा सेज़ नियम, 2006 में एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों के ग्राहकों को छूट स्वीकृत करने का कोई प्रावधान नहीं है।

4.10 मुक्त व्यापार वेअरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) का प्रदर्शन

सेज़ अधिनियम, 2005 की धारा 5(1) में यह प्रावधान है कि केंद्र सरकार, किसी भी क्षेत्र को विशेष आर्थिक क्षेत्र या अतिरिक्त क्षेत्र के रूप में शामिल किए जाने वाले विशेष आर्थिक क्षेत्र में अधिसूचित करते समय और इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों का निर्वहन करते समय, निम्नलिखित द्वारा निर्देशित करेगा, अर्थात्:

i) अतिरिक्त आर्थिक गतिविधि का सृजन
ii) वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देना
iii) घरेलू और विदेशी स्रोतों से निवेश को बढ़ावा देना
iv) रोजगार के अवसरों का सृजन
v) अवसंरचना सुविधाओं का विकास

वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के लिए फाइल अपने क्यूपीआर / एचपीआर में डेवलपर्स द्वारा प्रदान किए गए निर्यात / निवेश / रोजगार / एनएफई की तुलना और एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों द्वारा डीसी कार्यालयों को उनके निगरानी तंत्र के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किए गए एपीआर की तुलना नए एलओए या नवीकरण

के लिए आवेदन करते समय उनके द्वारा किए गए अनुमानों के साथ, निम्नलिखित निष्कर्ष निकला:

4.10.1 अनुमानों की तुलना में निर्यात की कमी

वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के दौरान चयनित एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों के एपीआर की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि 44 नमूना जांच की गई एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों में से 29 इकाइयों ने अनुमानित निर्यात लक्ष्य हासिल नहीं किया। उपलब्धि की कमी ₹0.12 करोड़ (एक *प्रतिशत*) से ₹346.15 करोड़ (100 *प्रतिशत*) तक है।

29 इकाइयों में से, 22 इकाइयों में अनुमानित निर्यात लक्ष्य प्राप्त करने में 50 *प्रतिशत* से अधिक की कमी थी ***(अनुलग्नक 4.4)*** ।

4.10.2 अनुमानित निवेश की तुलना में वास्तविक निवेश में कमी

यह परिचालन एफटीडब्ल्यूजेड के सभी चयनित डेवलपर्स के संबंध में देखा गया था कि नीचे दिए गए विवरण अनुसार कुल निवेश, अनुमानित निवेश से कम हो गया:

तालिका : 4.3

क्र. सं.	राज्य	डेवलपर का नाम	निवेश (₹ करोड़ में)			कमी की प्रतिशतता
			अनुमानित	वास्तविक	कमी	
1.	महाराष्ट्र	मैसर्स आई लिमिटेड	1,456	126.73	1,329.27	91.30
2.	उत्तर प्रदेश	मैसर्स जे लिमिटेड	14.45	8.50	5.95	41.18
3.	तमिलनाडु	मैसर्स के लिमिटेड	1,450	604.85	845.15	58.29
4.	अहमदाबाद	मैसर्स एल लिमिटेड	1.20	0.60	0.60	50

एफटीडब्ल्यूजेड में इकाइयों की स्थापना के लिए आवेदनों की लेखापरीक्षा संवीक्षा और उनकी नवीनतम प्रदर्शन रिपोर्टों से पता चला है कि एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों में से 44 परीक्षणों की जांच की गई, 6 मामलों ***(अनुलग्नक 4.5)*** में, वास्तविक निवेश की राशि अनुमानों से कम हो गई। यह कमी ₹0.21 करोड़ (17.14 *प्रतिशत*) से ₹5.41 करोड़ (100 *प्रतिशत*) तक है।

4.10.3 रोजगार का सृजन

एफटीडब्ल्यूजेड डेवलपर्स की छमाही और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट वास्तविक रोजगार को दर्ज नहीं करती है, जिसके कारण डीसी कार्यालय डेवलपर के मामले में

अनुमानित रोजगार के प्रति उत्पन्न वास्तविक रोजगार की निगरानी नहीं कर सकते हैं।

तालिका : 4.4

क्रम स.	राज्य	डेवलपर का नाम	रोजगार	
			अनुमानित	वास्तविक
1.	महाराष्ट्र	मैसर्स आई लिमिटेड	36,000	रोजगार के वास्तविक आंकड़े छमाही/त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट में अंकित नहीं किए गए हैं
2.	उत्तर प्रदेश	मैसर्स जे लिमिटेड	220	
3.	तमिलनाडु	मैसर्स के लिमिटेड	50	
4.	अहमदाबाद	मैसर्स एल लिमिटेड	3,000	

चयनित एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों के मामले में, लेखापरीक्षा से पता चलाहै कि 44 एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों में से, 22 इकाइयां ***(अनुलग्नक 4.6)*** लक्षित रोजगार सृजन को प्राप्त करने में विफल रही हैं। यह कमी नौ कर्मचारियों (10 *प्रतिशत*) से लेकर 120 कर्मचारियों (100 *प्रतिशत*) तक है।

4.10.4 अनुमानों की तुलना में निवल विदेशी मुद्रा आय (एनएफई) में कमी

